सूर्योदय 5:54 सूर्यास्त 6:52

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.8 न्यू | 24.1 अधि |
| धर्मशाला | 18.5 न्यू | 27.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81053.19 |
| निफ्टी | 24811.50 |
| सोना 72,870 | चांदी 87,450 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



नवारो मॉन्टेरी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 23 अगस्त 2024 | 8 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 246, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी जांच रिपोर्ट, गैंगरेप की पुष्टि नहीं

## जांच एजेंसी पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और चार अन्य का करेगी पॉलीग्राफ टेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कोलकाता** में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने वीरवार को जांच रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सील बंद लिफाफे में सौंप दी। सीबीआई को इस मामले में जो सुराग और सबूत मिले हैं, उससे गैंग रेप की पुष्टि नहीं हो रही है। अभी तक हुई सीबीआई जांच में यह बात सामने निकलकर आई है कि यह रेप और हत्या का मामला है, न कि गैंगरेप का।

हालांकि, सीबीआई ने अभी तक और लोगों की संलिप्तता और गैंगरेप के सिद्धांत पर अपनी जांच पूरी नहीं की है। सीबीआई इस पर अंतिम राय लेने के लिए निजी फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ले सकती है। जांच एजेंसी ने इशारा किया है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट और सीसीटीवी के सबूतों के मुताबिक, अब तक सिर्फ आरोपी संजय रॉय की संलिप्तता सामने आई है। इस बीच सियालदाह कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष तथा चार अन्य डॉक्टरों के पॉलीग्राफ टेस्ट को मंजूरी दे दी है।



### केस लेने से पहले बदला जा चुका था क्राइम सीन

**सीबीआई** ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने 13 अगस्त को केस अपने हाथ में लिया था, तब तक सब कुछ बदल चुका था। उस दौरान क्राइम सीन के साथ छेड़छाड़ की जा चुकी थी। सीबीआई को संदीप घोष की ओर से खामियां मिलीं हैं। सीबीआई का कहना है कि इस मामले को संवेदनशीलता से संभालने में अस्पताल अधिकारियों की ओर से भी लापरवाही की गई है।

**एफआईआर में देरी पर हो रही जांचः** सीबीआई का मानना है कि ऐसे मामलों में सभी प्रोटोकॉल जानने के बावजूद अस्पताल के अधिकारी, पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष, अपराध स्थल की पूरी तरह से सुरक्षा करने में विफल रहे। ऐसे में एफआईआर दर्ज करने में देरी भी जांच के दायरे में है।

### दिल्ली में डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

**दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या के मामले में दिल्ली के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने हड़ताल वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद एम्स के डॉक्टर्स अपनी-अपनी ड्यूटी पर लौट गए हैं। पिछले 11 दिन से डॉक्टर हड़ताल पर थे। सुप्रीम कोर्ट ने आश्वासन दिया था कि काम पर लौटने के बाद उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### सीजेआई बोले- मैंने अस्पतालों की हालत देखी, फर्श पर सोया हूं

**सीजेआई** चंद्रचूड़ ने कहा कि डॉक्टरों को काम पर लौट जाना चाहिए। हम जानते हैं कि डॉक्टरों को कई बार लगातार 36 घंटे तक काम करना पड़ता है। खराब परिस्थितियों में भी काम करते हैं। हम सभी के परिवार में लोग हैं। हम लोग भी सरकारी अस्पताल जाते हैं। एक बार मैं भी अस्पताल के फर्श पर सोया, जब एक रिश्तेशर बीमार थे। हमने देखा कि कैसे डॉक्टरों को 36 घंटे तक काम करना पड़ता है। वहीं, जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि मैंने 30 साल में ऐसी घटना नहीं देखी। पुलिस ने सही प्रक्रिया का पालन ही नहीं किया।

**मैंने 30 सालों में ऐसी घटना नहीं देखी**

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाएं पहचान संबंधी सामग्री

**इलेक्ट्रॉनिक्स** एवं सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारत में संचालित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया कि वे आरजी कर मेडिकल कॉलेज घटना में मृतका की पहचान से संबंधित सामग्री को हटाएं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया कंपनियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि ऐसी संवेदनशील सूचनाएं प्रसारित न हों। निर्देश न मानने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन के बारे में cyberlawlegal@meity.gov.in पर सूचित करें।

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस में गठबंधन

## फारूक अब्दुल्ला बोले- हम फिर से सत्ता में आएंगे



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे। राहुल गांधी से वीरवार को मुलाकात के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर इसका ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी 90 सीटों पर दोनों दल एक साथ चुनाव लड़ेंगे।

सीटों को जल्द फाइनल कर लिया जाएगा। हमें उम्मीद है कि हम फिर से सत्ता में आएंगे। हमारे दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने श्रीनगर में कार्यकर्ताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व करना और इसे वापस राज्य का दर्जा दिलाना सबसे जरूरी है। यहां से मेरा खून का रिश्ता है। ऐसे में उम्मीद है कि चुनाव में लोग हमारा साथ जरूर देंगे।

### राहुल बोले- हमने पीएम मोदी का तोड़ दिया है कॉन्फिडेंस

**राहुल** गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव में हमने पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस तोड़ दिया है। अब उनकी छाती 56 इंच की नहीं रही। वे कंधे झुकाकर चलते हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव में गठबंधन तभी होगा, जब कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को इज्जत मिलेगी।

### लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद से भाजपा चिंतित : खड़गे

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद चिंतित है, क्योंकि वे जिन विधेयकों को पारित कराना चाहते थे, उनमें से कुछ को या तो वापस ले लिया गया है या संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है। हम यहां चुनाव और गठबंधन के लिए स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की राय जानने के लिए आए हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में हमने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की पहल की है। हम इस दिशा में काम करने का वादा करते हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### बाइडेन की आवाज की नकल करने पर जुर्माना

**मेरेडिथ (अमेरिका)।** कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग कर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की आवाज की नकल कर न्यू हैंपशायर के मतदाताओं को भ्रामक कॉल करने वाली कंपनी ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर जुर्माना लगाया भरने पर सहमति व्यक्त की है। रोबोकॉल करने वाली कंपनी 'लिंगो टेलीकॉम' ने जुर्माना भरने संबंधी समझौते पर सहमति जताई और संघीय संचार आयोग (एफसीसी) के प्रवर्तन संबंधी मामले का निपटारा हो गया। आयोग ने पहले 20 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना किया था।



### देशभर में आज मनेगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**नई दिल्ली।** देशभर में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस-2024 शुक्रवार को मनाया जाएगा। पिछले वर्ष इस दिन चंद्रयान-3 मिशन के विक्रम लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। इस वर्ष के उत्सव का विषय 'चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना' भारत की अंतरिक्ष गाथा है। यह विषय समाज और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के गहन प्रभाव पर जोर देता है।

### एयर इंडिया के विमान में बम की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** एयर इंडिया के विमान में बम की धमकी वाला संदेश मिलने के बाद वीरवार को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को हाई अलर्ट पर रखा गया। विमान की गहन सुरक्षा जांच के बाद ही आपात स्थिति को हटाया गया। विमान ने मुंबई से उड़ान भरी थी। विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर पर उड़ान में बम है, संदेश लिखा मिला, जिसके बाद पायलट ने एटीसी को इस बारे में सूचित किया।

### बांग्लादेश में बाढ़ के लिए भारत नहीं जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सीमावर्ती जिलों में हाल में आई बाढ़ को लेकर बांग्लादेश ने भारत पर आरोप लगाया था कि त्रिपुरा के डंबूर बांध के खुलने के कारण वहां बाढ़ आई है। इस पर भारत ने बांग्लादेश के आरोपों को गलत बताया है। भारत ने साफ किया कि बाढ़ की यह स्थिति त्रिपुरा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नहीं आई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश के आरोप तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं।

### कुल्लू में एसडीएम के खिलाफ मामला दर्ज

**कुल्लू।** विजिलेंस कुल्लू ने सरकारी सुविधाओं का दुरुपयोग करने के आरोप में एसडीएम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला 2017-18 का है, जब एसडीएम आनी में सेवाएं दे रहे थे।

-विस्तृत खबर पेज-11 पर

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- नाबालिगा से छेड़छाड़ करने वाला अध्यापक सस्पेंड -पेज 3
- अवैध खनन करने पर 6 वाहनों से वसूला 32 हजार का जुर्माना -पेज 4
- जान जोखिम में डाल ब्यास के किनारे से गुजरने को मजबूर -पेज 9
- तीन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी -पेज 12
- लखनऊ के मेंटर के रूप में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं जहीर -पेज 14


# शांति बहाल करने के लिए हरसंभव सहयोग देने को तैयार भारत : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी पोलैंड दौरे पर हैं। यूक्रेन की अपनी यात्रा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का मानना है कि किसी भी संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं निकाला जा सकता है। भारत शांति एवं स्थिरता बहाल करने के लिए हरसंभव सहयोग देने को तैयार है। मोदी ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद यह बात कही। बैठक में दोनों नेताओं ने भारत-पोलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील करने का निर्णय लिया। इससे पहले राजधानी वॉरसॉ में मोदी का सेरिमोनियल वेलकम हुआ। यहां भारत के राष्ट्रगान 'जन गण मन' की धुन के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से मिलने के बाद पीएम मोदी ट्रेन के जरिए यूक्रेन रवाना होंगे।

**भारत-पोलैंड के बीच होगी रणनीतिक साझेदारी स्थापित**



### अलकायदा के 14 आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** झारखंड में एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) ने तीन जिलों लोहरदगा, हजारीबाग, रांची के 14 स्थानों पर छापेमारी की है। जहां से अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट का स्लीपर सेल को पकड़ा गया है। हथियार भी मिले हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश में छापेमारी की। पुलिस के मुताबिक, सरगना रांची में बैठा डॉ. इश्तियाक था, जो देश में आतंकी हमलों की तैयारी में था। आतंकी मॉड्यूल के सदस्यों को हथियारों की ट्रेनिंग दी जा रही थी। राजस्थान के भिवाड़ी से 6, जबकि झारखंड और उत्तर प्रदेश से 8 लोगों को हिरासत में लिया गया।

# राज्यसभा चुनाव : सिंघवी की याचिका पर आज फिर सुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** हाईकोर्ट में वीरवार को राज्यसभा चुनाव को चुनौती देने वाली अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका पर सुनवाई हुई।

इस केस में प्रतिवादी बनाए गए राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट मनेंद्र सिंह ने दिल्ली से वर्चुअली जुड़कर सिंघवी की याचिका को खारिज करने को लेकर अपनी दलीलें अदालत में दी। अब यह केस शुक्रवार को फिर सुना जाएगा और याचिकाकर्ता पक्ष यानी अभिषेक मनु सिंघवी की ओर से कोर्ट में बहस की जाएगी। हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे अभिषेक मनु सिंघवी ने मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद पर्ची सिस्टम से विजय घोषित करने के नियम को चुनौती दे रखी है। वीरवार को इस केस में सुनवाई हुई और महाजन ने इस केस को खत्म करने की मांग की है।



### सीएम सुक्खू ने 25 को बुलाई मंत्रिमंडल बैठक

**शिमला।** सीएम सुखविंद्र सुक्खू ने विधानसभा के मानसून सत्र से पहले 25 अगस्त को मंत्रिमंडल बैठक बुलाई है। इसमें प्राकृतिक आपदा को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा सचिवालय स्तर पर डीए व एरियर सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों के प्रदर्शन को देखते हुए बैठक में चर्चा हो सकती है। बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र में लाए जाने वाले संशोधनों को मंजूरी प्रदान किए जाने की संभावना है।

सत्र के दौरान कई संशोधन विधेयकों को प्रस्तुत किया जा सकता है, जिसमें मंत्रिमंडल की अनुमति प्रदान की जाएगी।

### शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा, सुनवाई टली

**अमृतसर।** शंभू-खनौरी बॉर्डर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में वीरवार को सुनवाई टल गई। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों सरकारों को किसानों के साथ बैठकें जारी रखने के आदेश दिए हैं। वहीं, पंजाब को तीन दिन में अन्य कमेटी सदस्यों के नाम देने को कहा। इस मामले की अगली सुनवाई 2 सितंबर को होगी। कोर्ट ने कहा कि दोनों राज्यों के वकील कोर्ट की ओर से गठित की जाने वाली समिति के लिए मुद्दों का प्रस्तावित विषय प्रस्तुत करेंगे। समिति का संदर्भ एक व्यापक अधिदेश होगा, ताकि जो मुद्दे बार-बार कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा कर रहे हैं, उन्हें निष्पक्ष और उचित तरीके से सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जा सके। इस संबंध में अतिरिक्त समिति सदस्य के नाम सहित 3 दिन के भीतर निर्धारित किया जाना आवश्यक है।

# बेटियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : हाईकोर्ट

**बदलापुर यौन शोषण मामला**

**कोर्ट ने कहा- स्कूल प्रशासन पर हो केस दर्ज**

**एजेंसी, मुंबई**

**बंबई** उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर कस्बे के एक स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना को स्तब्धकारी करार दिया। कोर्ट ने कहा कि बेटियों की रक्षा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। अब 4 साल की बच्चियों को भी नहीं बख्शा जा रहा। यह कैसी स्थिति है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे की खंडपीठ ने कहा कि घटना की जानकारी होने के बावजूद मामला दर्ज न करने के लिए स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के लिए पुलिस की भी आलोचना की। हाईकोर्ट ने ठाणे जिले के एक स्कूल के शौचालय में पुरुष सहायक की ओर से 12 और 13 अगस्त को चार साल की दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले का स्वत: संज्ञान लिया है। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, इस मामले में प्राथमिकी 16 अगस्त को दर्ज की गई और आरोपी को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। पीठ ने कहा कि पुलिस ने मामले की ठीक से जांच नहीं की।

### लद्दाख में बस खाई में गिरी, छह लोगों की मौत, 22 घायल

**लेह।** लद्दाख के लेह जिले में बस 200 फुट खाई में गिर गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 घायल हुए हैं। लेह के उपायुक्त संतोष सुखदेव ने बताया कि बस में एक स्कूल के कर्मचारी थे, जो एक विवाह समारोह में जा रहे थे। इस दौरान दुर्बुक इलाके में बस खाई में गिर गई।

जिला प्रशासन और पुलिस कर्मियों ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। हेलिकॉप्टर की मदद से 22 घायलों को एसएनएम अस्पताल और लेह स्थित सेना अस्पताल ले जाया गया। दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।


Jetking®
CHANDIGARH
SINCE 1993




ADMISSIONS OPEN
- DIPLOMA IN CLOUD COMPUTING & CYBER SECURITY
- DIPLOMA IN CLOUD COMPUTING WITH AI
- MASTER IN CLOUD COMPUTING
- BCA-CLOUD COMPUTING
- MASTER IN BLOCKCHAIN DEVELOPMENT
- ETHICAL HACKING & Many More...

Special OFFER
For Admissions Till 31st August 2024

100% JOB GUARANTEE
Legacy of 31 Years

LEARN TO GROW WITH NEW TECHNOLOGIES

76 YEARS of Brand Legacy | 100+ Successful Centers | LIMCA BOOK OF RECORDS For achieving highest no. of placements in vocational training industry. | Skill India | N.S.D.C

CONTACT- +91-9875909385, 0172-2608956
ADDRESS- SCO 96-97, Ground & 3rd Floor, Sector34-A, CHANDIGARH
T & C Apply*

For Best Placement & Research Oriented University in Himachal Pradesh.
SRI SAI UNIVERSITY
PALAMPUR (HP)
SSU SRI SAI UNIVERSITY PALAMPUR Transforming Dreams into Reality
ADMISSIONS OPEN
Innovative Courses with IBM
IBM Innovation Centre for Education
COURSES UG PG Ph.D
www. srisaiuniversity.org 97365-01261, 94170-50602

## न्यूज ब्रीफ

### 6.18 ग्राम चिट्टा के साथ पकड़ा युवक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पुलिस ने एक व्यक्ति को चिट्टा संग पकड़ा है। इससे पुलिस ने गिफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है एक कार नंबर एचपी 52 सी 0408 (ऑल्टो 800) को आईएसबीटी शिमला से खलीनी की तरफ आते देखा, जिसे रुकने का इशारा किया गया, जिसने पूछने पर अपना नाम और पता शुभम ठाकुर निवासी गांव फयाल पोस्ट ऑफिस धारी तहसील और जिला शिमला एचपी उम्र 28 वर्ष बताया। जब उपरोक्त वाहन की जांच की गई तो उसके कब्जे से 6.18 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। मेल को लेकर पुलिस की जांच जारी है।

### किसान कल्याण संघ रोहडू की बैठक संपन्न

**दशमी रावत, रोहडू।** किसान कल्याण संघ रोहडू की आपात बैठक शिव सिंह तेगटा वरिष्ठ उपाध्यक्ष किसान कल्याण संघ रोहडू की अध्यक्षता में वन विभाग विश्राम गृह रोहडू में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश की मंडियों में दर के हिसाब से बेचे जा रहे सेब की कडे शब्दों में निंदा की गई। वहीं उन्होंनें बताया कि प्रदेश से बाहर पिंजौर सहित सभी मंडियों में गढ़ के हिसाब से सेब बेचा जा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के उपक्रम एचपीएमसी द्वारा सेब के विपणन व सेब एकत्रीकरण के लिए आए नए फरमान का कड़ा विरोध किया है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इस फैसले को तुरंत बदलने का सरकार से आग्रह किया है। अन्यथा प्रदेश के सभी क्षेत्रों के बागवानों को किसी अलग रणनीति के तहत सरकार पर दबाव बनाना पड़ेगा।

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में मनाई जाएगी जन्माष्टमी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल (हिम रश्मि) विकास नगर में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) शिमला की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से शुरू होगा। दिन भर इस्कॉन शिमला की कीर्तन मंडली हरे कृष्ण महामंत्र व अन्य वैष्णव भजनों का कीर्तन करेगी। भगवान लड्डू गोपाल और श्री श्री राधा कृष्ण का पंचामृत से महा अभिषेक होगा। लिटिल कृष्णा की थीम पर स्टेज व पंडाल की सजावट होगी। कार्यक्रम रात 12:00 बजे तक चलेगा।

### वाहन को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** थाना ढली के तहत एक वाहन को टक्कर मारने का मामला सामने आया है। अशोक कुमार निवासी ग्राउंड फ्लोर गोस्वामी अपार्टमेंट, शानन पोस्ट ऑफिस मल्याणा उम्र 49 वर्ष ने बयान दर्ज करवाया है कि वह एसजेवीएनएल शानन में कार्यरत हैं। अपना वाहन एचपी92-3502 सड़क किनारे पार्क किया था। सुबह एक वाहन नंबर एचपी09बी-1056 जो ढली से मल्याणा की तरफ आ रहा था, ने उनके खड़े वाहन को टक्कर मार दी। यह दुर्घटना कार चालक साजिद निवासी मैलन डाकघर कोटगढ़ तहसील कुमारसैन जिला शिमला की तेज व लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### विक्रमादित्य ने किया धामी कॉलेज का निरीक्षण



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी सोलह मील लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने महाविद्यालय के क्षतिग्रस्त भवन का निरीक्षण किया और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द भवन मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर समस्याओं को सुना।

### स्वास्थ्य विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस अभियान के तहत आईटीआई चौड़ा मैदान में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रिंसीपल आईटीआई जोगिन्द्र शर्मा की। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर इस वर्ष क्लिक से प्रगति तक-सतत विकास के लिए युवा डिजिटल मार्ग नामक विषय रखा गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन सीएमओ शिमला तथा विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन आईजीएमसी डॉक्टर अनमोल गुप्ता के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

### एचआईवी और एड्स के बारे में फैलाई जागरूकता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में युवाओं को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूक करने और उन्हें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का हिस्सा बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय रेड रिबन ने किया, जिसमें कॉलेज के सोलह छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बीए द्वितीय वर्ष कि छात्रा कृतिका ने प्रथम और बीएससी तृतीय वर्ष कि छात्रा शिखा शर्मा ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एचआईवी/एड्स, रक्तदान, नशे के दुष्प्रभाव इत्यादि के बारे में जानकारी देना था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय रेड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर ललित शर्मा और प्रो. सीता राम भी उपस्थित रहे।



### महिला मंडल ध्याणा मोरसिंधी ने की साफ-सफाई



**बलवंत कमल, दधोल।** जिला बिलासपुर घुमारवीं उपमंडल ग्राम पंचायत मोरसिंधी की महिला मंडल ध्याणा मोरसिंधी की प्रधान पूजा वशिष्ठ की अगुवाई में महिलाओं ने अपने ही गांव में नव निर्मित श्मशानघाट की सफाई अभियान के तहत उगी हुई घास की साफ-सफाई का कार्य किया। प्रधान ने कहा कि सभी को ऐसे धार्मिक कार्यों में हाथ बंटाने का अनुरोध है। इस बारे में महिला मंडल ध्याणा की प्रधान पूजा वशिष्ठ ने कहा कि अपनी ही संपत्ति है रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने सरकार से अनुरोध कि हमारे महिला मंडल को कुछ वित्तीय सहायता दी जाएं ताकि हम चार कदम और आगे बढ़े। इस मौके पर महिला मंडल प्रधान पूजा वशिष्ठ, उपप्रधान शीला देवी, सचिन अमिता वशिष्ठ, वित्त सचिव नीलम, सदस्यों में मीनाक्षी, कांता देवी, निर्मला देवी, वीना देवी, मंशा देवी, वंती देवी, सरोज, कमलेश कुमारी, वारिंदा, अनमोल शर्मा व रत्न लाल, सन्तोष, दीपा शर्मा, विनय अनिल उपस्थित रहे।

### घुमारवीं कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय घुमारवीं में विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य रामकृष्ण और बीवोक के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सीताराम जी मौजूद रहे। बीवोक मैनेजमेंट द्वारा मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें लोकगीत और सटैंड अप कॉमेडी इत्यादि हर एक कार्यक्रम काबिले तारीफ रहे। इस उपलक्ष्य में प्रोफेसर राजीव चैहान के द्वारा बीवोक के विषय में बताया। मंच का संचालन प्रोफेसर पूजा शर्मा ने किया। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने बीवोक के हर तरह के अनुभवों को साझा किया। इसके साथ-साथ सभी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया। प्राचार्य रामकृष्ण और प्रोफेसर सीताराम जी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पूजा, प्रोफेसर राजीव चैहान, प्रोफेसर राजीव कुमार, प्रोफसर कुनाल, प्रोफेसर गौरव संख्यान, प्रोफेसर अक्षय, प्रोफेसर उजाला, प्रोफेसर नेहा शर्मा, प्रोफेसर इशानी सोनी, शिवानी एवं एलए अंजू मौजूद रहे।

# शिमला में ईडी दफ्तर के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिडनवर्ग की रिपोर्ट में सेबी प्रमुख पर लगे आरोपों से देशभर में बवाल मचा हुआ है। विपक्ष मामले में जेपीसी से जांच की मांग कर रहा है। मामले को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को देशभर में ईडी दफ्तर के सामने विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। इसी कड़ी में शिमला में भी कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अगुआई में नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस ने प्रदर्शन के माध्यम से सेबी प्रमुख को हटाने की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस व नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बार-बार इस विषय में आवाज उठाई है कि देश का सारा व्यवसाय एक व्यक्ति के हाथ में चला गया है। कांग्रेस नेता ने इस मामले को लेकर सदन में आवाज उठाई है और इसकी जांच की मांग की लेकिन प्रधानमंत्री ने सदन में इसके बारे में कुछ नही कहा। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने भी आशंका जताई है कि शेयर मार्किट में गड़बड़ी हुई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा केंद्र को सदन में जेपीसी का गठन कर मामले की जांच करवानी चाइए।



ईडी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि जब से भाजपा सता में आई है दो लोगो ने देश के संसाधनों को बेचा है और दो लोगों ने उनको खरीदा है। राठौर ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर पर इसकी जेपीसी से जांच करवाई जाएं। दरअसल हिडनबर्ग ने व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों के आधार पर दावा किया था कि सेबी प्रमुख बुच और उनके पति की मॉरीशस की ऑफ शोर कंपनी ग्लोबल डायनामिक अपॉर्च्यूनिटी फंड में हिस्सेदारी है। जिसके बाद देश मे यह पूरा बवाल खड़ा हुआ है। बता दें कि हिंडनबर्ग रिसर्च पिछले साल अडाणी ग्रुप पर वित्तीय अनियमितता का आरोप भी लगा चुका है। तब से इसकी हर रिपोर्ट चर्चा में रहती है।

## टहटोली-थरोला सड़क ताक रही बस की राह

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कोटखाई से थरोला बाया टेहटोली बस लगभग पिछले दो वर्षों से नही जा रही है। यह बस कोटखाई बस स्टैंड से दोपहर 12:30 चलती थी और थरोला 1:30 अपने गंतव्य तक पहुंचती थी, परंतु पिछले वर्ष आई आपदा के बाद आज तक यह बस दोबारा शुरू नही की गई। जबकि इस बस का लाभ स्थानीय लोगों को भरपूर पहुंचता था।

इसी प्रकार देवरीघाट बस भी बाया टेहतोली जाती थी। जिसका समय कोटखाई बस स्टैंड से सायं 4:15 रहता था। यह बस भी लगभग पिछले दो वर्षों से नही चल रही हैं इस बस में स्थानीय जनता के साथ साथ स्कूली छात्रों को बहुत लाभ मिलता था।

तीसरी बस शिमला टिक्कर बाया मराथु सुबह शिमला से साथ बजे चलती थी। जिस बस के चलने से विशेषतौर से कर्मचारियों को बहुत लाभ मिलता था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इन बसों के रूट की बहाली कहीं न कहीं राजनीति का शिकार हो रही है। लोगों ने कहा कि बसों की बहाली की जाएं अन्यथा कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## भूस्खलन प्रभावित मार्गों को चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा क्रियाशील : डीसी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बालूगंज के समीप हुए भूस्खलन को लेकर आपातकालीन बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि भूस्खलन प्रभावित मार्गों को चरणबद्ध तरीके से क्रियाशील किया जाएगा ताकि फिर से किसी प्रकार का कोई नुकसान न हो।

उन्होंने कहा कि इस भूस्खलन से बालूगंज से चौड़ा मैदान तथा बालूगंज से क्रॉसिंग तक दो मुख्य सड़कें पूरी तरह से बाधित हो गई है और इन मार्गों पर सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। उन्होंने शहर वासियों से अपील की है कि सड़क बहाल होने तक वैकल्पिक यातायात व्यवस्था में पूरी तरह सहयोग करें। उपायुक्त ने बताया कि यदि इस भूस्खलन को बिना किसी योजना से एकदम से साफ किया जाता है तो और भूस्खलन होने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए इसकी कार्य नीति के लिए विशेष एजेंसियों के अधिकारियों को बुलाया गया है, जो मौके पर जाकर बताएंगे कि किस तरह से इन सड़कों को सही ढंग से पुन: स्थापित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत इन मार्गों पर आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दी गई है और वैकल्पिक मार्गों पर यातायात सुचारु चलाये रखने के पूर्ण इंतजाम किए गए हैं। बैठक के बाद उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला तथा बालूगंज के समीप भूस्खलन वाले क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का आकलन किया और दोनों मार्गों को जल्द से जल्द ठीक कर यातायात को पुन: शुरू करने के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा की।

## राष्ट्रीय स्तर पर संगठन महापर्व प्रारंभ कर रही भाजपा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय स्तर के उपर संगठन महापर्व प्रारंभ कर रही है। 1 सितम्बर 2024 को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्य बनाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हमारे इस राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत करेंगे। हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने 16 लाख सदस्य बनाने का विहंगम लक्ष्य रखा है। इस संदर्भ में आज प्रदेश स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न हुई और इसके बाद 27 अगस्त से पहले जिला कार्यशालाएं व 30 अगस्त से पूर्व मण्डल की कार्यशालाएं सम्पन्न की जाएंगी।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि 2 सितम्बर को शिमला में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जी को सदस्य बनाकर प्रदेश स्तर पर इस अभियान की शुरूआत करेंगे।

## डॉक्टर की हत्या के खिलाफ सीटू राज्य कमेटी का प्रदर्शन



प्रदर्शन करते हुए सीटू राज्य कमेटी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या और बलात्कार के खिलाफ तथा डॉक्टरों व मेडिकल कर्मियों की मांगों के समर्थन में सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश ने आईजीएमसी शिमला परिसर में जबरदस्त मौन प्रदर्शन किया।

राज्य कमेटी ने दोषियों को कड़ी सजा देने तथा डॉक्टरों व मेडिकल कर्मियों की सुरक्षा के लिए ठोस कानून बनाने की मांग की है। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम, बालक राम व रमाकांत मिश्रा ने मांग की है कि कोलकाता की पीड़िता रेजिडेंट डॉक्टर व उनके परिवारजनों को तुरंत न्याय प्रदान किया जाए। कार्यस्थल में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। डॉक्टरों व सभी मेडिकल कर्मियों की कार्यस्थलों में सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मेडिकल कर्मियों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाया जाए। प्रदर्शन में विजेंद्र मेहरा, जगत राम, बालक राम, रमाकांत मिश्रा, वीरेंद्र, नोख राम, सीता राम, निशा, प्रवीण सहित आदि शामिल रहे।

## बालूगंज के लिए बनेगा वैकल्पिक मार्ग : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने एमएलए क्रॉसिंग के पास हुए भूस्खलन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि एमएलए क्रॉसिंग के पास हुए भूस्खलन से बालूगंज वाली सड़क मलबे से दब गई है। अल्पावधि के लिए 15 दिनों के भीतर बालूगंज के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जायेगा ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा हो। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक दृष्टि से इस क्षेत्र का वैज्ञानिक तरीके से ट्रीटमेंट कर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विधानसभा से चौड़ा मैदान बालूगंज सड़क को भी ठीक करने के लिए दीर्घकालिक दृष्टि से समाधान निकाला जाएगा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा अतिरिक्त वैली ब्रिज की खरीद की जाएगी और इस पर 15 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएंगी।



राजकीय महाविद्यालय धामी का निरीक्षण करते विक्रमादित्य व अन्य।

इसके उपरांत लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों के साथ 16 मील स्थित राजकीय महाविद्यालय धामी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धामी महाविद्यालय के भवन के साथ काफी दरारें आई हुई है जिससे महाविद्यालय का एक हिस्सा असुरक्षित हो गया है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का भवन अभी भी सुरक्षित है लेकिन बड़ी-बड़ी दरारों से खतरा बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग वाली सड़क से महाविद्यालय की सड़क तक काफी दरारे आई है। इस क्षेत्र को चरण वार वैज्ञानिक तरीके से ठीक किया जायेगा ताकि महाविद्यालय भवन को सुरक्षित किया जा सके। इसके उपरांत उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना और उनका निराकरण किया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप, पूर्व विधायक सोहन लाल आदि उपस्थित रहे।

# आदेश : सभी डॉक्टर्स सुबह पौने 10 बजे अपनी ओपीडी में रहें उपलब्ध

## एमएस बोले, मरीजों को समय पर मिले इलाज, इसलिए जारी किए आदेश; समय से ओपीडी शुरू होने से देर शाम तक बैठने की जरूरत नहीं

**शुभम राही, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में देर शाम तक चलने वाली ओपीडी को लेकर चिकित्सा अधीक्षक ने कड़े आदेश जारी किए हैं। उन्होंने चिकित्सकों को आदेश जारी किए हैं कि वे ओपीडी में सुबह पौने दस बजे बैठ जाएं, ताकि समय से मरीजों का इलाज शुरू हो जाए।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने बताया कि उनके पास ओपीडी काफी लेट शुरू होने की काफी समय से शिकायतें आ रही हैं। ऐसे में उन्होंने स्वयं इसका सारा निरीक्षण किया और अंतत: यह आदेश जारी किए हैं। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि लंबे समय से बिलासपुर अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ, एमडी व गायनी की ओपीडी



देर शाम तक चली रहती है। इसका मुख्य कारण यहां पर एक-एक चिकित्सक और मरीजों की संख्या अधिक भी मानी जा रही है। ऐसे में चिकित्सा अधीक्षक ने इस समस्या को देखते हुए चिकित्सकों को सुबह जल्दी ओपीडी में बैठने के आदेश कर दिए, जिससे मरीजों को सुबह से ही

> चिकित्सकों को पौने दस बजे ओपीडी में बैठने के आदेश जारी किए गए हैं। सुबह जल्दी वार्ड का राउंड करने के बाद जल्दी ओपीडी में बैठें। इससे देर शाम तक चलने वाली ओपीडी की कम होगी और यहां पर चिकित्सक समय से फ्री भी हो जाएंगे। अस्पताल प्रशासन का यह निर्णय मरीजों की समस्याओं को देखते हुए लिया गया है।
>
> **-एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।**



इलाज मिलना शुरू हो जाएगा और दूरदराज क्षेत्र से आने वाले मरीजों को अधिक समस्या भी पेश नहीं आएंगी। गौरतलब है कि क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में प्रतिदिन इन तीन ओपीडी में शाम तक काफी भीड़ रहती है। प्रतिदिन यहां पर तैनात चिकित्सक 150 से अधिक मरीजों की जांच करते है। वहीं, यही चिकित्सक सुबह वार्ड में जाकर राउंड भी करते है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन को भी इस समस्या का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में चिकित्सा अधीक्षक ने यहां पर तैनात चिकित्सकों को सुबह जल्दी वार्ड का राउंड और उसके बाद पौने दस बजे तक ओपीडी में बैठने के आदेश जारी कर दिए। जिसके बाद अब मरीजों को यहां पर सुविधा मिलना शुरू हो गई है।

आपको बता दें कि अभी तक अस्पताल में लगभग साढ़े दस या 11 बजे तक ही चिकित्सक ओपीडी में पहुंच पा रहे थे। क्योंकि वार्ड में राउंड करने में उनका काफी समय लग रहा था।

ऐसे में अब सुबह जल्दी राउंड करना और बाद में जल्दी ओपीडी में बैठने के इस निर्णय से जिला के मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। क्योंकि बिलासपुर अस्पताल में प्रतिदिन काफी दूरदराज क्षेत्र से मरीज यहां पर पहुंच जाते हैं। ऐसे में सुबह जल्द ही मरीज अपनी पर्ची भी बना लेते हैं, लेकिन चिकित्सकों द्वारा ओपीडी में थोड़ा लेट आने की वजह से मरीजों को काफी समय भी बर्बाद हो रहा था, लेकिन अब इस तरह की सुविधा शुरू करने से मरीजों को अधिक लाभ मिलेगा और यहां पर बेहतर व्यवस्था भी बनेगी। (अनंत ज्ञान)

## बद्धाघाट में 26 को रक्तदान शिविर

**घुमारवीं।** अल्प आयु में ही भगवान के चरणों में लीन हो चुकी बद्धाघाट गांव की बेटी की याद में 26 अगस्त सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। रिम्पी नेकी सेवा समिति बद्धाघाट, युवक मंडल कठलग व महिला मंडल कठलग के तत्वावधान में होने वाला यह रक्तदान शिविर आठवां है। समिति के सदस्यों ने इस शिविर के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। समिति के प्रधान राजेश पटियाल व महासचिव बलवंत पटियाल ने बताया कि दिवंगत रिम्पी की याद में लोगों के सहयोग से हर साल रक्तदान शिविर लगाया जाता है। शिविर में पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी बढ़चढ़ कर भाग लेकर रक्तदान करने में आगे रहती हैं। बद्धाघाट में होने वाले इस शिविर के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में जिला अस्पताल बिलासपुर व एम्स बिलासपुर कोठीपुरा से चिकित्सकों की टीम रक्त एकत्रित करेगी। शिविर में हर साल 150 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित होता है तथा इस साल भी इतना ही यूनिट रक्त एकत्रित होने की उम्मीद है।

## 28 अगस्त को होंगे इलेक्ट्रीशियन व मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के इंटरव्यू

**घुमारवीं।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवम इस्टीट्यूट घुमारवीं द्वारा इलेक्ट्रीशियन के 5 पदों, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के 5 पदों के लिए उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में 28 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन जाएगा। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रीशियन के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आईटीआई और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए ग्रेजुएशन तथा मासिक वेतन 12,000 रुपए से लेकर 15000 तथा इंसेंटिव दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उमीदवार आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 28 अगस्त को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। उम्मीदवार का रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

## आपदा के समय बचाव के उपाए बताए

**घुमारवीं।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जुखाला द्वारा आपदा प्रबंधन के अंतर्गत जिला के शिक्षा खंड घुमारवीं द्वितीय में प्राथमिक एवं माध्यमिक पाठशालाओं के हितधारकों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में जिला परियोजना अधिकारी राकेश मनकोटिया द्वारा किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने आपदा और उससे बचने के बारे में प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के एक अध्यापक और दो स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन समन्वयक राकेश ठाकुर ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन की मूल अवधारणाओं, विभिन्न संकटों, स्कूल सेफ्टी एप, विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना, प्राथमिक चिकित्सा सहायता एवं आपदा पर मॉकड्रिल आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाना है। इस कार्यक्रम को पूरी संजीदगी के साथ चलाया जा रहा है, ताकि समाज के लोगों को संवेदनशील बना कर आपदा में होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

## दो युवकों से 2.76 ग्राम चिट्टा बरामद

**घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले गांव बल्लू खारियला के पास दो युवकों से पुलिस ने चिट्टा बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात को पुलिस टीम गस्त पर थी। इस दौरान रात करीब 12 बजे बल्लू की समीप सड़क किनारे दो युवकों को खड़े देखा, जिनमें से एक युवक दूसरे के पास एक पॉलिथीन की पुड़िया पकड़ा रहा था। पुलिस को देखकर दोनों घबरा गए। शक होने पर पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए रोका और उनके द्वारा फेंकी गई पुड़िया को उठाकर देखा तो उसमें 2.76 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि युवकों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया तथा आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## व्यापारियों को जीएसटी एवं अन्य करों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राज्य कर एवं आबकारी विभाग बिलासपुर ने करदाता संवाद अभियान के तहत वीरवार को सागर व्यू में कर संवाद अभियान के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में बिलासपुर शहर के दो दर्जन से अधिक कारोबारी पहुंचे। यह जानकारी उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी बिलासपुर शिल्पा कपिल ने दी।

उन्होंने कहा कि कार्यशाला में विभाग की ओर से प्रेजेंटेशन के माध्यम से जीएसटी सहित सीजीसीआर टैक्स, एडिशनल गुड्स टैक्स एजीटी वेट के बारे में जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त सभी टैक्सों में वर्तमान में किए गए



बदलाव के बारे में अवगत करवाया गया। उपायुक्त कपिल ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और टैक्स संबंधी कई पहलुओं पर उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने संवाद कर व्यापारियों को विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों द्वारा दिए गए सारे सुझाव पर गौर किया जाएगा और प्रदेश सरकार के माध्यम से कर प्रणाली में सुधार को लेकर आगामी जीएसटी काउंसिल में सभी मामलों को उठाया जाएगा।

## हरनोड़ा कोलडैम से छोड़े जा रहे पानी की वजह से प्रभावित हो रहा मत्स्य व्यापार

### दी गोबिंदसागर ऑस्ट्रिच फिशरमैन सोसायटी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दी गोबिंदसागर ऑस्ट्रिच फिशरमैन इंडस्ट्रियल को-ऑपरेटिव सोसायटी बिलासपुर के बैनर तले मछुआरों ने अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया तथा उपायुक्त को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि हरनोडा कोलडैम की वजह से मत्स्य व्यवसाय से जुडे मछुआरों को भारी नुकसान हो रहा है। कोलडैम द्वारा असमय पर छोड़े जाने वाले पानी की वजह से न केवल उनके द्वारा मछलियों को पकड़ने के लिए लगाए गए जाल फट रहे हैं, बल्कि इससे मछली भी नहीं पकड़ी जा रही



है। इतना ही नहीं पानी के तेज बहाव के कारण उनकी नावें तक बह जाती हैं। पानी के तेज बहाव के कारण मंडी-भराड़ी तक मछली पकड़ना मुश्किल हो गया है तथा जाल फटने से उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। सलापड़ से लेकर मंडी-भराड़ी तक करीब 325 परिवार इस व्यवसाय से जुड़े हैं। मछली न पकड़े जाने के कारण उन्हें अपना तथा अपने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। इस बारे में कई बार एनटीपीसी प्रबंधन व मत्स्य विभाग से कई बार बैठकें की गईं, लेकिन नतीजा शून्य ही रहा। यदि प्रदेश सरकार एवं मत्स्य विभाग के उच्चाधिकारियों ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो अपने हकों के लिए उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

# स्पोर्ट्स हॉस्टल के खिलाड़ियों को भाषा विभाग के ऑडिटोरियम में मिला ठिकाना

**शुभम राही, बिलासपुर**

युवा सेवाएं एवं खेल विभाग बिलासपुर ने खिलाड़ियों के रहने की पर्याप्त व्यवस्था कर दी है। क्षमता से अधिक खिलाड़ियों को रखने की आ रही परेशानी को अब समाप्त किया गया और अब अन्य खिलाड़ियों को भाषा विभाग के नए ऑडिटोरियम में शिफ्ट किया गया, ताकि खिलाड़ियों को रहने की खाने की पर्याप्त सुविधा मिल सके।

बता दें अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने इस विषय को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद विभाग हरकत में आया। ऐसे में विभाग की ओर से उपायुक्त बिलासपुर से इस विषय पर चर्चा की गई और अंततः अब खिलाड़ियों को पर्याप्त सुविधा रहने और खाने की की गई। जानकारी के अनुसार अब भाषा विभाग के ऑडिटोरियम में 40 खिलाड़ी, वॉटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 48 खिलाड़ी व स्टेट हॉस्टल में कुल 72 खिलाड़ियों को रखा गया।

### अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र में खबर छपने के बाद हरकम में आया विभाग

गौरतलब है कि विभाग के पास कम बेड व अन्य सुविधाएं कम होने के चलते खिलाड़ियों को कई प्रकार की दिक्कतें भी पेश आ रही है, क्योंकि इस हॉस्टल में सिर्फ 122 खिलाड़ियों के रहने की ही सुविधाएं हैं। वहीं, यह 122 खिलाड़ी कुछ स्टेट हॉस्टल व कुछ वॉटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में रहते हैं, तब जाकर इतने खिलाड़ी यहां पर रह रहे हैं। लेकिन, अब 2024 में एक बार फिर स्टेट हॉस्टल के हुए टायल के बाद अब अन्य और खिलाड़ियों को बिलासपुर भेज दिया गया है, जिससे यहां पर अब कुल संख्या 160 हो गई है। जिसके चलते खिलाड़ियों को यहां पर रहने की काफी दिक्कतें पेश आ रही थी। विभागीय जानकारी के अनुसार युवा सेवाएं एवं खेल विभाग बिलासपुर के तहत खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर, कबड्डी, एथेलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो व अन्य कई खेलें है। ऐसे में यहां पर दर्जनों खिलाड़ी प्रत्येक-प्रत्येक खेल के यहां पर मौजूद हैं। वहीं, इनमें से तो कई खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना दमखम दिखा चुके हैं। ऐसे में अगर खिलाड़ियों को रहने और खाने की ही बेहतर सुविधा न मिल पाए तो फिर यह खिलाड़ी अपने गेम में किस तरह से बेहतर प्रफोरमेंस दे पाएंगे।



अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से उठाया था कम जगह में रह रहे खिलाड़ियों का मुद्दा।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

विभागीय आंकड़ों की बात करें तो इनके पास खेलो इंडिया सेंटर कबड्डी में 15-15, एथलेटिक्स में 15-15, बॉक्सिंग में 15-15 महिला और पुरुष खिलाड़ी है। साथ ही स्टेट हॉस्टल के कबड्डी में 15-15, एथलेटिक्स सहित हैंडबॉल में 16 लड़के हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में खेल छात्रावास बिलासपुर के पास 70 खिलाड़ियों की कैपेसिटी थी। वहीं 2023 में यही कैपेसिटी 122 खिलाड़ियों तक पहुंच गई। और अब 2024 की बात करें तो यहां पर 160 खिलाड़ियों की संख्या पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)



### एक समय पर यहां चलते हैं तीन सेंटर

**जानकारी** के अनुसार बिलासपुर में एक समय पर खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर, स्टेट स्पोर्ट्स हॉस्टल, स्पोर्ट्स ऑथोरिटी और इंडिया के खिलाड़ी यहां पर अभ्यास करते हैं। बिलासपुर के खेल मैदानों में प्रतिदिन सुबह और शाम यह खिलाड़ी अभ्यास करते हुए नजर आएंगे।

### क्या कहते है अधिकारी



**जिला** खेल अधिकारी रवि शंकर ने कहा कि खिलाड़ियों के रहने की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। कुछ खिलाड़ियों को अब भाषा विभाग के ऑडिटोरियम में शिफ्ट कर दिया गया है। खिलाड़ियों के रहने की जो समस्या थी वह हल हो गई है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने के लिए खेल विभाग प्रयासरत हैं।

### यह है कोच

**जानकारी** के अनुसार खेलो इंडिया के तहत बिलासपुर में 3 कोच उपलब्ध है। साथ ही खेल विभाग की ओर से यहां पर 3 अन्य कोच उपलब्ध हैं। साथ ही खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के एक कोच यहां पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।




# भाजपा का सदस्यता प्रतीक चिन्ह व मिस्ड कॉल नंबर लॉन्च

## 1984 में जब भाजपा केवल 2 सीटें जीत कर आई थी, अब तीसरी बार नरेंद्र मोदी बने पीएमः रेखा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल भाजपा ने सदस्यता अभियान-2024 को गति देने के लिए वीरवार को सुंदरनगर में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में कार्यशाला लगाई।

इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों ने सदस्यता प्रतीक चिन्ह एवं मिस्ड कॉल नंबर लॉन्च किया। कार्यशाला में 350 डेलीगेट्स ने भाग लिया, जिन्हें सदस्यता अभियान से जुड़ी दो प्रस्तुतियों के माध्यम से अभियान की आगामी गतिविधियों से अवगत करवाया।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वप्रथम होने के कारण इस प्रक्रिया को संगठन पर्व कहती है। उमंग और उत्साह के साथ यह पर्व तो एक सितंबर से शुरू होगा जिसकी आज रूपरेखा बन गई है। यह सदस्यता अभियान सर्वस्पर्शी होगा, जिसमें शीर्ष से बूथ स्तर तक सबको पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का मौका दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 1984 में जब भाजपा केवल 2 सीटें जीत कर आई थी तब उपहास किया जाता था। लेकिन संघर्ष और सदस्यता अभियान के कारण आज लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सत्ता में आई है। वहीं, सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि हिमाचल में भाजपा ने 16 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।



भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को सम्मानित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल तथा (दाएं) कार्यशाला के दौरान मौजूद प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी।

### भाजपा का कार्यकर्ता होना हमारा सौभाग्यः जयराम

**पूर्व** सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कार्यशाला के दौरान कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता होना हमारा सौभाग्य है। हम ऐसी पार्टी के नेता है जो देश ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैं। भाजपा के पास नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत नेतृत्व और दुनिया का सबसे मजबूत सदस्य है, उन्होंने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत हर वर्ग पर फोकस करेगी।

### पहली सितंबर से शुरू होगा सदस्यता अभियान का मिस्ड कॉल नंबर

**बिंदल** ने बताया कि भाजपा का सदस्यता अभियान का मिस्ड कॉल नंबर 8800002024 पहली सितंबर से कार्य करना शुरू कर देगा। यह नंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा सदस्यता लेने के बाद शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश भाजपा हर बूथ पर 200 सदस्य बनाएगी। सदस्यता कार्यक्रम को लेकर प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सितंबर को राष्ट्रीय स्तर पर पीएम एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, 2 सितंबर को प्रदेश स्तरीय अभियान शिमला से शुरू होगा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं प्रदेश अध्यक्ष बिंदल द्वारा 3 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों और 4 सितंबर को मंडल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### पैदल पहाड़ पार कर अस्पताल पहुंची गर्भवती महिलाएं

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** आपदा के बाद 22 दिनों से टूटी है मलाणा की सड़क जिला कुल्लू के मलाणा में 2 गर्भवती महिलाएं खतरनाक रास्तों से पैदल पहाड़ पार कर जरी पहुंची। जिसके बाद उन्हें तेगुबेहड़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दोनों महिलाओं की कुछ समय बाद डिलीवरी होनी है, लेकिन सड़क सुविधा न होने के चलते उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के मलाणा में बादल फटने से यहां की सड़कें बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं, जिसके चलते मलाणा पंचायत का संपर्क भी कट गया है। ऐसे में लोगों को यहां से आवाजाही करने के लिए खड़े पहाड़ चढ़ने पड़ते हैं। बुधवार को मलाणा गांव की दो गर्भवती महिलाएं लता और रवीना पैदल पहाड़ पार करके जरी पहुंची। गर्भावस्था में दोनों महिलाओं ने करीब 8 किलोमीटर का पैदल सफर तय किया। जिसके बाद आगे उन्हें गाड़ी से ले जाकर तेगुबेहड़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



### सीएम सुक्खू जनता पर डाल रहे अतिरिक्त बोझ

**अनिल शर्मा, मंडी।** नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अनावश्यक खर्चों को लेकर जवाब मांगा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको जवाब देना ही होगा कि लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाल कर आप सीपीएस और मंत्रियों की फौज खड़ी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीपीएस की फौज खड़ी कर उनके लिए विभागों से चार-चार गाड़ियां अतिरिक्त लगा रखी हैं। उनके लिए अतिरिक्त स्टाफ लगाकर करोड़ों खर्चे जा रहे हैं। अपने खर्चे कम करने के बजाय लोगों पर अनावश्यक बोझ डाला जा रहा है। इसका जवाब आपको देना ही पड़ेगा। हमारे खिलाफ बयानबाजी के लिए मंत्रियों की फौज खड़ी करने से आपके कारनामे छुपने वाले नहीं हैं। हमें जनता ने अगर विपक्ष में बैठाया है तो हम जनता की अनदेखी की आवाज हरहाल में उठाते रहेंगे। डिपुओं में राशन के दाम बढ़ा दिए, बिजली पानी के चार्ज बढ़ा दिए, विद्यार्थियों के लिए टैट आदि की फीस में वृद्धि कर दी। आखिर मुख्यमंत्री सुक्खू चाहते क्या हैं कि जनता महंगाई के बोझ तले दबी रहे। राहत की बात कर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार आज लोगों का खून चूसने के लिए आतुर है। जयराम ठाकुर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जनता पर बोझ डालना बंद नहीं किया तो हम सोशल मीडिया पर जन जागरण अभियान चलाएंगे, ताकि आपकी फिजूलखर्ची का जनता को पता चल सके। यदि उसके बाद भी नहीं माने तो हम सड़कों पर उतरने के लिए भी परहेज नहीं करेंगे। (अनंत ज्ञान)



# शिमला में सेब से लदा ट्रक पलटा

## पांच गाड़ियां और 2 स्कूटी आईं चपेट में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ठियोग गजेड़ी में एक सेब से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में सड़क किनारे खड़ी पांच गाड़ियां और 2 स्कूटी चपेट में आ गई। हालांकि, इस हादसे में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। हादसे में ट्रक की चपेट में आई कार सड़क से करीब 50 फुट नीचे गिर गई है। जिसमें सोए एक व्यक्ति को हल्की चोट पहुंची हैं, जबकि ट्रक चालक पूरी तरह से सुरक्षित या जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह हादसा रात करीब पौने तीन बजे हुआ है। जब सेब से लदा एक ट्रक सेंज होकर वाया राजगढ़ जा रहा था, लेकिन ठियोग के गजेड़ी गांव के पास ट्रक चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते यह हादसा हो गया।



### ननखड़ी में 26 से हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध

**शिमला।** जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए बताया कि ननखड़ी में लोगों को 26 से 31 अगस्त तक शस्त्र अधिनियम, 1959 के तहत किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद लेकर चलने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि यह आदेश पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, सुरक्षा बल, सरकारी या अर्द्ध-सरकारी तथा बैंकों के सुरक्षा कर्मियों सहित ड्यूटी पर अधिकृत सुरक्षा कर्मी पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि तहसील ननखड़ी के लाइसेंस धारकों के लाइसेंस आग्नेयास्त्र 26 अगस्त को या उससे पूर्व पुलिस स्टेशन ननखड़ी में जमा किए जाएंगे और 31 अगस्त तक जमा रहेंगे।

# रीडर के पद पर तैनात कांस्टेबल रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में पुलिस अधीक्षक के ऑफिस में रीडर के पद पर तैनात रहे एक कांस्टेबल को रिश्वत के आरोप में विजिलेंस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि रीडर ने एट्रोसिटी से जुड़े एक मामले को रफा-दफा करने के लिए शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की थी। तभी शिकायतकर्ता ने इसकी विजिलेंस को इसकी सूचना दी।

इस शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद विजिलेंस द्वारा आरोपित को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। तभी विजिलेंस ब्यूरो के एक विशेष दस्ते ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान संदीप कुमार के तौर पर हुई है। वह एसपी दफ्तर में डीएसपी का रीडर तैनात था। विजिलेंस की कार्रवाई के बाद आरोपी को एसपी दफ्तर से हटाकर पुलिस लाइन कैंथू तैनात कर दिया गया था। मामले के अनुसार आरोपी ने पुलिस थाना न्यू शिमला में अनुसूचित जाति व जनजाति अधिनियम के तहत दर्ज एक प्रकरण के निराकरण के लिए करीब 60 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। रीडर पर यह भी आरोप है कि उसने पीड़ित से 10 हजार रुपए ले भी लिए थे। आरोपी के खिलाफ जांच जारी है।



# 1.100 किग्रा चरस सहित दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में चरस का कारोबार थम नहीं रहा है। पुलिस ने एक महिला और एक व्यक्ति से चरस बरामद की है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस की स्पेशल सेल की टीम जब संजौली चौक शिमला पर पहुंची तो एक सूत्र ने आईजीएमसी शिमला से एक महिला और एक व्यक्ति द्वारा अवैध नशीली दवाओं की तस्करी के बारे में सूचना दी, जिस पर कैंसर अस्पताल आईजीएमसी शिमला के पास पहुंचे, तो एक महिला और एक व्यक्ति सड़क के बाईं ओर खड़े थे, जो सूचना के अनुसार सही पाया गया, जब दोनों व्यक्तियों से उनके नाम और पते के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने अपना नाम और पता इंद्रा देवी पत्नी थुमा राम निवासी गांव जाच जिला मंडी और अनीश पुत्र दीन मोहम्मद निवासी 248 सबलू गढ़ी रोड, गाजियाबाद (यूपी) बताया। जब इनके बैग की जांच की गई, तो उनके कब्जे से 1.100 किलोग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस की मामले को लेकर जांच जारी है।

# नाबालिगा से छेड़छाड़ करने वाला अध्यापक सस्पेंड

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश के सबसे शिक्षित जिला हमीरपुर के एक सरकारी स्कूल में छात्रा से कथित छेड़छाड़ मामले में आरोपी शिक्षक को शिक्षा विभाग ने सस्पेंड कर दिया है। शिक्षा उच्च निदेशालय शिमला से इस बाबत आदेश जारी हुए हैं तथा आरोपी शिक्षक का मुख्यालय उपनिदेशक कार्यालय उच्च शिक्षा चंबा निर्धारित किया है। उच्च शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर अनिल कौशल ने इसकी पुष्टि की है।




बता दें कि 16 अगस्त को जिला के नाल्टी गालोड़ क्षेत्र के एक सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यह मामला सामने आया था, जिस पर छात्रा ने अपने साथ हुई कथित आपबीती अपने परिजनों को बताई। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक की पिटाई कर दी। इसके बाद महिला पुलिस थाना में धारा 354 के मामला दर्ज हुआ था। उपनिदेशक उच्च शिक्षा हमीरपुर ने भी इस मामले में जांच कर अगली कार्रवाई के लिए रिपोर्ट शिमला निदेशालय भेज दी थी। हालांकि, आरोपी अध्यापक ने भी पुलिस थाना हमीरपुर में लड़की के रिश्तेदारों द्वारा मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई है। (अनंत ज्ञान)

# महिला पत्रकार पर हुए हमले का कड़ा संज्ञान ले लाहौल-स्पीति पुलिस प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले की अनंत ज्ञान की ब्यूरो चीफ कमलेश वर्मा पर लाहौल के त्रिलोकीनाथ में एक धार्मिक समारोह के दौरान देवता के कथित गूर द्वारा किए गए हमले की हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जनर्लिस्ट ने कड़ी निंदा की है।

यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष बीरबल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर सिंह ठाकुर, महासचिव सुरेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय सचिव अदीप सोनी, केंद्रीय समिति सदस्य योगराज भाटिया, सलाहकार बलविंद्र सिंह सोढ़ी, राकेश कथूरिया, अनिल शर्मा व अन्य ने इस घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि कमलेश वर्मा पर किया गया हमला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को डराने-धमकाने की नीति है जो कतई सहनीय नहीं होगी। यदि किसी कार्यक्रम को कवर करने की किसी संस्था को आपत्ति थी तो इस बारे में पहले सूचित करना चाहिए था।

### हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जनर्लिस्ट ने उठाई मांग

अनंत ज्ञान फॉलोअप

मीडिया कर्मी पर ही ऐसा हमला क्यों किया गया, जबकि इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उस कार्यक्रम को अपने मोबाइल में शूट कर रहे थे। यूनियन ने लाहौल-स्पीति के एसपी, डीसी के अलावा उदयपुर प्रशासन से मांग की है कि कमलेश पर हमला करने वाले शख्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि इस मामले में कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया तो यूनियन इसके विरोध में जिला मुख्यालय केलांग में धरना-प्रदर्शन करेगी व इस मामले को प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, डीजीपी पुलिस व महिला आयोग के साथ भी उठाएगी। यूनियन ने मेडिकल व उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग की लचरपूर्ण रवैये की भी कड़ी निंदा है। यूनियन ने पत्रकार को भरोसा दिलाया है कि वह हर स्तर पर उनके साथ है और जो भी कार्रवाई किसी भी स्तर पर करने की जरूरत होगी, की जाएगी।

**आयोजन** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को अपनी कर्म भूमि बनाकर अपने सपनों को किया साकार

# हिमाचली वरिष्ठ नागरिकों का दिल्ली में सम्मान

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल मित्र मंडल दिल्ली ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में बसे वरिष्ठ हिमाचली नागरिकों के सम्मान में नंगली नजफगढ़ नई दिल्ली में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों को समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभव साझा किए कि किस तरह उन्होंने हिमाचल प्रदेश से दिल्ली में आकर संघर्ष किया और मेहनत, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के बल पर सफलता हासिल की।

इन नागरिकों ने जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करने के लिए अपनी जन्मभूमि को अलविदा करके राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को अपनी कर्म भूमि बनाकर अपने सपनों को साकार किया और दिल्ली के साथ-साथ हिमाचल के सामाजिक, आर्थिक क्षेत्रों में अमूलय योगदान दिया और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हिमाचल प्रदेश की वशिष्ट पहचान बनाई, जिसकी वजह से आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हिमाचलियों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और हिमाचल को एक ब्रांड के रूप में मान्यता मिली। अपने अनुभव साझा करते हुए ज्यादातर बजुर्गों ने नई पीढ़ी को हिमाचली सांस्कृति और खानपान के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि आज के युवा इंटरनेट की दुनिया में पूरी तरह डूब चुके हैं, जो कि चिंता का विषय है।


नई दिल्ली में सम्मानित हिमाचल के वरिष्ठ नागरिक सामूहिक चित्र में।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यातिथि प्रकाश चंद शर्मा सीएमडी हिम लोगिस्टिक नई दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश के हिल स्टेशनों पर ओल्ड एज होम खोलने की वकालत की ताकि वरिष्ठ नागरिक जीवन की सांझ में सकून और शांति के साथ जी सकें। उन्होंने हिमाचल सरकार को बजुर्गों की देखभाल के लिए एक सरकारी एजेंसी गठित करने की मांग की जो कि बजुर्गों को स्वास्थ्य सहित सभी सुख सुविधाएं उपलब्ध करवा सके।

हिमाचल मित्र मंडल दिल्ली के सलाहकार किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि यह उनका पहला प्रयास था जो कि सफल रहा है। उनका संगठन हिमाचली बजुर्गों से नजदीकी समवन्य स्थापित रखेगा और उनकी रुचि के अनुरूप खानपान और गीत-संगीत आदि का आयोजन करेगा। इस अवसर पर बुजुर्गों ने पहाड़ी गानों को गया, जिनकी धुन पर सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने डांस किया। हिमाचली धाम का आयोजन भी किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण महिलाओं को बताईं सरकारी योजनाएं



**अनंत ज्ञान, गगल।** रिहलू पंचायत में एकल नारी शक्ति संगठन की ब्लॉक स्तरीय बैठक की गई। जानकारी देते हुए संगठन की प्रवक्ता सिमलो देवी ने बताया कि रिहलु पंचायत में एकल नारी संगठन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गांव की 30 महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में एकल नारी की राष्ट्रीय सदस्य राधा रघवाल ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में ग्रामीण महिलाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया और जो सरकार द्वारा निकाली गई नई-नई स्कीमों का लाभ उठाने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान सीमा देवी व एकल नारी संगठन की ओर से करजू देवी उपस्थित थीं।

### भारत विकास परिषद भवारना ने रोपे फलदार पौधे




**अनंत ज्ञान, डरोह।** भारत विकास परिषद भवारना शाखा द्वारा गत दिवस सेवा और संस्कार के अंतर्गत बृक्षारोपण किया गया, जिसमें फलदार आम, नींबू, मौसमी, माल्टा, अमरूद और आंबला के लगभग 35 पौधे अलग अलग संथानों में लगाए गए। इस मौके पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय सेवा प्रमुख प्रदीप सूद, शाखा प्रधान समीर अमिताभ, सचिव डॉक्टर रिपन सूद, कोषाध्यक्ष सतिंदर सूद, सम्पर्क प्रमुख सुदेश भागड़ा, स्वच्छता अभियान के प्रमुख सोनी गुप्ता आदि शामिल रहे।

### करियाड़ा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव शुरू



**अनंत ज्ञान, गरली।** ऐतिहासिक नाग मंदिर करियाड़ा में 22 अगस्त से पांच दिवसीय महामृंत्ज्य हवन यज्ञ के साथ कृष्णाजन्मष्टमी महोत्सव शुरू हो गया। 26 अगस्त तक चलने वाले श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव मेले का शुभारंभ नाग मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया द्वारा पाईसा के ज्योतिषचार्य भवानी शंकर के नेतृत्व में विद्वानों द्वारा विधिवत ढंग से किया गया। इस उद्घाटन समारोह में लुधियाना, अंबाला, जम्मू, होशियारपुर, ऊना, देहरा व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। पूर्ण आहूति जन्माष्टमी वाले दिन 26 अगस्त दोपहर 12 बजे डाली जाएगी।

# आज भी सड़क सुविधा से महरूम हैं भगनाल गांव के बाशिंदे

## एक तरफ छोंछ खड्ड तो दूसरी तरफ पूरी तरह से टूट चुका रास्ता, जान जोखिम में डालकर खड्ड पार करते हैं लोग

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**





विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत बलीर पंचायत की वार्ड नंबर 2 के गांव भगनाल के बाशिंदे आज भी सड़क मार्ग की सुविधा न होने के चलते कठिनाइयों से भरी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। इस गांव के एक तरफ यहां छोंछ खड्ड पड़ती है तो दूसरी तरफ जो मार्ग सरकार द्वारा बनाया गया है, वह भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने की वजह से लोगों का आना-जाना बहुत ही कठिन हो गया है।

गांववालों का कहना है कि पूर्व विधायक रीता धीमान द्वारा उनके गांव तक जाने वाली एकमात्र सड़क के निर्माण का टेंडर भी आवंटित कर दिया गया था, परंतु 3 साल बीत जाने पर भी ठेकेदार ने इस सड़क का कार्य शुरू नहीं किया। इस मौके पर पूर्व उपप्रधान राकेश सिंह, वार्ड मेंबर राजकुमारी, बलदेव सिंह अंजू बाला, विक्रम, कृष्ण चंद, मीनू आदि कई लोगों ने कहा कि एक तरफ गांव के एक तरफ छोंछ खड्ड है, जिसमें लगातार पानी चलता रहता है तथा दूसरी तरफ एकमात्र मार्ग है, जो कि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उनके बच्चे स्कूल भी नहीं जा पा रहे। गांव में यदि कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है तो उसे भी चारपाई पर जान जोखिम में डालकर खड्ड के पार दूर तक ले जाया जाता है।

दूसरी तरफ बलीरी पंचायत के लोगों का श्मशानघाट भी इसी मार्ग से होकर गुजरता है, जिसके चलते लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांववासियों ने कहा कि उन्हें इसका मौजूदा विधायक मलेंद राजन को भी कई बार इसके बारे में सूचित किया गया है, परंतु अभी तक इस पर कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी

**इस** संबंध में लोक निर्माण विभाग के जेई स्वच्छ शर्मा बताया किइस सड़क निर्माण के लिए अर्जुन ठेकेदार को इस सड़क निर्माण का टेंडर आवंटित हुआ था परंतु 3 साल बीत जाने पर भी उक्त ठेकेदार द्वारा यह कार्य शुरू नहीं किया गया, जिसके चलते अब यह कार्य किसी और ठेकेदार को आवंटित कर दिया गया है। बरसात बंद होने के बाद जल्दी ही सड़क का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

## जंडपुर में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सीपीएस किशोरी लाल बोले

# घर-द्वार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने को प्रदेश सरकार कृतसंकल्प

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



ग्राम पंचायत जंडपुर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के एकीकृत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान और हंस फाउंडेशन द्वारा संयुक्त निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने किया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा करीब 150 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया। इसके अतिरिक्त शिविर में रक्तपात, हिमोग्लोविन, टीवी, एचआईबी, हैपेटाइटिस बी, हैपेटाइटिस सी, यौन संचारित रोग, शुगर इत्यादि की मुफ्त जांच की गई।

किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश के लोगों को सुगम एवं गुणात्मक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

प्रदेश के दुर्गम, दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को घर-द्वार तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मल्टी स्पेशलिटी कैंपों के माध्यम से भी लोगों को एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध करवा कर सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### बैजनाथ अस्पताल में शीघ्र भरे जाएंगे खाली पद

**किशोरी** लाल ने कहा कि बैजनाथ हलके में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ अस्पताल में डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ के खाली पदों को भरने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि आम जनमानस को इसका लाभ मिल सके।

### जंडपुर के विकास में नहीं रहेगी कोई कमी

**सीपीएस** ने कहा कि जंडपुर पंचायत के लिए विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंडपुर के दो कमरों के निर्माण के लिए 4 लाख, स्कूल स्टेज के लिए 1 लाख, पंचायत घर से पाधा बस्ती के लिए 2 लाख और पुली के लिए 4 लाख रुपए दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त सामुदायिक सेवा केंद्र के लिए 5 लाख रुपए और श्मशानघाट के लिए 2 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्दी ही इन कार्यों को पूर्ण करवाया जाएगा। इस अवसर पर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, बीएमओ डॉ. दिलावर दयोल, प्रधान रीता देवी व मेडिकल स्टाफ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# अवैध खनन करने पर 6 वाहनों से वसूला 32 हजार का जुर्माना



अवैध खनन करते पकड़े गए ट्रैक्टर चालकों के चालान काटते हुए माइनिंग इंस्पेक्टर अजय शर्मा

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत अवैध खनन रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। चाहे खड्ड हो, चाहे पहाड़ हो यहां कहीं भी किसी का दांव लगता है, वह वहां अवैध खनन करने में जुट जाता है। मोटे मुनाफे के चलते यह कार्य खनन माफिया द्वारा किया जा रहा है।

आलम यह है कि विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत काफी लोगों ने अपनी निजी जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टर खरीद कर पहाड़ों का तथा नदी नालों का सीना छलनी कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं, परंतु विभाग चाहे वह पुलिस विभाग हो चाहे माइनिंग विभाग हो चाहे अन्य प्रशासन हो छोटे-मोटे चालान काट के अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। कई बार शिकायत करने पर भी अधिकारी मौके पर आते हैं छोटे-छोटे चालान करके वहां से चले जाते हैं तथा उनके जाने के बाद तुरंत यह यह खनन माफिया के लोग फिर से पहाड़ों नालों के बीच में अवैध खनन करके इसमें से अवैध खनन सामग्री क्रशर वालों को बेचकर मोटा मुनाफा कमाने में जुटे हुए हैं, जिसके चलते सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है।

बुधवार को गांव लोधवां में शिकायत मिलने पर माइनिंग इंस्पेक्टर अजय शर्मा लोधवां खड्ड पहुंचे, वहां पर ट्रैक्टर चालक लगातार अवैध खनन करते हुए पाए गए। उनके द्वारा पांच ट्रैक्टर चालकों से 25000 रुपए तथा एक टिप्पर से 7000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। उधर, माइनिंग ऑफिसर सुरेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।




# बादाम तेल से लाएं त्वचा में निखार



बादाम को नट्स का राजा कहा जाता है। वे प्राकृतिक पोषक तत्वों से भरे होते हैं, जो आपके शरीर और त्वचा पर चमत्कार कर सकते हैं। शुद्ध बादाम का तेल मीठे बादामों को कोल्ड प्रेस करके निकाला जाता है, इसलिए यह बादाम खाने की तुलना में कहीं ज्यादा फायदेमंद होता है। बादाम का तेल कम अम्लीय, हल्का और सौम्य होता है। इसका इस्तेमाल हर तरह की त्वचा वाले लोग कर सकते हैं। बादाम का तेल लगाने से आंखों के नीचे काले घेरे कम होते हैं, त्वचा की सूजन में कमी आती है, चेहरे का टोन सुधरता है, ड्राई स्किन मॉइस्चराइज होती है और दाग-धब्बे कम होते हैं। इसके लिए रोज रात में सोते समय शहद और बादाम का तेल मिक्स करके चेहरे पर लगाएं। आप चाहें तो बादाम का तेल और गुलाबजल भी मिक्स कर के लगा सकती हैं। इस मिश्रण से कुछ देर मसाज करें और फिर रातभर के लिए लगा छोड़ दें। बादाम के तेल में विटामिन-ए होता है, जिसकी बजह से इसके उपयोग से नई त्वचा कोशिकाओं के उत्पादन को बल मिलता है। बादाम में विद्यमान विटामिन ई की बजह से इसमें एंटी ऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो कोशिका क्षति को रोकने में मदद कर सकते हैं। यह त्वचा को सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान को कम करने में मदद करते हैं, जिससे समय से पहले बुढ़ापे को रोकने में कारगर माने जाते हैं।

### बादाम तेल के बहुमुखी उपयोग

**क्लींजर के रूप में:** बादाम का तेल को एक बेहतर क्लींजर के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप बादाम तेल में गुलाब, लैवेंडर, जेरेनियम या नींबू के तेल जैसे एसेंशियल ऑयल को मिलाकर क्लींजर के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे त्वचा गहराई तक सोख लेगी, जिससे त्वचा की रंगत में निखार आएगा और त्वचा कोमल और मुलायम बनेगी।

**मॉइस्चराइजर के रूप में:** विटामिन ई से भरपूर बादाम का तेल एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता हैं, जो स्किन पर बढ़ती उम्र के असर को कम करता हैं। मॉइस्चराइजिंग के लिए आप सीधे इसे चेहरे पर लगा कर मसाज करें। आप बादाम के तेल को मॉइस्चराइजिंग तेल के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं। अपनी अंगुलियों से अपने चेहरे पर बादाम के तेल की कुछ बुंदे लगाकर धीरे से थपथपाएं और इसे अपनी त्वचा में अब्जॉर्व होने दें। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा कोमल, मुलायम और आकर्षक दिखने लगती है।

### त्वचा की देखभाल

**बादाम** के तेल का इस्तेमाल आमतौर पर त्वचा की देखभाल के उत्पादों में इसके पोषण और नमी प्रदान करने वाले गुणों के कारण किया जाता है। इसे प्राकृतिक नमी प्रदान करने वाले उत्पाद के रूप में सीधे त्वचा पर लगाया जा सकता है, जो त्वचा को मुलायम और नमीयुक्त बनाने में मदद करता है।

### त्वचा की रंगत में सुधार

**बादाम** के तेल का नियमित उपयोग त्वचा की रंगत में सुधार करने और काले धब्बों और दाग.धब्बों को कम करने में मदद कर सकता है। इसके मॉइस्चराइजिंग गुण त्वचा की रंगत को एक समान करने और प्राकृतिक चमक प्रदान करने में मदद कर सकते हैं। बादाम के तेल से नियमित रूप से मालिश करने से त्वचा हाइड्रेट होती है और धीरे-धीरे आपकी त्वचा की रंगत एक समान हो जाती है।



**शहनाज हुसैन**
*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*



# इन उपायों से बुढ़ापे तक जवान दिखेगी आपकी त्वचा

**अक्सर लोग अपनी स्किन को लंबे समय तक यंग बनाए रखने के लिए महंगे-महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट्स की मदद लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप कुछ टिप्स को रेगुलरली फॉलो कर अपनी स्किन हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं? इस तरह की टिप्स आपकी स्किन को न केवल जवान बनाए रखने में मदद करती हैं, बल्कि आपको स्किन से जुड़ी तमाम समस्याओं से छुटकारा दिलाने में भी कारगर साबित हो सकती हैं।**

## जवान दिखने के साथ ही स्किन प्रोब्लम्स से भी मिलेगा छुटकारा

### ❖ तनाव को कह दें अलविदा

**अगर** आप वाकई में जल्दी बूढ़े नहीं दिखना चाहते हैं तो छोटी-छोटी बातों पर स्ट्रेस लेना बंद कर दीजिए। जरूरत से ज्यादा तनाव आपकी स्किन के साथ-साथ आपकी ओवरऑल हेल्थ को भी डैमेज कर सकता है।

### ❖ एक्सरसाइज बहुत जरूरी

स्किन की टाइटनिंग को बनाए रखने के लिए आप कुछ स्किन एक्सरसाइज को अपने रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। दरअसल कुछ एक्सरसाइज आपकी स्किन को जवान बनाए रखने में मददगार साबित हो सकती हैं।

### ❖ 7-8 घंटे की नींद लें

अगर आप 7-8 घंटे चैन की नींद नहीं सोएंगे तो आपकी स्किन पर जल्दी बुढ़ापा दिखने लग जाएगा। साउंड स्लीप आपके एजिंग प्रोसेस को काफी हद तक स्लो कर सकता है।

### ❖ संतुलित डाइट अहम

30 साल की उम्र के बाद विटामिन, मिनरल और फाइबर से भरपूर डाइट प्लान को फॉलो कीजिए। बाहर का खाना खाने से आपकी स्किन डैमेज हो सकती है। आपकी डाइट में फल, ग्रीन वेजिटेबल्स, ड्राई फ्रूट्स, सीड्स और डेयरी प्रोडक्ट्स की संतुलित मात्रा होनी चाहिए। अगर आप वाकई में लंबे समय तक यंग दिखना चाहते हैं तो इन टिप्स को फॉलो करना शुरू कर दीजिए। इस तरह की टिप्स आपके एजिंग प्रोसेस को स्लो करने में असरदार साबित हो सकती हैं।





# सांवलेपन को कहें गुड बाय, चेहरा बनाएं गोरा

**पूरी दुनिया में सुंदरता को लेकर लोग काफी कुछ करते हैं, क्योंकि स्किन आपके शरीर को सुंदर बनाने रखते है, और भारत और अफ्रीका जैसे तमाम देश में सुंदरता के लेकर लोग काफी कुछ करते हैं। यदि आप सांवले है तो आप को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। आज के भाग-दौड़ भरी जीवन और लाइफस्टाइल में लोगों को काफी कम समय मिलता है कि वे अपने हेल्थ और चेहरा का ख्याल रख सकें। ऐसे में काफी लोग जल्दबाजी कर उल्टे-सीधे कदम उठा लेते है, जिसके बाद उनका चेहरा और भी खराब हो जाता है।**

**दही और बेसनः** गोरापन के लिए दही और बेसन का करें इस्तेमाल। आप 50 ग्राम दही लें, उसमें थोड़ा सा बेसन मिला लें और उसका अच्छे से पेस्ट बना लें। रात में सोने से पहले इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं, जब चेहरे पर लगा पेस्ट सुख जाए तो चेहरा को अच्छे से धो लें। ऐसा आप को 15-20 दिन तक करने होंगे, आप देखेंगे की आपकी स्किन में काफी अच्छा निखार आने लगा है।

**नींबू, खीर और हल्दी :** आप नींबू और खीरे के रस में हल्दी मिलाएं कर उसका गाढ़ा पेस्ट बना लें, ऐसा पेस्ट सुबह-शाम दोनों समय बनाएं और अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाए रखें। जब हल्का सूख जाए तो उसे अच्छे से पानी से धोएं। ऐसा रोज करें, आपको केवल 10 दिन में साफ-साफ फायदे नजर आएंगे। यह पेस्ट आपके चेहरे पर मौजूद मुंहासों, दाग-धब्बे जैसे तमाम समस्याओ से निजात दिलाकर आपाको गोरा और सुंदर बनाएगा।



# ऐसा करने से दोबारा गुलाबी हो जाएंगे आपके काले होंठ





## नेचुरल हैं ये उपाय, कोई साइड इफेक्ट भी नहीं

● **जल्द ही मिलेगा फायदाः** डार्क पिगमेंटेड होंठ हमारे लुक को खराब तो करते ही हैं। साथ ही, स्वास्थ्य के लिहाज से बात करें, तो ये ज्यादा स्मोक करने, पोषण की कमी, हार्मोनल असंतुलन, या कुछ दवाइयों के दुष्प्रभाव का संकेत हो सकते हैं, जो गंभीर शारीरिक समस्याओं की ओर इशारा करते हैं। लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है, कुछ स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर, हेल्दी डाइट और होंठों की सही देखभाल करके इस समस्या को रोका जा सकता है। डार्क पिगमेंटेड होंठों को गुलाबी बनाने के लिए कुछ घरेलू उपाय आजमाए जा सकते हैं और कोई साइड इफेक्ट भी नहीं।

● **हमेशा हाइड्रेटेड रहें :** होंठों को भीतर से हायड्रेट बनाए रखने के लिए खूब पानी पिएं। पानी के साथ-साथ जूस, नारियल पानी आदि भी पी सकते हैं।

● **होंठों पर हमेशा जीभ न फेरें :** होंठ चाटने से इनमें सूखापन और पिगमेंटेशन हो सकती है। इसलिए ऐसा करने से बचें। अगर होंठ ड्राई लगें, तो इस पर लिप बाम लगा सकते हैं।

● **नींबू का रस और शहद लगाएं :** नींबू के रस में शहद मिलाकर होठों पर लगाने से होठों का रंग हल्का हो सकता है। इसे रात भर के लिए होठों पर छोड़ दें।

● **चुकंदर का रस :** चुकंदर का रस या उसका पेस्ट होठों पर लगाने से होठ गुलाबी हो सकते हैं। इसे 15-20 मिनट तक होठों पर लगा रहने दें, फिर होठों को नॉर्मल पानी से धो लें।

● **नारियल तेल आजमाएंः** नारियल तेल में विटामिन-ई होता है, जो होठों को नमी देता है और उनका रंग हल्का करता है। इसे दिन में 3 से 4 बार होठों पर लगाएं।

● **बादाम तेल और शहद :** विटामिन-ई से भरपूर बादाम तेल में शहद मिलाकर होठों पर लगाने से होठों का रंग हल्का हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### 28 से चार दिन के अवकाश पर रहेंगे स्वर्णकार

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** स्वर्णकार संघ जयसिंहपुर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के सभी स्वर्णकार 28 से 31 अगस्त तक अवकाश पर रहेंगे। मनोज गुप्ता ने बताया कि इस अवकाश के दौरान जयसिंहपुर, लंबागांव, अपर लंबागांव, कोटलू, आलमपुर, ठाकुरद्वारा, संघोल, संधोल, हारसी, सरिमोलग, चढ़ियार, गंदड, सुआं, कोसरी, खैरा, रोपड़ी के सभी स्वर्णकार 28 से 31 अगस्त तक चार दिन अपने व्यापारिक संस्थान बंद रखेंगे। मनोज गुप्ता ने बताया कि जिला कांगड़ा के उपमंडल जयसिंहपुर के तहत आने वाले व जिला मंडी के संधोल के सभी स्वर्णकारों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है व साथ में यह भी निर्णय लिया गया है कि अगर इस अवकाश के दौरान कोई स्वर्णकार अपने व्यापारिक संस्थान को खोलता है तो उसे भारी जुर्माना भी किया जाएगा।

### डीएवी कॉलेज ने प्लेसमेंट को लेकर किया एमओयू

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा और आईटीसी फॉर्चून पार्क पालमपुर के बीच एक एमओयू समझौता हुआ। उपरोक्त एमओयू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल और होटल के महाप्रबंधक राजेश मन्हास के मध्य हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छात्रों के प्रशिक्षण और व्यक्तित्व विकास को बढ़ाना है। फॉर्चून पार्क बीएचएम के छात्रों के लिए उनकी योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर प्लेसमेंट के अवसरों का हिस्सा होगा। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने कहा कि इस तरह के एमओयू समझोतों से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार होगा और वे प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर बीएचएम विभाग के प्रो निशांत पटियाल और एचआर फॉर्चून पार्क दीपक बढ़ोनी भी उपस्थित रहे।



### डीएसपी ने बताए मोबाइल के लाभ-हानियां

**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में चल रहे वैदिक प्रचार सप्ताह में पुलिस उपअधीक्षक निशा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रधानाचार्या एकता अत्री ने बताया कि इस वैदिक सप्ताह में विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिवावकों को वेदों के बारे अवगत करवाया गया। आज तृतीय दिवस पर निशा ने वैदिक उच्चारणों के साथ हवन यज्ञ किया। विद्यार्थियों द्वारा वेदों में रुचि दिखाने एवं मंत्रोउच्चरणं से सभी को मनमोहित कर दिया। निशा ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और कड़े शब्दों में समझाया कि मोबाइल एक जरुरी वस्तु है, परंतु इसके इस्तेमाल पर निर्भर करता है अन्यथा इससे ज्यादा खतरनाक भी कोई वस्तु नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नशा नाश है और इसके केवल दो रास्ते हैं या तो जेल या फिर अस्पताल। अपने फ़ोन नंबर सांझा करते हुए उन्होंने छात्राओं को बताया कि यदि कोई आपको परेशान करता है या कोई आपको कोई परेशानी है तो आप मुझे फ़ोन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कार्यालय में भी आमंत्रित किया। इसके अलावा निशा ने स्कूल के ड्राइवर और हेल्पर को भी संबोधित करते हुए बताया कि स्कूल की गाड़ियां ध्यान पूर्वक चलाएं और सड़क के नियमों का पालन करें। स्कूल में आने पर विद्यार्थियों , अध्यापकों और प्रधानाचार्या ने गर्म जोशी से स्वागत किया और उनका धन्यवाद किया।



### प्रकृति के प्रति सेवा भाव ही है ईश्वरीय सेवा

**संजीव महाजन, नूरपुर।** प्रकृति के प्रति सेवा-भाव निश्चित रूप से ईश्वरीय सेवा है और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को भी दर्शाता है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए 22 अगस्त को लघु सचिवालय नूरपुर व आसपास के क्षेत्र में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी नूरपुर गुरसिमर सिंह द्वारा की गई। पौधरोपण अभियान अर्जुन सेव अर्थ फाउंडेशन नामक संस्था के माध्यम से चलाया गया, जिसमें मुख्य रूप से तहसीलदार राधिका सैनी, खंड विकास अधिकारी अंशुल शांडिल, प्रधानाचार्य एवं खंड परियोजना अधिकारी (शिक्षा विभाग) के. सी. देओल, बृजेश पठानिया, दीपक शर्मा, अधिवक्ता अतुल गुप्ता, शादी लाल किशोरी, मुकेश, बिल्लु सहित स्थानीय बुद्धिजीवी लोग भी उपस्थित रहे। पौधरोपण के पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए युवा पीढ़ी को ऐसी गतिविधियों में भाग लेने का भी आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)



### डाडासीबा स्कूल में अजय बने एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा काशी राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय डाडासीबा में एसएमसी कमेटी का गठन किया गया। इसमें अजय कुमार, बबीता कुमारी व संजीव कुमार के बीच वोटिंग हुई, जिसमें अजय कुमार को एक तरफा मुकाबले में विजयी घोषित किया गया। इस मुकाबले में टोटल 90 मत पड़े, जिसमें अजय कुमार को 67, जबकि बबीता कुमारी को 15 मत और संजीव कुमार 7 मत पड़े। वहीं, नवनियुक्त एसएमसी प्रधान अजय कुमार ने कहा कि स्कूल में कोई भी समस्या न आए, इसका प्रयास किया जाए। स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर विद्यालय व छात्रों के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा।

### पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने धौलाधार परिसर-2 में स्थापित वाटिका में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया। अधिष्ठाता प्रो. सुमन शर्मा ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. आशीष नाग ने कहा कि पर्यटन यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल सदैव ही पर्यावरण के संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करता रहता है। इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों ने आज एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम में भाग लिया और आयुर्वेदिक पौधों को परिसर में रोपित किया और इनके सरंक्षण की शपथ भी ली। इस कार्यक्रम में सह आचार्य डॉ. देवाशीष साहू, सहायक आचार्य डॉ. अरुण भाटिया, डॉ. हरीश कुमार, डॉ. सुंदरारामन, डॉ. अमरीक सिंह इत्यादि शिक्षक, विद्यार्थी और शोधार्थी उपस्थित रहे।

# बीडीओ कार्यालय रैत के भवन के लिए 2.50 करोड़ मंजूर : पठानिया

## कहा, शाहपुर में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए उठाएंगे कारगर कदम

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि रैत बीडीओ ऑफिस के भवन निर्माण के लिए 2.50 करोड़ की धनराशि व्यय की जाएगी। इसके लिए सरकार की ओर से स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि बीडीओ ऑफिस के भवन निर्माण का कार्य शीघ्र ही आरंभ होगा। इससे कामकाज के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से भी शाहपुर के विकास के लिए करोड़ों की सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि खंड विकास शाहपुर विस क्षेत्र में ईको टूरिज्म को विकसित करने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। पठानिया ने कहा कि धारकंडी तथा करेरी क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं तथा बेहतरीन ट्रैक निर्मित करने पर विशेष फोकस किया जाएगा, ताकि पर्यटकों की आमद बढ़ सके और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकें। पठानिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के रेंज अधिकारी कार्यालय के भवन को मॉडल भवन के रूप में विकसित किया जाएगा इसके साथ ही गार्ड घर एव वन विश्राम गृह भवनों की खस्ता हालत को सुधार कर नए भवन बनाए जाएंगे ताकि कर्मचारियों सहित यहां ठहरने वालों को बेहतर सुविधा मिल सके।



### धनराशि स्वीकृत होने पर जताया आभार

**भवन** के लिए राशि मंजूर करने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरजीत राणा, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष देवदत्त शर्मा, चंगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरजन सिंह, धार कंडी कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शशी पाल शर्मा, लंज कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीना ठाकुर, एसटी प्रकोष्ठ कांग्रेस अध्यक्ष बाली राम, एससी प्रकोष्ठ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष नांगला, किसान सेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन जनमेज ठाकुर, लीगल सेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कर्ण पठानिया, अल्पसंख्यक सेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरचरण सिंह, कामगार कल्याण बोर्ड ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बीडीओ कार्यालय भवन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का आभार व्यक्त किया है।

# पहल : हॉस्पिटैलिटी का हुनर सीखेंगे मंदिरों के पुजारी और टैक्सी चालक

## केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना की कड़ी में अब केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला एक नया प्रयोग करने जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला चंबा तथा कांगड़ा के शक्तिपीठों के पुजारी वर्ग तथा कांगड़ा जिला के टैक्सी चालकों को हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के तहत पर्यटकों के स्वागत से लेकर उनके साथ दोस्ताना तथा प्रोफेशनल व्यवहार से एक स्वस्थ रिश्ता बनाकर पर्यटन को बढ़ावा देने के गुर सिखाए जाएंगे।

बताते चलें कि केंद्रीय योजना के अंतर्गत केंद्रीय विश्विद्यालय ने विभिन्न 7 प्रस्ताव भेजे थे, जिनमें से दो को मंजूरी मिली है। इसके तहत जिला के शक्तिपीठों में तैनात पुजारी वर्ग तथा टैक्सी चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विभिन्न सात विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम करने के लिए एक प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें से दो को मंजूरी मिल गई है। इसके चलते अब कांगड़ा जिला के तहत चामुंडा मंदिर, ज्वालाजी मंदिर, बज्रेश्वरी मंदिर, बगलामुखी मंदिर तथा शिव मंदिर बैजनाथ के अलावा चंबा जिला के लक्ष्मी नारायण मंदिर तथा शिव चौरासी मंदिर के पुजारियों और कांगड़ा, मैक्लोडगंज, धर्मशाला, गगल एयरपोर्ट तथा बीड़ बिलिंग के टैक्सी चालकों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उधर, केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति सत प्रकाश बंसल ने दो प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि इससे प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना कार्यक्रम का उद्देश्य

**केंद्रीय** विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सुमन शर्मा ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को हॉस्पिटैलिटी का प्रशिक्षण देना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि मंदिरों में जाकर पुजारी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले।

# मनरेगा कार्यों में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने पर की कार्रवाई

**पिंकी, डाडासीबा**

डाडासीबा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत बठरा में गुरुवार को अचानक खनन विभाग की हुई बड़ी कार्रवाई से खलबली मच गई। विभाग को शिकायत मिली थी कि पंचायत बठरा के तहत चल रहे मनरेगा के निर्माण कार्य पर सरकारी नियमों को ताक पर रख कर अवैध रूप से रेत व पत्थर खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा था, जिस पर खनन विभाग ने मौके पर पहुंचकर बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 टन से भी ज्यादा सामग्री को कब्जे में लिया है। जानकारी देते हुए माइनिंग इंस्पेक्टर ब्लॉक परागपुर अश्वनी कौंडल ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि बठरा पंचायत में हो रहे मनरेगा के निर्माण कार्यों पर कुछ समय से लगातार घटिया सामग्री लगाई जा रही है, जिस पर विभाग ने वीरवार को कार्रवाई अमल में लाई है। विभाग को मौके पर 20 टन के लगभग ऐसी सामग्री मिली है, जो कि सरकारी मापदंडों के अनुसार इस्तेमाल नहीं की जा सकती है। बताया जा रहा है कि यहां मनरेगा के निर्माण कार्य पर नजदीकी खड्डु के पत्थर व समीपवर्ती डैम का रेत लाकर लगाया जा रहा था, जिसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीणों ने माइनिंग विभाग से की है और विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उपरोक्त पंचायत पर नियमों अनुसार कार्रवाई की है।



उधर, पंचायत की प्रधान सुनीता कुमारी से बात की गई तो उन्होंने बताया जो निर्माण कार्य के लिए पत्थर लगाया जा रहा है, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। इसके बारे में उपप्रधान से पूछा जाए और जो रेत निर्माण कार्य में लगाया जा रहा है, इस बारे में ट्रैक्टर वाले को हमने क्रशर से रेत लाने के लिए कहा था, लेकिन उसने खड्ड का रेत निर्माण कार्य के लिए भेजा है। उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# 10 जिलों में बांटे जाएंगे अश्वगंधा के पौधे: गोमा

## आयुष मंत्री ने भुआणा में आयोजित कार्यक्रम में रोपित किया अश्वगंधा का पौधा

**अजय पाल, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि परामर्शी मंत्री यादवेंद्र गोमा ने बताया कि राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान में प्रदेश के गर्म जलवायु क्षेत्रों के 10 जिलों में 2 लाख पौधे वितरित किए जाएंगे। गुरुवार को राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भुआणा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित यादवेंद्र गोमा ने अश्वगंधा का पौधा रोपित करने के उपरांत किसानों को 150 अश्वगंधा के पौधे वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश उत्कृष्ट आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने वाला श्रेष्ठ राज्य बना है। प्रदेश के 127 आयुष केंद्रों को इस श्रेणी में शामिल किया गया है और शीघ्र ही अन्य केंद्रों को उत्कृष्टता की श्रेणी में शामिल करने पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद विभाग पंचायत स्तर तक लोगों को बेहतर और निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को लोग बड़ी संख्या में अपना रहे हैं और सरकार प्रदेश में इस पद्धति के विस्तार के लिये गंभीर प्रयास कर रही है।



राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत लोगों को अश्वगंधा के औषधीय गुणों के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू किया गया है। इस कड़ी में जिला कांगड़ा के अंतर्गत आयुष विभाग के 7 उप मंडलों में अभी तक लगभग 12000 अश्वगंधा के पौधे वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार गरीबों के हितों को ध्यान में रखकर कल्याणकारी निर्णय ले रही तथा इन योजनाओं को गांव स्तर पर आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भुआणा आयुर्वेदिक औषधालय भवन के निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 5 लाख रुपए जारी किए हैं और यह भवन एक वर्ष के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भुआणा में नियमित चिकित्सक तैनात कर दिया गया है। आने वाले समय में यहां लोगों की सुविधा के लिए एक्स–रे मशीन उपलब्ध करवा दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# कुलाणी पुल को समय पर बनाए विभाग : बुटेल

## मुख्य संसदीय सचिव को चंदपुर पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने समस्याओं से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल से ग्राम पंचायत चंदपुर के एक प्रतिनिधिमंडल ने इलाके समस्याओं को लेकर भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य संसदीय सचिव और प्रदेश सरकार का चंदपुर क्षेत्र के कुलाणी में आवा खड्डु पर पुल निर्माण के लिए आभार प्रकट किया व मुख्य संसदीय सचिव से आग्रह किया कि पुल के कार्य को गति दी जाए, ताकि लोगों को इस सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके। सीपीएस ने मौके पर ही लोक निर्माण विभाग को पुल के निर्माण कार्य में गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को निर्माण कार्य लगे ठेकेदार को तय सीमा भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण कार्य में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



बुटेल ने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के दूर दराज के क्षेत्रों को सड़क सुविधा से जोड़ना उनकी विशेष प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लेटलतीफी सहन नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सड़कें भाग्य रेखायें होती हैं और इनसे ही उस क्षेत्र का विकास संभव होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी विकास कार्य को समयबद्ध पूरा करवाया जाए और इनमें गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

# हिंदू लड़कियों और महिलाओं की चीखें दहला रहीं दिल : बलदेव

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद वहां हिंदू लड़कियों एवं महिलाओं की चीखें दिल दहला रही हैं। प्रेस क्लब पालमपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए स्वाभिमान पार्टी राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद ने कहा कि बांग्लादेश में 5 अगस्त से आरंभ हुआ हिंदू दमन चक्र अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। बांग्लादेश के 36 जिलों में 1 करोड़ 35 लाख हिंदू रहते हैं, जो कुल आबादी का 9 प्रतिशत हैं। उन्होंने भारत सरकार से बंग्लादेश में हिंदुओं जानमाल की सुरक्षा के लिए कारगर कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी मुस्लिम घुसपैठ दिनों–दिन बढ़ती जा रही है। नाम बदलकर रेहड़ी–फड़ी लगाकर लव जिहाद, चंबा, कुल्लू में गाय काटने की घटनाएं इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की असफलता पर कहा कि युवाओं को 5 लाख नौकरियां, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को 1500 मासिक पेंशन देने के चुनावी वादे धराशायी हो गए हैं। प्रदेश में मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी दिन – ब–दिन बढ़ रही हैं।

### हादसे में बाइक चालक जख्मी

**गगल।** इंडस्ट्री एरिया में वीरवार को एक कार और बाइक की टक्कर हो जाने से बाइक सवार पीयूष कौंडल का बाजू फ्रैक्चर हो गया। घायल को तुरंत टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा में ले जाया गया। पुलिस जांच अधिकारी सुदेश कुमार ने बताया के कार चालक मनु जो मटौर से गगल की ओर जा रहा था और बाइक सवार जो गगल से घुरकड़ी की तरफ जा रहा था कि गगल इंडस्ट्री एरिया में दोनों की भिड़ंत हो गई। बाइक सवार को बाजू में कुछ चोटें आई हैं और उसे तुरंत टांडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। दोनों पार्टियों का आपस में समझौता हो गया।

# पैन कार ऐप के विरोध में मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

देवभूमि कांगड़ा संगठन के प्रधान सुरेश कपूर ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए हाल ही में लॉन्च की गई पैन कार नामक ऐप का विरोध तथा बहिष्कार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी कंपनी बिना अपने फायदे के कोई भी सेवा उपलब्ध नहीं करवाती।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला की सभी टैक्सी यूनियन एकजुट होकर इस ऐप का विरोध करती है। इस ऐप से उनके टैक्सी कारोबार पर पूरा असर पड़ेगा, जिसके चलते टैक्सी ऑपरेटरों ने उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस बारे में ज्ञापन भेजा है। उन्होंने कहा कि सभी टैक्सी यूनियन तथा टैक्सी ऑपरेटर इस ऐप का विरोध करते हैं तथा इसका बहिष्कार करेंगे।



# कर्मचारियों को निराश कर रहे सुक्खू : चक्षु

## कहा, प्रदेश को आर्थिक बोझ में दबाने को खड़ी की सीपीएस की फौज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सहप्रभारी व पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को–ऑर्डिनेटर एडवोकेट विश्व चक्षु ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय हिमाचल प्रदेश के आदेशों की अवहेलना करते हुए सुक्खू सरकार ने असंवैधानिक तरीके से सीपीएस की फौज खड़ी कर दी है, जिससे सरकारी सुविधाओं का बड़े स्तर पर दुरुपयोग हो रहा है, आत्यधिक आर्थिक बोझ भी सरकार व प्रदेश की जनता पर पड़ रहा है, जबकि प्रदेश के कर्मचारी सरकार से काफी निराश हैं। भाजपा नेता चक्षु ने प्रदेश में छह सीपीएस की नियुक्ति को असंवैधानिक बताया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस अपने विधायकों की निष्ठा को लेकर आशंकित है, लिहाजा प्रदेश में असंवैधानिक तरीके से छह विधायकों को सीपीएस बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू व कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार भी पूरी तरह से रोक दी है, जबकि पहाड़ी राज्य को प्रग्रति की ओर ले जाने वाले कर्मचारियों को वेतन तक के लाले पड़ गए हैं। उन्होंने कि सीएम को डेढ़ वर्ष के भीतर लिए गए 30 हजार करोड़ के ऋण का हिसाब जनता को देना होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराक ठाकुर ने भी ऋण के पैसे खर्च करने को लेकर कांग्रेस सरकार से श्वतेपत्र मांगा है, उसे उन्हें जारी करना होगा।



# सूर्योदय चैरिटेबल ट्रस्ट में जांची व्यवस्थाएं

## केंद्रीय अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों से की बात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना, जिला विकलांगता पुनर्वास केंद्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालयके अवर सचित राम चंद्र मीना ने वीरवार को खनियारा के ठेहड़ स्थित सूर्योदय चैरिटेबल ट्रस्ट का दौरा कर व्यवथाएं जांची।

उनके साथ प्रोस्थेटिस्ट और आर्थोटिस्ट सीआरसी सुंदरनगर डॉ. जितेंद्र कुमार देव भी थे। सचिव राम चंद्र मीना का स्कूल में पहुंचने पर विशेष छात्रों के साथ शिक्षकों और अभिभावकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सचिव ने कक्षा गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। मुख्य अतिथि ने दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के अलावा शिक्षकों और स्कूल प्रशासकों के साथ चर्चा की। चर्चा में छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियां, सहायता कार्यक्रम और शिक्षा एवं संसाधनों में सुधार के संभावित क्षेत्र शामिल रहे। सचिव ने स्कूल की उपलब्धियों और विशेष शिक्षा के लिए उसके नवीन दृष्टिकोण की प्रशंसा की। इस मौके पर उन छात्रों की सफलता की कई कहानियां भी प्रदर्शित हुई जिन्होंने स्कूल के समर्पित कर्मचारियों की मदद से महत्वपूर्ण प्रगति की है।



**स्वास्थ्य**

### टांडा अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी रोगियों के लिए 2 से 4 बेड की है व्यवस्था

# टीबी रोगियों को सीएचसी स्तर तक मिल रहा उपचार: सीएमओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा कि जोनल अस्पताल, टांडा अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी रोगियों के लिए 2 से 4 बेड चिन्हित किए गए हैं तथा सीएचसी स्तर तक टीबी रोगियों को उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

टीबी के सभी मरीजों की देखभाल के लिए परिवार एक–एक सदस्य को जोड़ा जा रहा है जिसे निक्षय साथी का नाम दिया गया है, ताकि टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाया जा सके। वीरवार को क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डा राजेश गुलेरी ने कहा कि इस वर्ष टीबी जांच के लिए 69728 जांच का लक्ष्य रखा गया है तथा 31 जुलाई तक 41293 की जांच की गई है। गुलेरी ने टीबी रोगियों की बेहतर देखभाल के लिए डीटीबीसी जांच व सभी मरीजों को दाखिल करने के निर्देश दिए तथा जिला में एच डब्ल्यू सी स्तर पर एक महिला व एक पुरुष टीबी चैंपियन चिन्हित करने के निर्देश दिए। वहीं, उपस्वास्थ्य केंद्रों में डीवीडी एमएस को एक्टिव करने निर्देश दिए तथा आयुष्मान आरोग्य शिविरों के शेड्यूल बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में डॉ. गुलेरी ने हेल्थ ब्लॉक शाहपुर के बीएमओ डॉ. सिंह को निक्षय मित्र योजना के बेहतर संचालन के लिए सम्मानित किया।



### निक्षय मित्र बनने का किया आह्वान

**डॉ.** गुलेरी ने आह्वान किया कि सभी टीबी के मरीजों को मनोसामाजिक व पोषण सहायता के लिए लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आना चाहिए। हर महीने 24 तारीख को निक्षय दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य टीबी रोग बारे चर्चा के साथ जनजागरूकता व किसी भी प्रकार की भ्रांतियां दूर करना है। बैठक का संचालन करते हुए जिला स्वास्थ्य व क्षय रोग अधिकारी जिला कांगडा डॉ . राजेश सूद ने कार्यक्रम के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### मित्रों पर खजाना लुटा रही सुक्खू सरकार : राणा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि प्रदेश में सुक्खू सरकार ने फिजूलखर्ची के तमाम रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और महाराजाओं की तरह मित्रों पर खजाना लुटाया जा रहा है, लेकिन सरकारी कर्मचारियों के हक मारे जा रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए राजेंद्र राणा ने कहा कि सुक्खू सरकार एक तरफ आर्थिक संकट का राग अलाप कर प्रदेश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते और एरियर से वंचित रख रही है, जबकि दूसरी तरफ कैबिनेट रैंक प्राप्त मित्रों के साथ-साथ अपने चहेतों की कोठियों और दफ्तरों के सौंदर्यकरण पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी प्रदेश सरकार की रीढ़ होते हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी वे ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य और ड्यूटी का निर्वहन करते हैं। लेकिन सुक्खू सरकार ने सत्ता में आने के बाद से ही सरकारी कर्मचारियों के हक मारना शुरू कर दिए हैं।

### बारी क्षेत्र के गांवों में गूंज रही गुग्गा गाथा



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** गुग्गा गाथा का गायन हिमाचल में श्रावण पूर्णिमा से लेकर गुग्गा अष्टमी तक होता है और नवमी को मेले का आयोजन होता है, लेकिन हमीरपुर जिला के बारी गांव में कोल्हुसिद्ध और गुग्गा की मंडली इकट्ठी चलती है। इस दौरान मार्मिक गाथाएं श्रोताओं को भाव-विभोर कर देती हैं। गुग्गा जी के जन्म, चमत्कारों, जीवन की विशिष्ट घटनाओं पर आधारित इन गाथाओं को सुनने के बाद भक्त परिजन गुग्गा जी की पूजा-अर्चना कर ऋतुफल, अन्न, दानराशि व मिष्ठान अर्पित करते हैं। गुग्गा गाथा का प्रारंभ सृष्टि के आरंभ से मिलता है। गुग्गा सिद्ध नाथ परंपरा के राजपूत शासक हैं, जिनके शौर्य की गाथाएं जनमानस में सहस्त्राब्दियों से जीवित हैं। मंडली में शामिल रघुबीर सिंह चौहान, गोरखनाथ, सुरेश, अमरनाथ, राजीव कमलेश, अजू, काकू, भूपेंद्र, जुल्फी राम आदि ने बताया कि वीरवार की कथा में गुरु गोरखनाथ मारू देश में मां बाछला को गुगल फल दे दिया और इससे गुग्गा का जन्म हुआ।

### शिविर में 55 महिलाओं ने करवाया पंजीकरण



**अनंत ज्ञान, नादौन।** मिशन शक्ति के अंतर्गत 100 दिन के विशेष अभियान के तहत नादौन उपमंडल के गांव भूंपल में महिला जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर के दौरान मिशन शक्ति की जिला समन्वयक कल्पना ठाकुर ने स्थानीय महिलाओं को विभिन्न विभागों की महिला केंद्रित योजनाओं की जानकारी दी तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साहिल परिहार ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूंपल क्षेत्र में इस सप्ताह के दौरान लगभग 55 महिलाओं का विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीकरण किया गया है।

### भगवती स्कूल में परीक्षाओं पर किया फोकस



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में अध्यापक-अभिभावक सभा का आयोजन किया गया। इसमें होने वाली परीक्षाओं पर फोकस किया गया। सभा में कक्षा नौवीं से प्लस टू तक के बच्चों की अध्यापक अभिभावक मंत्रणा हुई जिसमें बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। अध्यापकों ने प्रथम सत्र परीक्षा पर अभिभावकों को बच्चों की रिपोर्ट के बारे में अवगत करवाया। सभी अभिभावकों ने अपने-अपने बच्चों की समस्त विषयों की रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली। अध्यापकों में जीवन, शीतल, पूजा, प्रियंका ने बच्चों की कमियों के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया तथा बच्चों को भविष्य में बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों की ओर अधिक से अधिक ध्यान दें। इसमें सभी अभिभावकों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और बेहतर परिणाम के लिए पूर्ण सहयोग देने के लिए अध्यापकों-अभिभावकों का धन्यवाद किया।

### राज राजेश्वरी कॉलेज में लगाए अशोका के पौधे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी कॉलेज भोटा में वन महोत्सव मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर अशोका के पौधे कॉलेज प्रांगण में लगाए गए। इस मौके पर कॉलेज सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार, बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### रमन सदन ने जीता कबड्डी का खिताब



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर हमीरपुर में अंतर सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में रमन सदन, आर्यभट्टा सदन, बोस सदन व भाभा सदन के खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला रमन सदन और बोस सदन में हुआ। इसमें रमन सदन के खिलाड़ियों ने बोस सदन के खिलाड़ियों को 42-38 के कड़े मुकाबले में पटकनी दी। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. नीता सिंह ने छात्रों के साथ-साथ खेल अध्यापकों रेणु शर्मा, सुनील कुमार व राकेश राय को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### बिझड़ी स्कूल के एसएमसी प्रधान बने राजीव



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन हुआ। इसमें आपसी सहमती न बन पाने के बाद चुनावी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। शुरू में चार अभिभावकों ने अध्यक्ष पद के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया लेकिन आपसी सहमती बन जाने के बाद केवल दो अभिभावकों में से एक को अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने के लिए चुनावी प्रकिया का सहारा लेना पड़ा। विद्यालय प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने बताया कि अभिभावकों ने राजीव शर्मा को तीसरी बार स्कूल प्रबंधन समिति की कमान सौंपी।

### गौतम गर्ल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस आयोजित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़े के अंतर्गत जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन गौतम गर्ल कॉलेज में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने की। इस मौके पर भाषण, पोस्टर, मेहंदी व रंगोली जैसी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया जिन में छात्रों ने एड्स, नशे आदि से संबंधी जानकारियां अपनी -2 स्पर्धा के माध्यम से प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा द्वारा एचआईबी-एड्स, नशे, युवाओं की समस्याओं के बारे में जानकारी दी । इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक जगदीश गौतम, संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. विजय शर्मा , स्वास्थ्य विभाग से बीसीसी समन्वयक सलोचना, बंदना, कंचन तथा कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

# महिला एवं बाल विकास योजनाओं का हो व्यापक प्रचार-प्रसार : अमरजीत सिंह

## डीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशा- निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को विभाग की सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। वीरवार को यहां हमीर भवन में विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त ने कहा कि कोई भी पात्र एवं जरूरतमंद महिला या बच्चा इन योजनाओं से नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में छह माह से 3 वर्ष तक के 14,116 शिशुओं और 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के 3528 बच्चों को 1351 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पौषाहार दिया जा रहा है।

गंभीर कुपोषण के शिकार 125 बच्चों और आंशिक कुपोषण से पीड़ित 516 बच्चों के सही पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लगभग 4915 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को भी पौषाहार मिल रहा है। आंगनबाड़ी भवनों में आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड के अधिकारियों को



हमीर भवन में विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

निर्देश दिए कि वे बिजली-पानी के कनेक्शन से छूटे भवनों को प्राथमिकता के आधार पर कनेक्शन प्रदान करें। सामुदायिक भवनों और स्कूल भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को भी ये कनेक्शन देने के लिए स्थानीय पंचायत या प्रारंभिक शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें। उपायुक्त ने बताया कि जिला में 49 आंगनबाड़ी भवनों के लिए मनरेगा कनवर्जेंस के तहत धनराशि मंजूर की गई है। इनके कार्य भी अतिशीघ्र शुरू होने चाहिएं।

उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के अत्याचार से पीड़ित महिलाओं को 5 दिन तक अस्थायी आश्रय प्रदान करने के लिए गांव रकड़ियाल में वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की गई है। इस वित्त वर्ष में अभी तक इस सेंटर में 47 महिलाओं को कानूनी सहायता एवं साइको-सोशल काउंसिलिंग तथा 2 पीड़ितों को अस्थायी आश्रय भी दिया जा चुका है।

योजनाओं से जिला के लिंगानुपात में सुधार नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत इस वर्ष अभी तक 43 लाभार्थियों को 21.93 लाख, मुख्यमंत्री शगुन योजना की 92 लाभार्थियों को 28.52 लाख, मदर टेरेसा अक्षय मातृ संबल योजना की 1085 लाभार्थियों को लगभग 5 लाख और विधवा पुनर्विवाह योजना की 9 लाभार्थियों को 5.85 लाख रुपए की राशि दी गई है। बैठक में अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की गई।

### मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत दी लाखों की सहायता राशि

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बताया कि बाल आश्रम सुजानपुर में रखे गए 12 बच्चों को इस योजना के तहत इस वित्त वर्ष के दौरान लगभग एक लाख रुपए दिए जा चुके हैं। जिला में 18 से 27 वर्ष तक के युवाओं को भी इसी योजना के तहत 29.62 लाख की राशि दी गई है। 14 युवाओं को उच्च शिक्षा या व्यावसायिक शिक्षा के लिए लगभग 10.98 लाख की सहायता राशि प्रदान की गई है। एक युवा को सरकार की ओर से जमीन भी उपलब्ध करवाई गई है। 27 युवाओं को मकान निर्माण और 10 युवाओं को शादी के लिए आर्थिक मदद प्रदान करने के मामले स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने विभिन्न योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नादौन के कई क्षेत्रों में 24 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 132 केवी विद्युत उपकेंद्र अणू के सहायक अभियंता ने बताया कि 24 अगस्त को 33केवी विद्युत उपकेंद्र नादौन और इसकी 11केवी लाइनों की आवश्यक मरम्मत की जाएगी।

इस कारण 24 अगस्त को रंगस, भूंपल, जलाड़ी, बड़ा, रैल, अमतर, भड़ोली, नादौन, मानपुल, सेरा, धनेटा और साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह मरम्मत कार्य अगले दिन किया जाएगा।

## समस्याओं से जूझ रहे वार्ड नं. 7 के निवासी

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन शहर के वार्ड नं. 7 नगारड़ा के निवासियों का प्रतिनिधिमंडल वार्ड की समस्याओं को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी व नगर पंचायत सचिव से मिला तथा उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करवाया।

प्रतिनिधिमंडल में सलीम मोहम्मद, साहनी वेगम, जरीना वेगम, गुलजारा वेगम, सोनी वेगम, रसूलां वेगम, सोनी नायरा वेगम व सुमन वेगम आदि शामिल थीं। उन्होंने नगर पंचायत के अध्यक्ष व सचिव शिकायत पत्र भी सौंपा। इसमें कहा गया है कि गुजरेड़ा बस्ती की स्ट्रीट लाइटें पिछले काफी महीनों से बंद हैं। यही नहीं इस बस्ती को जाने वाली संपर्क सड़क फोरलेन में आ गई है और दूसरी सड़क



समस्याओं का जायजा लेते नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिकारी।

**नपं अध्यक्ष ने अधिकारियों सहित किया दौरा, समाधान का दिया आश्वासन**

खस्ताहाल में है। रास्ते के दोनों तरफ झाड़ियों ने अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। इस वजह से यह सड़क काफी संकरी हो गई है।

लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं इस बस्ती में घर-घर से कूड़ा-कचरा इकत्रित करने वाली गाड़ी भी नहीं पहुंच पाती है। नगर पंचायत के अध्यक्ष ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों सहित वीरवार को बस्ती का दौरा किया तथा लोगों को शीघ्र समस्याओं से निजात दिलाने का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष के साथ वार्ड मैंबर अनीता देवी, पूर्व पाषर्द मनोज कुमार, नगर पंचायत सचिव रमन शर्मा व जेई भी उपस्थित रहे।

## आज रात अयोध्या धाम के लिए हमीरपुर से चलेगी बस

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश का सबसे लंबा बस रूट हमीरपुर से अयोध्या धाम बस हर शुक्रवार को अयोध्या के लिए रवाना होगी। हमीरपुर डिपो की बस घुमारवीं वाया भगेड़ होकर चलाई जाएगी और रविवार को अयोध्या से हमीरपुर के लिए वापस आएगी। अयोध्या धाम बस हर शुक्रवार को नए टाइम टेबल पर ही चलेगी।

हमीरपुर डिपो की बस को अयोध्या धाम पहुंचने के लिए करीब 1232 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था। इसके लिए हमीरपुर डिपो को सात ड्राइवरों की जरूरत पड़ रही



थी और बस रूट भी घाटे में चल रहा था, ऐसे में निगम ने बस को अब हफ्ते में एक दिन हर शुक्रवार को बस चलाने का निर्णय लिया है, ताकि यात्रियों को भी अयोध्या धाम के लिए सीधी बस सुविधा मिल सके और निगम को भी रूट चलाने से कुछ फायदा हो सके।

निगम की बस अब हमीरपुर बस अड्डा से हर शुक्रवार को रात 8:45 बजे अयोध्या धाम के लिए रवाना होगी। बस घुमारवीं से 9:45 बजे वाया भगेड़ होते हुए रात 12:30 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी, दिल्ली में सुबह 5:30 बजे और अयोध्या में शाम 5:30 बजे यात्रियों को उतरेगी। एक दिन रुकने के बाद बस अयोध्या धाम से रविवार सुबह 9 बजे हमीरपुर के लिए रवाना होगी। बस दिल्ली से रात 10:40 बजे पर चलेगी, चंडीगढ़ से सुबह 4:40 बजे,घुमारवीं से सुबह 7:30 बजे और हमीरपुर बस अड्डा में सोमवार सुबह 8:45 यात्रियों को उतरेगी। यात्री अब किसी भी दिन अयोध्या धाम के लिए अपनी सीट सुनिश्चित कर सकेंगे।



> निगम की एचआरटीसी बस को शुक्रवार हमीरपुर बस अड्डा से अयोध्या धाम के लिए रवाना की जाएगी, जबकि अयोध्या धाम से वापसी में निगम की बस 25 अगस्त वापस लौटेगी। इसके बाद निगम की बस 30 अगस्त को अयोध्या धाम जाएगी और एक सितंबर को वापस लौटेगी। यात्रियों दोनों साइड की टिकट ऑनलाइन ही बुक करवानी होगी। अयोध्या धाम बस को वाया घुमारवीं भगेड़ से होकर जाने में यात्रियों के टाइम और किराए में भी कमी होगी।
>
> **राजकुमार पाठक, मंडलीय प्रबंधक, एचआरटीसी हमीरपुर डिविजन**

### जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 25 को

**हमीरपुर।** जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 25 अगस्त को हमीरपुर पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर के सचिव अजय शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में आयोजित की जाएगी।

इसके लिए 200 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस रखी गई है। खिलाड़ी अपना आधार कार्ड व फोटो भी साथ लाएं। इस प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर, रिदमिक योगासन पेयर इत्यादि इवेंट होंगे। शर्मा ने बताया कि एक खिलाड़ी दो इवेंट में भाग ले सकता है

### बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के बाद बड़ी कंपनियों में नौकरी की अपार संभावनाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अभी तक ज्यादातर बच्चों का रुझान बी.फार्मेसी की तरफ ज्यादा देखा गया है। बी.फार्मेसी की सीटें लगभग हर कॉलेज/विश्वविद्यालय में भर चुकी हैं। ज्यादातर नॉन मेडिकल के बच्चे इसी कोर्स को करने में लगे हुए हैं, जबकि बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) स्ट्रीम से बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी का कोर्स एक इंजीनियर बनने और भविष्य में अच्छी जॉब लेने वाला कोर्स है।

कंप्यूटर साइंस से बीटेक करने वालों को कंपनियां लाखों के पैकेज से शुरू करती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व इंटरनेट ऑफ थिंग्स इंजीनियरों की इस क्षेत्र में बड़ी भूमिका है। बीटेक के बाद निजी क्षेत्र के साथ ही सरकारी क्षेत्र में नौकरियों के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं। बीटेक के बाद भारत में औसतन वेतन 30 से 40 हजार रुपऐ तक प्रदान किया जाता है। इसके अलावा आपके अनुभव एवं एक्सपीरियंस के अनुसार यह वेतन लाखों में पहुंच जाता है।

बीटेक कंप्लीट कर लिया है तो आप बैंक पीओ, एसएससी सीजीएल के अलावा अन्य भर्तियों, क्लर्क, डिफेंस, पीडब्ल्यूडी, रेलवे आदि पदों की भर्तियों के साथ ही सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन की तैयारी करके उच्च पदों पर नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। विवि के कुलसचिव गुलशन संघू ने कहा कि अगर नॉन मेडिकल स्टीम के छात्रों ने अभी तक एडमिशन नहीं ली है तो वह विश्वविद्यालय में आकर एडमिशन कर सकता है।

### भोरंज पुलिस ने पकड़ी 79.5 ग्राम चरस

**जाहू।** उपमंडल भोरंज के पथत भोरंज पुलिस (जाहू) ने जाहूकलां में नाकाबंदी/यातायात जांच के दौरान 2 व्यक्तियों से 79.5 ग्राम चरस पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोहित ठाकुर निवासी गांव खतनाल और प्रिंस ठाकुर निवासी गांव लजयानी जो बाइक पर जा रहे थे, उनसे शक के आधार पर तलाशी ली तो पुलिस ने उनसे 79.5 ग्राम चरस बरामद की।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। आरोपी की मोटरसाइकिल भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है। मामले की पुष्टि एसएचओ भोरंज निर्मल सिंह ने की है।

### समीरपुर और सिसवा पटवार सर्किल में पटवारी न होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** बमसन तहसील के समीरपुर और सिसवा पटवार सर्किल में पटवारी उपलब्ध नहीं हैं । इस कारण लोगों को अपने राजस्व कार्य करवाने में कई दिक्कतें पैदा हो रही हैं। दोनों पटवार वृत्तों में राजस्व कर्मचारी उपलब्ध न होने के कारण कई गांवों में जमीन की निशानदेही की एप्लीकेशन पेंडिंग पड़ी हुई हैं। उधर, ऊहल कानूनगो सर्किल में कानूनगो की पोस्ट लंबे अरसे से खाली चली हुई है। लोगों ने सिसवा और समीरपुर पटवार वृत्तों में पटवारी और ऊहल में कानूनगो की नियुक्ति तुरंत करने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि इन खाली पड़े पटवार वृत्तों में काफी जनसंख्या निवास करती है और राजस्व संबंधी कार्य भी अधिक होते हैं। बोनाफाइड सर्टिफिकेट से लेकर अन्य कई उपयोगी सर्टिफिकेट के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में बमसन तहसील के तहसीलदार हरीश कुमार ने बताया कि खाली पटवार और कानूनगो वृत्त की स्थिति की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दे दी है। जल्द ही यहां राजस्व कर्मचारी अपनी सेवाएं देंगे। (अनंत ज्ञान)

### जल शक्ति मंडल भोरंज के तहत भर्ती के लिए साक्षात्कार की तिथियां निर्धारित

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत जल शक्ति मंडल भोरंज के तहत आने वाले क्षेत्र व पंचायतों में पैरा पंप चालक, पैरा फिटर व मल्टीपर्पज वर्कर की भर्ती के लिए साक्षात्कार की तिथियां निर्धारित की गई हैं। जल शक्ति मंडल भोरंज के अधिशाषी अभियंता प्रदीप चड्ढा ने बताया कि उम्मीदवार अपने साथ सभी वांछित मूल प्रमाण पत्र लेकर आएं। यह साक्षात्कार जल शक्ति मंडल भोरंज के कार्यालय में प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। जिन उम्मीदवारों ने उपरोक्त पदों हेतु आवेदन किया है, उनसे अनुरोध है कि वह निम्नलिखित सारिणी में दर्शाई गई अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार अपने नाम के प्रथम अक्षर के सामने अंकित की गई तिथि वाले दिन मंडलीय कार्यालय भोरंज में उपस्थित हों। पैरा फिटर ए से जेड के साक्षात्कार 27 अगस्त को मंडल कार्यालय भोरंज, पैरा पंप चालक ए से एम के साक्षात्कार 28 अगस्त को मंडल कार्यालय भोरंज, एन से जेड के साक्षात्कार 29 अगस्त मंडल कार्यालय भोरंज को व मल्टीपर्पज वर्कर के ए से जी के साक्षात्कार 2 सितंबर को मंडल कार्यालय भोरंज, एच से पी के साक्षात्कार 3 सितंबर को मंडल कार्यालय भोरंज में, आर से एस के साक्षत्कार 4 सितंबर को मंडल कार्यालय भोरंज में, टी से जेड के साक्षात्कार 5 सितंबर को मंडल कार्यालय में होंगे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए खाली भूमि पर जरूर करें पौधरोपण : निशांत मंढोत्रा



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल के नगरोटा बीट के टिक्करी घुरालां स्वर्णिम वाटिका के पास वन विभाग की ओर से देवदार व आंबला के पौधों का रोपण किया। इसमें वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी के सदस्यों व डीएवी स्कूल लझयाणी के स्कूली बच्चों ने भाग लिया। पौधरोपण कार्यक्रम में वन अरण्यपाल हमीरपुर निशांत मंढोत्रा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमीरपुर मंडल में खाली पड़ी करीब 250 हेक्टेयर भूमि पर सब के सहयोग से पौधरोपण कर रहा है। पर्यावरण सरंक्षण के लिए खाली भूमि पर जरूर पौधरोपण करें। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र के रेंजर अंकुश ठाकुर, वीओ पवना कुमारी, ब्लॉक समिति भोरंज चेयरमैन राजेंद्र सिंह गारला, वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के महासचिव विद्या सागर शर्मा, कुलवंत रॉय शर्मा, डॉ. बीआर शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, सुभाष कपिल, डीएवी स्कूल प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर, विधि चंद कौशल, किशोरी लाल रतन, केएस भंडारी, सुखदेव, जगदेव शर्मा, वन रक्षक शुभम, दीपक आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### बीडीओ ऑफिस बिझड़ी में रिक्त पदों पर कांग्रेस नेता चुप क्यों : विकास

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के बीडीओ कार्यालय बिझड़ी में कई महत्वपूर्ण पद, जिनमें बीडीओ का पद भी शामिल है, लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। इन रिक्तियों के कारण कार्यालयों की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है और क्षेत्रीय विकास योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मंडल मीडिया प्रभारी विकास ने कांग्रेस नेताओं की मौन स्थिति पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की चुप्पी से यह स्पष्ट होता है कि वे इन महत्वपूर्ण पदों की भरने के प्रति गंभीर नहीं हैं। विकास ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की प्राथमिकताएं केवल ठेकेदारी और व्यक्तिगत लाभ तक सीमित रह गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### 50 हजार तक की खरीद-फरोख्त पर इलेक्ट्रिक वे-बिल की आवश्यकता नहीं : वरुण कटोच




**एसके शर्मा, जाहू।** करदाता संवाद अभियान के अंतर्गत राज्य कर एवं आबकारी विभाग जिला हमीरपुर ने जाहू के व्यापारियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गयाद्य। इस शिविर मे दुकानदारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राज्य कर एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा दुकानदारों को विभिन्न योजनाओं व कर से संबंधित विस्तृत रूप में जानकारी उपलब्ध करवाई। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्र निर्माण में व्यापारी भी एक अहम कड़ी हैं। करदाता के रूप में व्यापारियों की ओर से दिया गया कर सरकार के माध्यम से विकास की विभिन्न योजनाओं पर खर्च होता है, ऐसे में जहां कर लेना सरकार का हक है, वहीं कर देना भी व्यापारी का नैतिक कर्तव्य है। यह बात राज्य कर एवं आबकारी विभाग के आयुक्त हमीरपुर वरुण कटौच ने कही। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी 50 हजार तक के माल को खरीद प्राप्त करता है, उसे इलेक्ट्रिक वे-बिल की कोई आवश्यकता नहीं है। इस करदाता संवाद अभियान में आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी हमीरपुर वरुण कटोच, सहायक आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विनोद, राज्य एवं कर आबकारी अधिकारी सुनील राणा, सहायक राज्य एवं कर अधिकारी दिव्या सैनी और रवीना ठाकुर भूमि विकास बैंक के निदेशक रोशन लाल शर्मा, जाहू पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष राजन कपिल जाहू व्यापार मंडल के प्रधान सूरत सिंह चौहान सहित दुकानदार भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**मंथन** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिला आयुर्वेदिक अस्पताल प्रशासन को नियमानुसार सामान खरीदने के दिए निर्देश

## आरकेएस की बैठक में 1.33 करोड़ के अनुमानित आय-व्यय को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला आयुर्वेदिक अस्पताल की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की बैठक वीरवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गत वित्त वर्ष की आय-व्यय और इस वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान अनुमानित आय-व्यय पर व्यापक चर्चा की गई।

इस वित्त वर्ष में संभावित आय-व्यय पर व्यापक चर्चा के बाद समिति ने लगभग 1.33 करोड़ रुपए के अनुमानित आय-व्यय को मंजूरी प्रदान कर दी। उपायुक्त ने कहा कि इस वित्त वर्ष के दौरान समिति को अस्पताल में विभिन्न सेवाओं से





जिला आयुर्वेदिक अस्पताल की आरकेएस की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अमरजीत सिंह, बैठक से पहले उनका स्वागत करते गणमान्य।

संबंधित शुल्कों, दुकान के किराये, पार्किंग फीस और अन्य माध्यमों से लगभग लगभग 21.55 लाख रुपए की आय का अनुमान है।

गत वित्त वर्ष की शेष राशि को मिलाकर समिति की अनुमानित आय लगभग 98.68 लाख रुपए होगी। बैठक में समिति ने इस वित्त वर्ष में अस्पताल में आवश्यक ढांचागत विकास और विभिन्न सेवाओं के लिए लगभग 34.39 लाख रुपए खर्च करने को मंजूरी प्रदान की।

इसमें अस्पताल के लिए फर्नीचर, कंप्यूटर, प्रिंटर, पंचकर्मा की सामग्री, सीसीटीवी कैमरे, जनरेटर, दवाइयां, सफाई एवं कचरा प्रबंधन, लैब की सामग्री, उपकरणों की खरीद एवं मरम्मत, मेडिकल कैंप और अन्य गतिविधियों के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया गया है। उपायुक्त ने आयुर्वेद विभाग और अस्पताल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल के लिए सभी तरह की सामग्री की खरीद सरकार के नियमों एवं मानकों के अनुसार ही होनी चाहिए। अगर कहीं पर विभागीय स्तर पर मंजूरी की आवश्यकता है तो उसके लिए भी निर्धारित प्रक्रिया ही अपनाएं।

अमरजीत सिंह ने कहा कि जनरेटर और सीसीटीवी जैसी मूलभूत एवं ढांचागत सुविधाओं के लिए आरकेएस के बजाय अगर आयुर्वेद विभाग के माध्यम से बजट प्राप्त करने की संभावनाएं तलाश की जा सकती हैं। उपायुक्त ने कहा कि आज के दौर में आयुर्वेद की महत्ता काफी बढ़ रही है, इसलिए विभाग के अधिकारी एवं चिकित्सक लोगों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजना के तहत भी लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. बृज नंदन, अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. दलीप सिंह ठाकुर और डॉ. रविंद्र सिंह ने विभिन्न मदों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समिति के अन्य सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों ने भी कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

## न्यूज ब्रीफ

### सलूणी में मां-बेटे की स्क्रब टायफस से मौत

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** सलूणी की ग्राम पंचायत स्नूह में मां-बेटे की स्क्रब टायफस से मौत हो गई है। मेडिकल कालेज चंबा में उपचार दौरान मां-बेटे की स्क्रब टायफस की रिपोर्ट पॉजीटिव पाई गई थी। वहां प्राथमिक उपचार के बाद मां-बेटे को टांडा रैफर कर दिया गया था, इस दौरान मां ने टांडा ले जाते वक्त बाथरी के पास दम तोड़ दिया। बेटे की टांडा मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को स्नूह पंचायत की रेखा कुमारी व बेटे आशीष को खेतों में काम करते हुए पिस्सू ने काट लिया था, जिससे रेखा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। रेखा का स्क्रब टायफस का टेस्ट किया गया, जो पॉजीटिव पाया गया। इसी बीच रेखा कुमारी की गंभीर हालत को देखते हुए टांडा रैफर किया गया। रेखा कुमारी की बीच रास्ते में मौत हो गई। बेटे आशीष की तबीयत बिगडऩे पर मेडिकल कालेज चंबा लाया गया। आशीष की हालत भी क्रिटिकल होने के चलते टांडा भेज दिया गया, मगर चिकित्सीय उपचार के दौरान आशीष की भी मौत हो गई।

### प्लास्टिक कलेक्शन कार्य का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय चौंतड़ा से वीरवार को ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज प्लास्टिक कलेक्शन कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य में खंड विकास अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित विभिन्न पंचायतों के ग्राम संगठनों व स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। इस बात की पुष्टि करते हुए बीडीओ चौंतड़ा सरवन कुमार ने बताया कि ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज प्लास्टिक कलेक्शन अभियान की आज शुरुआत की गई।

### समस्याओं से विक्रमादित्य को करवाया रू-ब-रू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जो छात्र हित व समाज हित में 1949 से ही अपनी आवाज को बुलंद करती आई है और शिक्षा के मुद्दों पर हर बार अपना मत सबसे प्रथम रखती है। इसी के निमित्त अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धामी इकाई द्वारा विक्रमादित्य को धामी महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से लोक निर्माण मंत्री से या मांग की है कि धामी महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक की नियुक्ति शीघ्र अति शीघ्र करवाई जाए और दीवार को तुरंत दुरुस्त किया जाना चाहिए।

### नेरवा महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा में महाविद्यालय सफाई व स्वच्छता समिति ने एनएसएस स्वयंसेवियों के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना था। इस अभियान के दौरान, स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय की सभी प्रमुख जगहों जैसे कि कक्षा- कक्षों, पुस्तकालय, पाकशाला ( कैंटीन) को साफ किया। उन्होंने कचरा एकत्र किया और उचित स्थान पर इसका निपटान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने छात्रों को कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जागरूक किया।

### घर के कमरे में फंदा लगाने से हुई मौत

**नेरचौक।** दरबाथू गांव के एक व्यक्ति द्वारा घर के कमरे में फंदा लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गत शाम को विनोद कुमार उर्फ पद्दू पुत्र आसाराम गांव दरबाथू उम्र करीब 47 वर्ष ने अपने घर पर फंदा लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई मृत अवस्था में जब उसे घर वालों ने देखा तो इस बात की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है।

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गीतांजलि व अयान का कब्जा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हॉट वैदर टेबल टेनिस प्रतियोगिता इंदिरा गांधी खेल परिसर में शुरू हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन गर्ल्ज अंडर 11 आयु वर्ग के फाइनल में इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला की गीतांजलि ने शिमला की ही अरायना सूद को हराकर खिताब जीता। कांगड़ा की कायरा आचार्य ने तीसरा व शिमला की सानवी सूद ने चौथा स्थान हासिल किया। ब्वॉयज अंडर 11 आयु वर्ग के फाइनल में शिमला के अद्वय ब्राम्टा ने शिमला के ही आरव गुप्ता को हराकर खिताब जीता। इसी तरह ब्वॉयज अंडर 13 आयु वर्ग के फाइनल में इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला के अयान तोमर ने शिमला के ही अदवय ब्राम्टा को हराया और खिताब अपने नाम किया।

# शिव भक्तों का दूसरा जत्था पहुंचा भरमौर

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जम्मू के भद्रवा से शिव भक्तों का दूसरा जत्था पैदल वीरवार को भरमौर पहुंच गया है। इस दौरान जम्मू से आए इस जत्थे ने भरमौर के 84 परिसर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने के बाद यहां अपना डेरा जमा दिया है।

भगवान भोलेनाथ के शिव भक्तों का यह जत्था शुक्रवार को भरमौर के ब्राह्मणी माता में दर्शन करने के बाद यहां पर लंगर का आयोजन करेगा और शनिवार को मणिमहेश के लिए रवाना करेगा। जम्मू से आए इन भक्तों के चलते के साथ भारी संख्या में महिलाएं बुजुर्ग युवा व बच्चे भी शामिल हैं।

इन भक्त भक्तों के साथ आए


भरमौर में ब्राह्मणी माता के दर्शन करने के बाद मंदिर से बाहर आते भक्त।

शिव भक्त करण मिन्हास ने कहा है कि वह 14 तारीख को जम्मू के भदरवा से पैदल चले थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग पड़ाव में रूक कर वीरवार को भरमौर में पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन किए।

उन्होंने कहा है कि इस बार हिमाचल सरकार व चंबा प्रशासन की ओर से बहुत ही बढ़िया तैयारी शिव भक्तों के आगमन के लिए की गई है। उन्होंने कहा है कि उन्हें इस यात्रा के दौरान किसी भी तरह की कोई भी परेशानी नहीं आई।

गौरतलब है हर वर्ष जम्मू के अलग-अलग जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर पैदल यात्रा करके पहुंचते हैं। जिसमें भारी संख्या में बच्चे महिलाएं भी शामिल होती है। इनके भरमौर पहुंचने पर पूरे भरमौर में माहौल पूरी तरह से शिवमय हो जाता है।

प्रशासन की ओर से भी मन्महेश आने जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या न हो इसके लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। प्रशासन के द्वारा भी यहां पर क्षेत्र को अलग-अलग सेक्टर में बांटकर अलग-अलग सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### हेलि टैक्सी की उड़ान के पहले दिन यात्रियों की लगी भीड़

**उत्तर** भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा में हेली टैक्सी सेवा गुरूवार से आरंभ हो गई है। इस दौरान दोपहर तक अढ़ाई सौ से अधिक यात्रियों ने भरमौर हेलिपैड से गौरीकुंड के लिए उड़ान भरी। हेलि टैक्सी के उड़ान के पहले दिन यहां पर हेलीकॉप्टर द्वारा यात्रा करने वालों की काफी भीड़ देखी गई। सुबह 6 बजे से भरमौर स्थित हेलिपैड से हेलीकाप्टर ने गौरीकुंड के लिए उड़ान भरी। जिसके बाद से दोनों कंपनियों के हेलि काप्टर लगातार उड़ानें भर रहे हैं। दोनों कंपनियों ने हेलिपैड के पास अपने टिकट काउंटर भी स्थापित कर दिए हैं। हेलि टैक्सी की डेली कोटा के हिसाब से 25 फीसदी टिकट मौके पर ही दी जाएगी, जबकि 75 फीसदी ऑनलाइन बुकिंग हो रही है। एडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने कहा कि हेलि टैक्सी सेवा गुरूवार से शुरु हो गई है। बहरहाल वीरवार को मौसम साफ होने के चलते हेलि टैक्सी के उड़ान के दौरान किसी भी तरह की समस्या नहीं आई और लोग लगातार हेलि टैक्सी के जरिए आते जाते रहे।


हैलिपेड में उड़ान भरने के लिए खड़ा हेलीकॉप्टर।

# हॉटस्पॉट स्थानों में उचित सफाई एवं निगरानी व्यवस्था बनाई जाए : मुकेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि नगर परिषद चंबा के तहत विभिन्न वार्डों में कूड़ा-कचरे के हॉटस्पॉट वाले स्थानों में उचित साफ-सफाई एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित बनाई जाए।

उन्होंने यह निर्देश आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला पर्यावरण संरक्षण प्लान को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए ।

उपायुक्त ने चंबा शहर के विभिन्न वार्डों में कूड़ा-कचरे के लिहाज से हॉटस्पॉट वाले स्थानों में उचित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद चंबा को निगरानी के लिए नगर परिषद के कर्मचारियों को तैनात करने को कहा। साथ में उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि ऐसे स्थानों पर कूड़ा-कचरा फेंकने वाले लोगों के चालान किए जाएं। उन्होंने ऐसे स्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद को आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद को अपशिष्ट पदार्थों को डंपिंग साइट तक ले जाने वाले वाहनों में निर्धारित मापदंडों के तहत सुखे और गीले कचरे के अलग-अलग कंपार्टमेंट की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने को कहा।

मुकेश रेपसवाल ने नगर परिषद चंबा के तहत डोर टू डोर अपशिष्ट पदार्थों के एकत्रीकरण व्यवस्था के तहत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की समीक्षा के दौरान उपयोग शुल्क राशि नहीं देने वाले लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को निर्देशित किया।

उपायुक्त ने नगर परिषद चंबा, डलहौजी तथा नगर पंचायत चुवाड़ी के तहत विभिन्न मदों की समीक्षा करते हुए जन सहभागिता के आधार पर सप्ताह में एक बार विशेष स्वच्छता अभियान चलने के भी निर्देश दिए । उपायुक्त ने जिला विकास अधिकारी को ग्राम पंचायत करियां, सरोल तथा बनीखेत में अपशिष्ट पदार्थों की एकत्रीकरण व्यवस्था को लेकर कार्य योजना तैयार करने को कहा । बैठक में सीवरेज ट्रीटमेंट, मेडिकल बेस्ट, कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन बेस्ट, इलेक्ट्रॉनिक बेस्ट, एयर एंड नॉइज पॉल्लूशन इत्यादि से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

# गाड़ी चौड़ा बांध में समाई घायल चालक चंबा रेफर

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

आज पुलिस थाना खैरी के अंतर्गत चौहड़ा-ब्रंगाल मुख्य मार्ग पर स्थित तलेरू में एक छोटा माल वाहक वाहन के अनियंत्रित होकर चौड़ा बांध में समा जाने का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी के अनुसार आज करीब 12 बजे छोटा हाथी (टेंपो) पीबी 06 ए एक्स 4152 जिसे अमरजीत पुत्र परमजीत मोहल्ला गुरु अर्जन जालंधर पंजाब चला रहा था। वह कुछ पंजाब से सामान लेकर भलेई क्षेत्र में डिलीवरी देने आया था जिसकी डिलीवरी देने के उपरांत वापस पंजाब जा रहा था, जैसे ही हुए तलेरू के पास पहुंचा जहां बीते कुछ दिनों पहले भारी भूस्खलन भी हुआ था उसी स्थान पर अचानक टेंपो पर से अमरजीत ने अपना नियंत्रण खो दिया और टेंपो नीचे बांध में समा गया। गनीमत यह रही की अमरजीत ऊपर झाड़ियां में ही फंसा रह गया।

कुछ वाहन चालकों ने उसे पीएचसी ब्रंगाल ले आए जहां डॉक्टर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे प्राथमिक की देने के उपरांत मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया। पीएचसी के डॉक्टर ने बताया कि जब चालक को पीएचसी लाया गया तब वे डरा व सहमा हुआ था। उसकी स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया गया। इस सारे मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुरद्वारा की गई है।

### कुगती में मोबाइल सिग्नल न होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के कुगती में मोबाइल टावर लगने के बाद भी लोगों की फोन पर बात नहीं हो पाती है यहां पर मोबाइल का सिग्नल बहुत ही कमजोर होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

हर साल लाखों श्रद्धालु प्रसिद्ध कार्तिक स्वामी मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं, लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के कारण लोगों की एक दूसरे से बात नहीं हो पाती है।

स्थानीय निवासी शिशु कुमार अशोक कुमार प्रदीप कुमार केवल सिंह अनुवाला में कहा है कि यहां पर कंपनी ने एक टावर तो लगाया है लेकिन सिग्नल बहुत ही कम है, जिस लिहाजाजी टावर शोपीस बनकर रह गया है।

# पलानी स्कूल को बंद करने पर ग्रामीणों में रोष

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

नलानी स्कूल को बंद करके प्राइमरी स्कूल बडग्राम में मर्ज करने के फैसले का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल को बंद करने के कारण यहां के छोटे नोनीहालों को 3 किलोमीटर दूर बढ़ग्रां स्कूल में जाना पड़ेगा जो बहुत ही कठिन काम है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शिक्षा निदेशालय द्वारा सिर्फ अपनी कागजी कार्यवाही के आधार पर स्कूल में कम बच्चे होने के आधार पर पलानी स्कूल को बंद कर दिया लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि पलानी स्कूल के अलावा ऐसे सात प्राइमरी स्कूल ओर भी थे जिसमें

**बच्चों को तीन किलोमीटर दूर पैदल जाना होगा मुश्किल**

बच्चों की कम संख्या होने की वजह से उन्हें डिनोटिफाई करने की लिस्ट में शामिल किया था लेकिन पूरे भरमौर में सिर्फ दो प्राइमरी स्कूल लमनौता और प्राइमरी स्कूल पलानी को ही क्यों मर्ज किया गया।

सोशल एक्टिविस्ट रामपाल ने कहा है कि अति दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद छोटे-छोटे बच्चे तीन किलोमीटर तक पैदल बड़ग्राम जा पाएंगे। सुबह रोज गाड़ियां भरमौर के लिए जाती है अगर छोटे बच्चे रोड में गाड़ी की चपेट में आ गए तो उसका जिम्मेदार कोन होगा। बरसात का दौर है छोटे बच्चों को छोड़िए आप बड़े लोगों को भी पलानी से बड़गाम पैदल जाना अत्यंत कठिन होता है। कहीं पहाड़ी से पत्थर ही न ऊपर गिर जाए। शिक्षा निदेशालय के उन अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए कहा है की क्या इन अधिकारियों ने खुद स्कूल का निरीक्षण किया था उधर इस विषय पर प्रधान ग्राम पंचायत बड़गांव शुभा देवी ने कहा है कि सरकार का यह फैसला बहुत ही गलत है।

यहां की भौगोलिक परिस्थितियों अत्यंत कठिन है लिहाजा ऐसे में बच्चों को तीन किलोमीटर दूर पैदल जाना बहुत मुश्किल है। यहां के प्रधान सामाजिक कार्यकर्ता हुआ अभिभावकों ने सरकार से इस फैसले को तुरंत बदलने की मांग की है।

# क्षय रोग के खात्मे के लिए उठाए आवश्यक कदम : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज ज़िला में क्षय रोग उन्मूलन को लेकर ज़िला टीबी फॉर्म एवं जिला स्तरीय क्षय रोग उन्मूलन समिति बैठक का आयोजन किया गया।


बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त व साथ हैं अन्य।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में क्षय रोग के खात्मे के लिए उठाए जा रहे आवश्यक कदमों की समीक्षा करते हुए एक्टिव केस फाइंडिंग मुहिम को और अधिक बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ में उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि विशेष कर हॉटस्पॉट वाले स्थानों को चिन्हित कर जांच प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाए।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को क्षय रोग उन्मूलन को लेकर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों को जन सहभागिता के आधार पर आयोजित करने को कहा ।

उपायुक्त ने क्षय रोगियों की आर्थिक एवं भावनात्मक सहायता के लिए निक्षय मित्र के रूप में सेवाएं प्रदान करने के लिए ज़िला अधिकारियों तथा समाज सेवकों का आह्वान भी किया। बैठक में कार्यवाही का संचालन ज़िला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी हरित पुरी ने किया । उन्होंने बताया कि क्षय रोग से संबंधित जानकारी टोल फ्री हेल्पलाइन 1800116666 प्राप्त की जा सकती है । उन्होंने ज़िला में विभाग द्वारा क्षय रोग उन्मूलन को लेकर किए जा रहे विभिन्न कार्यों का ब्यौरा भी रखा।

इस अवसर पर ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज, पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय से डॉ.शशिधर, डॉ. संजय कुमार , जिला परिषद सदस्य सीमा नारियल भी उपस्थित रहे।

# एरियर जारी न करने पर कर्मचारियों ने जताया विरोध

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

हिमाचल में डीए और छठे वेतनमान का संशोधित एरियर न मिलने से कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूट गया है। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर ऑर्गेनाइजेशन ने सरकार द्वारा महंगाई और नए वेतनमान का एरियर जारी न करने पर कड़ा विरोध किया है।

ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अश्विनी कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ता इसलिए प्रदान किया जाता रहा है ताकी समय के साथ बढ़ती जीवन यापन की लागत पर काबू पाया जा सके इसके साथ ही महंगाई से निपटने के लिए महंगाई भत्ते में में इजाफा किया जाता है।

फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि ऑल इंडिया टीचर ऑर्गेनाइजेशन शिक्षकों का एक बहुत बड़ा संगठन है जिसकी सदस्य संख्या वर्तमान समय में देशभर में 15 लाख से भी अधिक है। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ टीचर आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अश्विनी कुमार ने बताया कि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ टीचर ऑर्गेनाइजेशन पूरी तरह से सचिवालय कर्मचारी परिसंघ के साथ खड़ी है। जिन्होंने की सरकार द्वारा कर्मचारियों की देनदारी को पूरा न करने के लिए सरकार के खिलाफ का संघर्ष का बिगुल बजा रखा है।

# दो कंपनियों की आपसी खींचतान में पिस रहे ठेकेदार, अब गडकरी से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

कीतरपुर-मनाली फोरलेन प्रोजेक्ट के तहत बन रहे पंडोह बायपास टकोली प्रोजेक्ट का काम बंद पड़ा हुआ है। यहां दो कंपनियों की आपसी खिंचतान के कारण जहां काम रूका पड़ा है वहीं, ठेकेदारों का भुगतान न होने से वह भी कर्ज तले डूब गए हैं।


कंपनी ऑफिस में बैठे ठेकेदार बातचीत करते हुए

कंपनी ने इस काम को एफकॉन कंपनी को सबलेट कर रखा है। जितने भी ठेकेदार हैं वो सभी एफकॉन्स के अधीन काम कर रहे हैं। लेकिन कंपनी बीते डेढ़ वर्षों से यह कहकर भुगतान नहीं कर रही कि उन्हें शाहपुरजी-पलौनजी कंपनी की तरफ से भुगतान नहीं किया जा रहा। कंपनी ने अपने स्तर पर जो संभव था वो भुगतान कर दिया लेकिन अब उसके पास भी बकाया भुगतान के लिए पैसे नहीं बचे हैं। वहीं, दूसरी तरफ शाहपुरजी-पलौनजी कंपनी का कहना है कि वह समय पर भुगतान कर रहे हैं और ठेकेदारों को भुगतान करना एफकॉन्स का काम है। इसी चक्कर में इस प्रोजेक्ट का काम कर रहे करीब 3 दर्जन से ज्यादा स्थानीय ठेकेदार परेशान हो गए हैं। अब इन ठेकेदारों ने केंद्रीय मंत्री नीतिन गड़करी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

इन सभी ठेकेदारों ने एफकॉन्स और शापूरजी-पलौनजी कंपनी के अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों की कंपनियों की तरफ से इन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

| सूडोकु 0034 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

सरल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0033 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# सुन्नी बांध परियोजना पर धरना-प्रदर्शन जारी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी बांध परियोजना स्थल खैरा में चल रहे प्रभावितों का धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर मुखर हुए ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधि परियोजना स्थल पर परियोजना प्रबंधन के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रहे है । एडीएम शिमला ने भी परियोजना प्रबंधन का दौरा किया तथा परियोजना के खिलाफ कर रहे धरना प्रदर्शन ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की तथा इस दौरान प्रभावित पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने एडीएम शिमला के समक्ष अपनी समस्त मांगे रखी। प्रभावितों की मांगें सुनने के उपरांत उन्होंने परियोजना प्रबंधन के अधिकारियों के साथ भी बैठक की ।


प्रभावितों की समस्याओं को सुनते एडीएम शिमला ।

इस दौरान उन्होंने प्रभावित पंचायत के प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों की सभी मांगों को जायज ठहराया तथा इनकी सभी मांगों को पूरा करने आश्वासन दिया है। बता दें कि स्थानीय प्रभावितों सहित मंडी जिला के प्रभावित पंचायत के ग्रामीण तथा प्रतिनिधि भी प्रदर्शन में शामिल है।

# जेएनवी ठियोग की प्रवेश परीक्षा के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला शिमला के सभी विद्यालयों में 5वीं कक्षा में पढ़ रहे बच्चों को पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक के माध्यम से जिला के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए अपने-अपने संस्थानों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग के साथ इस संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस परीक्षा के लिए पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 सितंबर निर्धारित की गई है।


**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम


### आज का पंचांग

**23 अगस्त, 2024, शुक्रवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** चतुर्थी : (10:41): **नक्षत्र** रेवती (07:54), **पक्ष :** कृष्ण **योगः** शूल (09:30) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:49), **राहुकाल** (10:46 -12:23) ।

**विशेष दिन**

» 23 अगस्त 2024 : रक्षा पंचमी आज।

» 24 अगस्त 2024 : उब छठ व्रत कल।

**मेषः** आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा।

**वृषभः** दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठ बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी।

**मिथुनः** परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है।

**कर्कः** शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी।

**सिंहः** कुटुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी।

**कन्याः** धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी।

**तुलाः** धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिकः** कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा।

**धनु :** व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा।

**मकरः** गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रहेगा।

**कुंभः** व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा।

**मीनः** धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा।

# शिमला रोपवे सहित अन्य विकास कार्यों को दें गति : अनुपम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में जिला वन संरक्षण अधिनियम समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला के एफसीए से संबंधित लगभग 156 मामलों पर डिवीजन वार विस्तृत चर्चा की गई।


अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

उपायुक्त ने बताया कि कुल 156 मामलों में से कुछ मामले यूजर एजेंसी, डीएफओ स्तर पर, नोडल अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी एवं राज्य सरकार के स्तर पर लंबित है। उन्होंने कहा कि एफसीए से संबंधित लंबित मामलों का जल्द निपटारा करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन मामलों का निपटारा करने के लिए जरुरी कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है ताकि विकास कार्यों को गति प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि जो एफसीए के मामले वापिस लिए जाने है, उन मामलों को भी जल्द वापिस किया जाए ताकि पोर्टल पर मामले लंबित न पड़े रहे। उपायुक्त ने कहा कि इन मामलों के लंबित रहने से जिला और प्रदेश के विकास पर विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों को इस संदर्भ में आंतरिक बैठकें आयोजित कर सभी मामलों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए।

शिमला रोपवे मामले पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि यह परियोजना बेहद महत्वपूर्ण है जिसके बनने से शिमला को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि शिमला रोपवे के तहत शहर में 13 स्टेशन स्थापित किये जाने हैं, इसलिए एफसीए प्रक्रिया को गति देना आवश्यक है।

### ड्रंक एंड ड्राइव के लिए चलेगा विशेष अभियान

जिला शिमला में ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सके। यह बात उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कही। इसके अतिरिक्त जिस स्थान पर दुर्घटना होती है या दुर्घटना होने की सम्भावना है उस जगह पर क्रैश बैरियर लगाए जाएंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को इस सन्दर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि शिमला शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा जिला के 10 स्थानों पर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरा स्थापित करने का प्रस्ताव है।


**व अदालत सहायत समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील बल्ह, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश**

| मिसल नं. | तारीख मरजुआ | तारीख पेशी |
|---|---|---|
| 46/2024 | 01.08.2024 | 21.09.2024 |

चमन लाल पुत्र श्री हिरदा, निवासी गांव दवाडा, डाकघर डोभी, तहसील व जिला कुल्लू हि.प्र.

----प्रार्थी

वनाम

आम जनता --प्रत्यार्थी

**मृत्यु तिथि दर्ज करवाने हेतु ईश्तहार समाचार पत्र।**

चमन लाल पुत्र श्री हिरदा, निवासी गांव दवाडा, डाकघर डोभी, तहसील व जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश ने इस न्यायलय मे प्रार्थना पत्र गुजार कर अनुरोध किया है कि उसके ताऊ की मृत्यु दिनांक 14.07.1979 को हुई है। जो कि पंचायत रिकार्ड में दर्ज नहीं है। आवेदक अपने ताऊ डाहलु पुत्र बलिया (उक्त मृतक) की मृत्यु तिथि को ग्राम पंचायत सलवाहण के रिकार्ड में दर्ज करवाने हेतु आदेश चाहता है।

उपरोक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में आम जनता को इस ईश्तहार समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी व्यक्ति विशेष में उक्त आवेदक के ताऊ की मृत्यु तिथि 14.07.1979 को ग्राम पंचायत सलवाहण के रिकार्ड में दर्ज किए जाने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपना एतराज इस न्यायालय में दिनांक 21.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे या उससे पूर्व उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। निश्चित अवधि के दौरान कोई उजर/एतराज पेश न आने की सूरत में आम जनता के विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21.08.2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील बल्ह स्थित नेरचौक, जिला मंडी हि.प्र.**

**भगवान** मूर्तियों में मौजूद नहीं है। आपकी भावनाएं ही आपका भगवान हैं। आत्मा तुम्हारा मंदिर है। **-चाणक्य**

## संपादकीय

# भारतीयों के गर्व का दिन

23 अगस्त भारतीयों के लिए गर्व का दिन है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत के दम पर 23 अगस्त, 2023 के दिन भारतीय अंतरिक्ष यान चंद्रयान-3 ने चांद की जमीन पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर इतिहास रचा था। इस खास दिन को याद करते हुए, भारत आज पहली बार नेशनल स्पेस डे मनाने जा रहा है। यह दिन उमंग, उत्साह और कामयाबी का द्योतक है। हालांकि यहां तक पहुंचाना इतना आसान भी नहीं था, क्योंकि इससे पहले चंद्रयान-2 मिशन के तहत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने का भारत का प्रयास तब विफल हो गया था जब मिशन प्रबंधकों का संपर्क लैंडर से टूट गया और वो भी लैंडिंग से कुछ सेकंड पहले चंद्रमा की सतह से सिर्फ दो किलोमीटर की दूरी पर। वर्षों की मेहनत मटियामेट हो गई थी, लेकिन भारत ने फिर भी हार नहीं मानी। गिरने के बाद फिर संभला और चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च करने की ठान ली और नि:संदेह उसमें सफलता भी मिली। हमारे वैज्ञानिकों की दिन-रात की मेहनत रंग लाई। जो गलती चंद्रयान-2 के समय हुई थी उसे फिर दोहराया नहीं गया, बल्कि उस गलती से सबक लिया गया। आज चंद्रयान-3 की सफलता से हर भारतीय अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है।

उसका सीना गर्व से फूले नहीं समाता, लेकिन इस खुशी में हमें इसरो के वैज्ञानिकों को भूल नहीं जाना चाहिए, बल्कि उन्हें सदैव याद करते रहना चाहिए। जिस चांद को देखकर लोग कहते थे कि चंदा मामा बहुत दूर हैं, वो कहावत अब झूठी साबित हो चुकी है। इसरो के वैज्ञानिकों ने वो कर दिखाया है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। जिस अंतरिक्ष यान-3 ने चंद्रमा पर जाकर तिरंगा लहराया है उस मिशन की कुल लागत 615 करोड़ रुपए थी। इतने कम बजट में चांद पर पहुंचना किसी अचंभे से कम नहीं है, क्योंकि इससे ज्यादा बजट तो आजकल बॉलीवुड की फिल्मों पर खर्च हो रहा है। निश्चित रूप से भारत के लिए यह उपलब्धि मील का पत्थर साबित हुई है, जो भविष्य में युवा वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणा बनेगी। आज भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा, रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉसमॉस और चीन की अंतरिक्ष एजेंसी सीएनएसए के समकक्ष गर्व से खड़ी है। इसरो अब एक बार फिर अपने विज्ञान और तकनीक के अद्वितीय कारनामों से दुनिया को चौंकाने वाला है। भारत ने 2040 तक इंसाना को चांद पर पहुंचाने का लक्ष्य तय कर लिया है और वह इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसरो के वैज्ञानिक दिन-रात इस चंद्रयान-4 मिशन को सफल बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनकी मेहनत अवश्य रंग लाएगी। यह मिशन चंद्रयान मिशनों की एक अहम कड़ी होगी, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक और नई ऊंचाई पर ले जाएगा। इसरो का लक्ष्य 'शिव शक्ति' प्वाइंट से अगले कुछ सालों में चांद के सैंपलों को धरती पर लाना है, क्योंकि इससे पहले चीन ने चंद्रमा के नमूने लाने में सफलता हासिल कर ली है। इसके बाद भारत को भी नई उम्मीद की किरण नजर आ रही है। इसरो के वैज्ञानिक चंद्रमा की संरचना और उसके रहस्यों को गहराई से समझने के बाद ही अगला कदम उठाएंगे। हालांकि चांद पर इंसान को भेजना इतना आसान नहीं होगा।

कई तरह की तकनीकी और वैज्ञानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि इसके लिए अत्याधुनिक अंतरिक्ष यान के अलावा जीवन रक्षक प्रणाली, अंतरिक्ष यात्री का स्वास्थ्य और सुरक्षा के तगड़े इंतजामों पर फोकस करना होगा। खैर, इसके लिए इसरो के वैज्ञानिक अपने अनुभव के आधार पर सारे इंतजाम करने में सक्षम हैं। बहरहाल, जश्न के दिन वैज्ञानिकों की भूमिका और उनकी काबिलियत का लोहा मानना होगा, क्योंकि नेशनल स्पेस डे भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान में उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए है। यह दिन भारत के अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में योगदान को पहचानने और सम्मानित करने के लिए है। भविष्य की पीढ़ियों को अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए यह दिन खास होगा। यह दिन भारतीयों को अपने देश की उपलब्धियों पर गर्व करने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए है। तो आइए, हम सब मिलकर जश्न मनाएं और इस दिन को यादगार और खास बनाएं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष

**बलराम** जाखड़ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष हैं। वे मध्य प्रदेश राज्य के राज्यपाल भी रहे हैं। डॉ. बलराम जाखड़ ने सातवीं लोकसभा के लिए अपने सर्वप्रथम निर्वाचन के तुरंत बाद अध्यक्ष पद प्राप्त करके अपने संसदीय जीवन की शुरुआत करने का गौरव प्राप्त किया। उन्हें लगातार दो बार लोकसभा में पूर्ण अवधि के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने का अनूठा सम्मान भी प्राप्त हुआ। कृषक से राजनीतिज्ञ बने बलराम जाखड़ ने लोकसभा अध्यक्ष पद की चुनौतियों का पूरी जीवंतता से मुकाबला किया और पूर्ण गरिमा, शालीनता और निष्पक्षता से सभा की कार्रवाई का संचालन किया। उन्होंने अपने दल में सक्रिय भूमिका निभाने तथा इसके जरिए देश के सामाजिक-राजनीतिक जीवन में सक्रिय बने रहने के लिए वर्ष 1989 में अध्यक्ष पद का त्याग कर दिया। बलराम जाखड़ का जन्म पंजाब राज्य के फिरोजपुर जिले में पंजकोसी गांव में हुआ था। उनका शैक्षिक जीवन बहुत प्रतिभाशाली रहा। उन्होंने वर्ष 1945 में फॉरमेन क्रिश्चियन कालेज, लाहौर से संस्कृत ऑनर्स में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वह, वस्तुत: बहुभाषाविद् थे और उन्हें अंग्रेजी, संस्कृत, हिंदी, उर्दू और पंजाबी का गहन ज्ञान थे। जाखड़ मूलत: एक कृषक और विशेष रूप से फलोद्यानी थे। स्नातक स्तर तक शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् उन्होंने अपने कृषि के पारिवारिक व्यवसाय को अपनाया तथा अपनी कृषि-भूमि पर फलों और अंगूरों के बागों के विकास के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया। ■



**बलराम जाखड़**
**जन्म :** 23 अगस्त, 1923
**मृत्यु :** 3 फरवरी, 2016



### सियासी गोटियां

आर्यन राणा, आलमपुर, जिला कांगड़ा

*खूनी दरिंदों के हाथों मर रही हैं बेटियां,*
*और ये सेंक रहे हैं अपनी सियासी रोटियां।*
*हर मौका पाकर ये,*
*फिट करते हैं अपनी-अपनी गोटियां।।*
*टीवी पर बहस में ये ऐसे गरजते हैं,*
*जैसे दरिंदों पर चला देंगे गोलियां।*
*घड़ियाली आंसू बहाते हैं मौत पर,*
*और फिट करते हैं अपनी-अपनी गोटियां।।*
*इनके खिलाफ अगर उठे कोई आवाज,*
*तो सड़क से संसद तक मचता है हाहाकार।*
*विरोध-प्रदर्शन का नाम देकर,*
*बनाते हैं अलग-अलग टोलियां,*
*हर जगह फिट करते हैं अपनी-अपनी गोटियां।।*
*शराफत का मुखौटा ओढ़कर,*
*बोलते हैं ये तरह-तरह की बोलियां।*
*भीड़ की अगुवाई करते हुए भी,*
*फिट करते हैं अपनी-अपनी गोटियां...*
*फिट करते हैं अपनी-अपनी गोटियां।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# आंध्र प्रदेश हादसा : भीषण अग्निकांड का जिम्मेदार कौन?

देश में हर वर्ष मजदूर दबकर व जलकर मारे जा रहे हैं। ताजा दर्दनाक अग्निकांड 21 अगस्त 2024 को आंध्र प्रदेश के आनाकापल्ले जिले की एक फार्मा कंपनी में 21 अगस्त बुधवार को करीब 2 बजे आग लग गई। जिसमें 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 36 लोग घायल हो गए। यहां 381 कर्मचारी काम करते हैं, जब आग की घटना हुई तब ज्यादातर कर्मचारी लंच करने गए थे, अन्यथा मरने वालों की संख्या बहुत होती। केपिस्टर रियेक्टर में ब्लास्ट होने से यह हादसा हुआ है। 23 मई को भी महाराष्ट्र के ठाणे में केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से नौ लोगों की मौत हो गई थी और साठ लोग घायल हो गए थे। 2 फरवरी 2024 को बद्दी की परफ्यूम फैक्ट्री में घटित हुआ था। जहां 35 लोग झुलस गए थे और एक महिला की मौत हो गई थी। फैक्ट्री के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया था। आगजनी के समय करीब 50 कामगार मौजूद थे।

30 कामगारों ने ऊपरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचा ली थी। इनमें तीन की रीढ़ की हड्डी टूट गई , मालिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है इससे पहले भी बद्दी में काफी अग्निकांड हो चुके हैं, लेकिन सबक नहीं सीख रहे हैं। सरकारों को इस हादसे से संज्ञान लेना चाहिए। वर्ष 2019 में राजधानी दिल्ली में रानी झांसी रोड पर अनाज मंडी में रविवार सुबह चार बजे आग लगने से 43 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा कई लोग घायल हो गए थे। एडीआरएफ की टीम ने 56 लोगों की जान बचा ली थी। यह भीषण आग सुबह साढ़े चार बजे के करीब लगी थी। आग लगने का कारण शार्टसर्किट था। भारतीय दंड सहिंता की धारा 304 के अंतर्गत मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। यह मजदूर बिहार के समस्तीपुर के एक ही गांव के है। पलक झपकते ही अनाज मंडी श्मशानघाट बन गई थी। लाशों के ढेर लग गए थे। चीखो पुकार मच गई थी। मजदूर खाक हो गए थे। कैसी विडंबना है कि कभी सुरंगों व उद्योगों में बेमौत मारे जा रहे हैं। मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती, लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

2024 में भी उद्योगों में आग के काफी मामले घटित हुए है। देश में मजदूरों के साथ होने वाले हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कारखानों में जल कर मजदूर मर रहे हैं। गत वर्ष भी एक ही दिन में दो हादसों में 19 मजदूर मारें गए थे। जब राजधानी दिल्ली के बाहरी जिले में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक पटाखें की फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लगनें के कारण 17 लोगों की मौत हो गई थी और तीस लोग बुरी तरह झुलस गए थे। मरने वालों में 10 महिलाएं तथा 7 पुरुष थे। मजदूरों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि यह पटाखा गोदाम शमशान बन जाएगा। पल भर में जिंदा लोग राख में बदल गए, यह बहुत ही त्रासदी है। लगभग तीन घंटे की मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, तब तक सब कुछ राख हो चुका था। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन को चाहिए कि लापरवाही बरतने वालों को सजा दी जाए, ताकि फिर ऐसे हादसे न हो सके। दूसरे हादसे में कानपुर में भी दो मजदूरों की मलबे में दबने से दर्दनाक मौत हो गई।

एक दिन में ही 19 मजदूर मारे गए। यह बहुत ही दुखद है। बीते वर्ष में रायबरेली के ऊंचाहार में एटीपीसी संयंत्र का बायलर फटने से 30 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा 100 के लगभग घायल हो गए थे। 500 मैगावाट इकाई के बायलर में यह हादसा हुआ था। उस समय 200 कामगार मौजूद थे। सरकारे मृतकों को मुआवजे की घोषणा करती है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है। एक ऐसा ही हादसा जयपुर के पास खातोलाई गांव में घटित हुआ था। जहां टाऊसफारमर फटने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। गत वर्ष जम्मू के उधमपुर से 80 किलोमीटर दूर रामबन जिले के चंद्रकोट में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर टनल कर्मचारियों की बैरक में आग लगने से दस श्रमिक जिंदा जल गए थे। यह बैरक लोहे व फाइबर की बनी थी। यह बहुत ही दुखद हादसा था। आग लगने का कारण बिजली का शार्टसर्किट था।इस बैरक में 100 से अधिक लोग रहते थे। मगर छुट्टी होने के कारण आसपास के लोग अपने घरों को चले गए थे। गनीमत रही कि यह अपने-अपने घरों को गए थे वरना मृतकों की संख्या 100 के लगभग होती ।नया वर्ष इन मजदूरों के लिए यमराज बन कर आया था और बेचारे टनल में ही जिंदा जलकर राख हो गए थे।

इन अभागों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि नया साल उनके लिए घातक साबित होगा। मारे गए मजदूरों में एक मजदूर हिमाचल के कांगड़ा का था तथा एक पंजाब का था। बाकी बनिहाल-रामबन क्षेत्र के निवासी थे। सुरंग में घटित इस दर्दनाक हादसे ने कई प्रश्न खड़े कर दिए है कि आखिर यह हादसे कब रुकेंगे। यह कोई पहला हादसा नहीं है देश में अब तक हजारों मजदूर बेमौत मारे जा चुके हैं। एक साल पहले हिमाचल के बिलासपुर में भी एक ऐसा ही हादसा घटित हुआ था। जब फोरलेन का काम करते समय सुरंग ढह गई और तीन मजदूर उसमें दब गए मगर 12 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद दो मजदूरों को जिंदा निकाला गया था। एक मजदूर हिरदा राम का कोई पता नहीं चल पाया था कि वह जिंदा था या मर चुका था। लगभग 9 महीने बाद उसका शव बरामद हुआ था। हिमाचल के जिला किन्नौर में एक निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की दीवार गिरने से चार मजदूर बेमौत मारे गए थे। यहां पर 11 मजदूर काम कर रहे थे कि अचानक दीवार गिर गई, सात मजदूर तो भागकर बच गए मगर बेचारे चार मजदूर जिंदा दफन हो गए। इन मजदूरों पर 42 मीटर लंबी दीवार गिर गई थी। हिमाचल में ऐसे बहुत हादसे हो रहे है। हमीरपुर में भी गत दिनों दर्जनों मजदूर मारे गए थे। 2015 के फरवरी माह में एक सप्ताह में दो दर्दनाक हादसों में 10 मजदूर मारे गए और 20 मजदूर घायल हो गए। पहला हादसा हिमाचल के कुल्लू में हुआ तथा दूसरा मुंबई में हुआ।

मुंबई के अलीबाग में एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 9 मजदूर मारे गए थे और 19 घायल हो गए थे और दूसरी घटना में 24 फरवरी 2014 को कुल्लू के मणीकर्ण में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई थी, जो बिजली विभाग के एक ठेकेदार के पास काम कर रहा था। इस दर्दनाक हादसे में एक अन्य मजदूर घायल हो गया था। गोवा के कनाकोना शहर में एक निर्माणाधीन इमारत गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई थी और 40 से अधिक लोगों की इमारत के भितर दब गए थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हत्याकांड से हिंदुओं को बांटने की साजिश

कांग्रेस के 'ब्रांड एंबेसडर' और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी जिस तरह की जातिवादी राजनीति कर रहे हैं, वह देश और समाज के लिए काफी घातक है। राहुल गांधी अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए हिंदू समाज को बांटने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। यह सिलसिला राहुल ने काफी पहले शुरू कर दिया था। इस साल हुए आम चुनाव के बाद तो राहुल ने हिंदुओं को बांटने की साजिशें और भी तेज कर दी हैं। आश्चर्य की बात यह है कि पारसी दादा फिरोज घांडी के पौत्र राहुल गांधी अपनी जाति धर्म तो छिपाते हैं पर हर हिंदू युवक से उसकी जाति पूछना वह अपना अधिकार समझते हैं।



**लेखक : संजय सक्सेना**
वरिष्ठ पत्रकार

सबसे पहले जान लेते हैं कि राहुल गांधी के दादा फिरोज घांडी को गांधी उपनाम कैसे मिला? कई किताबें कहती हैं कि घांडी फिरोज का कुलनाम था, जो पारसी धर्म में एक जाति विशेष का उपनाम होता है। फिरोज का उपनाम घांडी लोगों की जुबान पर नहीं चढ़ा था, एक तो घांडी उपजाति वाले पारसियों की आबादी बेहद कम थी, दूसरे उस समय तो सब गांधी के पीछे भाग रहे थे। अज्ञानतावश लोग फिरोज घांडी को भी फिरोज गांधी कहकर बुलाने लगे, जिसका फिरोज को फायदा भी मिला, इसलिए उन्होंने कभी इसका विरोध नहीं किया, लेकिन यह भी हकीकत है कि वह मरते दम तक पारसी ही रहे, उन्होंने अपना धर्म नहीं बदला।

पारसी समाज के रीति-रिवाज के अनुसार ही उनकी अंतिम क्रिया हुई थी। खैर, यह सब इस लिए याद आ गया, क्योंकि राहुल गांधी एक बार फिर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में हुई एक हत्या के सहारे हिंदुओं को आपस में लड़ाने के लिए बिसात बिछा रहे हैं। बता दें पिछले दिनों रायबरेली में आपसी लड़ाई झगड़े में पारसी समाज के युवक अर्जुन की हत्या कर दी गई थी। यह एक आपराधिक घटना थी, जिसे राहुल गांधी ने दलित बनाम सवर्ण सियासत में बदल दिया। अपनी इसी सियासी महत्वाकांक्षा को पूरी करने के लिए 20 अगस्त मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। उन्होंने यहां अर्जुन पारसी के परिजनों से मुलाकात की। भरोसा दिया कि उत्पीड़न के मामले को सड़क से सदन तक उठाया जाएगा। राहुल गांधी इस हत्याकांड के सहारे अगड़ों और दलितों के बीच खाई पैदा करने का कुच्रक रचने लगे। बता दें राहुल गांधी दलित समाज के युवक अर्जुन पारसी के मामले को लेकर विधानसभा की 103 सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। उनकी पार्टी यह भी रणनीति बना रही है कि दलितों से जुड़े मुद्दे पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भी अब अर्जुन पारसी की हत्या का मुद्दा उठाया। उत्तर प्रदेश में जाटवों के बाद पारसी दूसरा सबसे बड़ा दलित समुदाय है, जो राज्य की कुल अनुसूचित जाति आबादी का लगभग 16 प्रतिशत है। समाज के लोगों का दावा है कि वे करीब 103 सीटों पर प्रभाव रखते हैं, जिसमें 70 सीटें ऐसी हैं, जहां पारसी समाज ही निर्याणक भूमिका में हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### कविता — सेब



राकेश डोगरा

*मैं हूं बढ़िया मीठा सेब*
*मुझसे काहे का परहेज।*
*खाएं बूढ़े नौजवान,*
*बच्चों की तो मैं हूं जान।*
*मेरे कितने ही प्रकार,*
*मैं रोगियों का आहार।*
*हर मौसम में होता हूं,*
*डिब्बे में भी मिलता हूं।*
*चाहे भारत हो या रूस,*
*सारे पीते ऐप्पल जूस।*
*थोड़ा महंगा मेरा मोल,*
*मैं सुंदर सा गोल-मटोल।*
*किलो दो किलो ले जाओ।*
*जी भर खाओ और खिलाओ।*
*होता था पहाड़ों पर पहले,*
*अब मैदानों में भी फैले।*
*क्यों हो तुम सब मुझसे रूठे,*
*खूब लगाओ मेरे बूटे।*

# सरकारें पशुधन गणना करवाने तक ही सीमित

हिमाचल प्रदेश में दुग्ध क्रांति लाने का दावा राज्य सरकारें करोड़ों रुपए का बजट फूंकने के बावजूद सफल नहीं हुई हैं। दूध प्लाटों पर लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद पशु पालकों की आर्थिकी में कोई इजाफा नहीं हुआ है। सरकार द्वारा तय दूध के दामों से अधिक पशुपालक गांवों में बेचना कहीं अधिक मुनाफे का काम समझते हैं। राज्य सरकारें सिर्फ पशुधन गणना करवाने तक सिमित हैं। पंचायत सचिवों को राज्य सरकारें दुधारू पशुओं की गणना किए जाने का जिम्मा सौंप देती है। दुधारू पशुओं का डाटा एकत्रित किए जाने के सिवाए गाय की बेकद्री रोकने में सरकारें नाकाम हैं। सुख की सरकार ने दूध सहित गोबर खरीदने का सब्जबाग भी पशुपालकों को दिखाया था। मगर फिलहाल अभी तक कुछ भी खरीदने की कवायद शुरू नहीं हो पाई है।

सुख की सरकार पशुधन की 21वीं गणना किए जाने की योजना बनाई है। इस योजना का श्री गणेश एक सितंबर से दिसंबर महीने तक चलेगा। दुधारू पशुओं की गणना की जाएगी, मगर आवारा बैल( सांड) से जनता को राहत कौन दिलाएगा? आवारा सांड लोगों पर जानलेवा हमले करके उन्हें मौत के घाट उतार रहे हैं। आवारा सांड का भय जनता में देखने को मिल रहा है। सड़कों, पुलों और गलियों में आवारा पशुओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है। गाय माता को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ भी आज कड़ी कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। किसी के खान-पान का विरोध करने से पहले लोगों को अपनी कमियां भी सुधारने पर जोर देना जरूरी है। गाय हमारी माता बच्चों को यह पाठ बचपन में ही स्कूलों में पढ़ाया जाता है। गाय माता जब तक दूध देती रहे तो माता, जैसे ही दूध देना बंद किया तो स्वार्थी लोग उसे कुमाता बना देते हैं।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

ठीक जिस तरह की सोच हम अपने दुधारू पशुओं के प्रति रख रहे वही नीति हम अपने अभिभावकों के प्रति भी लागू करते जा रहे हैं। शिक्षित होने का हक आम आदमी किस तरह अदा कर रहा गाय माता की बढ़ती बेकदरी से ही अंदाजा लगाया जा सकता है। बढ़ती हुई आवारा पशुओं की समस्या दिनोंदिन गंभीर बन रही और लोग अपनी नैतिक जिमेदारियों को सही नहीं निभा पा रहे हैं। आवारा पशुओं के आतंक से किसान आहत होकर कृषि छोड़ने तक मजबूर हो गए हैं। यही पशु आजकल सड़कों पर अपना डेरा जमाकर सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ भी बढ़ाते जा रहे हैं। किसानों ने ज्यादा दूध के लालच में अपनी देशी नस्ल की गऊओं को नकारकर उसकी जगह विदेशी नस्ल की जर्सी गऊओं को तरजीह दी है। इंसान की सोच भी बड़ी अजीब किस्म की होती है। जिसे गो माता माना जाता उसकी सबसे अधिक बेकदरी और जिसे हमारा समाज माता मानने से परहेज करता, उसकी देखभाल सबसे अधिक हो रही है? बदलते सामाजिक परिवेश के चलते लोगों ने अपना खान-पान,रहन-सहन और रीति-रिवाज तक बदल डाले हैं।

कच्चे स्लेटपोश मकान अब देखने तक को भी नहीं मिलते हैं। एक समय ऐसा रहा कि कच्चे मकानों में सफाई रखने के लिए गाय के गोबर का लेपन किया जाता था। मकान की दीवारों और आंगन में भी गोबर को मिट्टी में मिक्स करके लगाया जाता था। चूल्हों में अक्सर गोबर के उपले ईंधन जलाए जाने के तौर पर इस्तेमाल किए जाते थे। गोवर से कंपोस्ट बनाकर खेतों में डालकर फसलों की पैदावार की जाती थी। आजकल का किसान मॉडर्न बनता जा रहा और पशुपालन करना शर्म का कार्य महसूस करता जा रहा है। महिलाओं को गोबर उठाने मैं अब लज्जा आने लगी और कुछेक तो उसे देखकर दूर से ही भागना पसंद करती हैं। किसानों के पास जमीनें तो हैं, मगर दुधारू पशुओं का अभाव है। ऐसे किसान बाजारों से केमिकल युक्त दूध और दही खरीदकर उसको खाना स्वास्थ्य लिहाज से बेहतर समझ रहे हैं। बाजारों में बिक रहे जहरीले दूध से कितनी बीमारियां पैदा हो सकती है, यह बात अब किसी से छुपी नहीं है। मगर बावजूद इसके लोग घरों में दुधारू पशुपालने की बजाए जहरीले खाद्य पदार्थों को ऐसे निगल रहे हैं। माना कि पशु चारे के दाम आसमान को छूते, मगर अपनी खुद की जमीन होने के बावजूद गाय तक को न पाल सकने वाले किसान नहीं हो सकते हैं। देशी गाय का दूध सबसे अधिक पौष्टिक आहार वाला माना जाता है।

आखिर देशी गाय की अनदेखी क्यों हो रही, इस बारे चिंतन करने की जरूरत है? हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में गाय को हरा घास सदैव नहीं मिल पाता, जिसके चलते उसमें गर्भधारण सफल नहीं हो पा रहा है। गाय को अक्सर सूखा चारा खिलाते रहने से उसके पेट की बच्चेदानी पर इसका विपरीत असर पड़ता है। नतीजतन ऐसी गऊओं में गर्भधारण होने के चांस बहुत ही कम रह जाते हैं। आजकल गाय को गर्भधारण करने के लिए पशु चिकित्सालयों में लाकर उसे टिका लगवाना पड़ता है। गर्भधारण के इस टिके को लेकर भी किसानों में आसमजस्य की स्थिति ही बनी रहती है। गाय को बार-बार गर्भधारण का टीका लगाए जाने के बावजूद उसका प्रसूता न होने की वजह से ही उसकी अनदेखी शुरू हो जाती है। गाय जब घरों में बांझ बनकर रह जाती, तो उसकी बदनसीबी की दास्तान लिखना शुरू हो जाती हैं।

वर्षों अपने दूध से जो गाय एक परिवार को अपने खून से सींचती रही, वही लोग उसे फिर मतलबी बनकर आवारा छोड़ देते हैं? मतलब परस्त लोग रात के अंधेरे में गाड़ियों में ऐसे पशुओं को भरकर खड्डों और नालों में छोड़कर अपनी जान छुड़ा लेते हैं। ऐसे पशु गाड़ियों से टकराकर और पहाड़ियों से गिरकर चोटिल हो जाने के बाद खुद ही बेमौत मर रहे हैं। अक्सर ऐसे आवारा पशु किसानों की फसलों को तहस नहस करके रख देते हैं। आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक के खिलाफ लोग उन पर भी लाठियों, पत्थरों और लोहे की छड़ों से वार करके उन्हें लहूलुहान कर देते हैं। बेजुबान आवारा पशुओं पर भी अत्याचार अब बढ़ते ही जा रहे, मगर बावजूद इसके पशुपालकों का मन फिर भी नहीं पसीज रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सोशल मीडिया के युग में रौनक खोते जा रहे हैं हमारे त्योहार

हमारा प्यारा भारत, संस्कृति का ऐतिहासिक, समृद्ध व गौरवशाली ऐसा अद्भुत केंद्र जहां से पूरे विश्व में अनेक संस्कृतियों व रीतियों का प्रचार हुआ, कई विचारों का जन्म हुआ, कई विद्वानों के ज्ञान ने परचम लहराया है। संस्कृति, रीति-रिवाजों व त्योहारों के लिए पूरे विश्व में हमारा देश विशेष ख्याति प्राप्त है, लेकिन समय के चक्र के साथ यह त्योहार अब महज औपचारिकताएं सी प्रतीत हो रहे हैं।

आज सभी त्योहार केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित हो गए हैं, त्योहार को मनाने का तो पता नहीं मगर फोटो खिंचवाने का त्योहार ज्यादा लगने लगा है। जिस दिन कुछ त्योहार हो उस दिन बिना फोटो खिंचवाएं व सोशल मीडिया पर साझा किए व देखे बिना मानो अनुभूति सी ही नहीं होती है कि कोई त्योहार आज है। यहां विषय सोशल मीडिया की महत्ता या दुष्प्रभाव का नहीं है, बल्कि यह संस्कृति,रीति-रिवाजों व त्योहारों को सामाजिक ढंग से मनाने व सहेज कर आने वाली अगली पीढ़ी को हस्तांतरित करने का विमर्श है। आज के समय में त्योहार और रीति-रिवाज सिर्फ सोशल मीडिया तक ही सीमित होते जा रहे हैं। लोग त्योहारों की तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं, लेकिन उनके पीछे के अर्थ और महत्व को भूल रहे हैं। पहले त्योहारों को लेकर बच्चों में कई दिन पहले से ही उत्साह नजर आता था, त्योहार के दिन की योजनाएं बनना शुरू हो जाती थी।

एक दूसरे के घर जाकर बधाइयों का तांता सा लगा रहता था, मिठाइयों की दुकानों पर खुशी की मिठाई खरीदते लोगों की भीड़ लगी रहती थी, सभी सारे काम छोड़कर घर गांव जाकर सबके साथ मिलकर त्योहार मनाते थे, बच्चों को त्योहारों पर खेल-कूद व मस्ती करने की एक स्वतंत्र माहौल प्राप्त होता था, ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य चलता था, लोकगीतों की गूंज सुनने को मिलती थी। जहां कभी त्योहारों के अवसर पर पूरा समाज संगठित प्रतीत होता था, धूमधाम व हर्षोल्लास से त्योहार मनाएं जाते थे, आज तो मानो केवल सोशल मीडिया में फोटो डालने के लिए ही महज औपचारिकताएं पूर्ण करने की हौड सी मची हो, इससे हमारी संस्कृति और परंपराएं धूमिल होती जा रही हैं। त्योहारों का असली आनंद और महत्व खोता जा रहा है। हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। त्योहारों को मनाने के लिए हमें अपने परिवार, मित्रों और समुदाय के साथ आज पुन: जुड़ना होगा।



**लेखक : ठाकुर दीक्षित धलारिया**
संधोल, जिला मंडी

त्योहार और रीति-रिवाज हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हमें सोशल मीडिया के अलावा भी इनको मनाने की राह पर लौटना होगा और अपनी संस्कृति को जीवंत रखने के लिए प्रयास करना होगा, अन्यथा वो दिन दूर नहीं जब आने वाली पीढ़ी आपको प्रश्न करेगी कि 'यह कैसा त्योहार होता था,इसमें क्या करते थे?' तब आपके मुख पर एक सन्नाटा होगा एक चुप्पी होगी कि हम वक्त के साथ अपने त्योहारों से कितने दूर चले आएं है। आज के समय में तो फोटो खींच के न डाला तो ऐसा लगता है, मानो यह सोशल मीडिया समाज उनके द्वारा मनाए गए त्योहार को स्वीकारेगा भी या नहीं। आधुनिकता की दौड़ में हम अपने पुरातन त्योहारों को भूलते से जा रहे हैं।

इसकी वजह से हमारी आने वाली पीढ़ी इन त्योहारों को मनाना तो दूर उनके बारे में जानेंगी तक नहीं बेशक समय के साथ चलना बहुत जरूरी है, मगर हमें इतना तेज भी नहीं चलना चाहिए कि हम अपनी पुरातन संस्कृति व सभ्याचार, अमीर विरसे व त्योहारों को किनारे कर समय की इस अंधी दौड़ में सिर्फ आगे ही दौड़ते जाएं और पीछे सब छोड़ते जाएं। हमारे मेले, त्योहार व रीति-रिवाज सांस्कृतिक विरासत हैं, जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। ये पर्व जन समुदायों की सामाजिक मान्यताओं, परंपराओं और पूर्व संस्कारों पर आधारित होते हैं। सभी त्योहारों की अपनी परंपराएं, रीति-रिवाज होते हैं।

ये त्योहार मानव जीवन में करुणा, दया, सरलता, आतिथ्य सत्कार, पारस्परिक प्रेम, सद्भावना, परोपकार जैसे नैतिक गुणों का विकास कर मनुष्य को चारित्रिक एवं भावनात्मक बल प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति के गौरव एवं पहचान के ये पर्व, त्योहार सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हैं। त्योहार समाज में बंधुत्व,मिलन, समरसता बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मगर डिजिटल युग की दौड़ में सब इनसे पिछड़ से रहे हैं। कब वो दिन आएगा जब एक बार फिर घर के आंगनों में त्योहार मनाते हुए बच्चे हठखेलियां करते नजर आएंगे, गांव-शहर त्योहारों पर गुलजार होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लोक निर्माण मंत्री 23 अगस्त को मंडी प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 23 अगस्त को मंडी के प्रवास पर रहेंगे। 23 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र के कून का तर में सांडापतन-भरोल-भरगांव-कोटली सड़क पर ब्यास नदी के ऊपर निर्मित होने वाले पुल की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह दोपहर बाद 2.30 बजे नलवाड़ मेला साईगलू के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### जीएसटी के नए प्रावधानों बारे व्यापारी किए जागरूक

**कविता, पधर।** राज्य कर एवं आबकारी विभाग के सौजन्य से पधर में व्यापारियों को जीएसटी के नए प्रावधानों बारे जागरूक करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। राज्य कर एवं आबकारी विभाग की सहायक आयुक्त संगीता गुरंग द्वारा व्यापारियों को जीएसटी काउंसलिंग द्वारा जीएसटी के तहत लिए गए नए निर्णयों तथा जीएसटी में किए गए संशोधनों बारे जानकारी मुहैया करवाई गई। उन्होंने कहा कि जीएसटी आर वन की सेक्शन 73 के तहत अब वर्ष 2017-2018, 2018-2019 तथा 2019-2020 के तहत जिन भी कारोबारियों को जीएसटी के बकाया डिमांड तथा पेनल्टी के नोटिस जारी किए गए है, उन्हें काउंसिल द्वारा छूट देते हुए कहा कि कारोबारी द्वारा डिमांड नोटिस की। सहायक आयुक्त संगीता गुरंग ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि वे इस बारे में विभागीय अधिकारियों से विचार विमर्श कर कार्यशाला का आयोजन करवाने का प्रयास करेंगी।

### करदाता संवाद अभियान के तहत जागरूक किए व्यापारी



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने करदाता संवाद अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के माध्यम से विभाग और विभिन्न हितधारकों, जिनमें कर व्यवसायी, पंजीकृत करदाता और व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल रहे। इससे विभाग और व्यापारियों के मध्य बेहतर संचार और समझ को बढ़ावा देने के राज्यव्यापी पहल के हिस्से के रूप में सहायक आयुक्त अपूर्व चंदेल, सुनील कुमार, एएसटीईओए विकास शर्मा, वीरेंद्र सिंह और विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर व्यापारियों की चिंताओं का समाधान किया।

### हिंदी विषय पर प्रतियोगिता 6 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग मंडी द्वारा 6 सितंबर को संस्कृति सदन, मंडी में स्कूली छात्रों की हिन्दी विषय पर जिला स्तरीय भाषण, निबंध तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने दी। हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का विषय 'तकनीकी युग में हिन्दी भाषा' तथा 'हिन्दी का वर्तमान और भविष्य', हिन्दी निबंध लेखन का विषय 'भारत का गौरव हिन्दी' तथा 'आधुनिक शिक्षा पद्धति में हिन्दी की दशा एवं दिशा' जबकि हिन्दी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में विद्यालय स्तरीय प्रश्नोतरी के लिए हिन्दी साहित्य तथा हिन्दी व्याकरण के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे।

### हिमालयन स्कूल कमेटी की बैठक संपन्न

**रितेश, सरकाघाट।** हिमालयन पब्लिक स्कूल कमेटी को विशेष बैठक कमेटी के अध्यक्ष (सेवानिवृत प्रधानाचार्य)- राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में स्कूल परिसर में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों को समय समय पर विभिन्न तरह की काउंसलिंग, जिनमें संस्कार, नशे के दुर्पयोग और बच्चों व स्टाफ के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, स्कूल मैगजीन, सेफ्टी तथा डिजिटल एजुकेशन के संदर्भ पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने सुझाव दिया कि स्कूली बच्चों तथा स्टाफ के हेल्थ कार्ड भी स्कूल में रखें जाएं तथा हर महीने होने वाली बैठक के मिनिट्स ऑफ मीटिंग बना कर, जिम्मेदारी के साथ अगली मीटिंग में चर्चा में लाएं जाएं और बच्चों को नशे के ऊपर दी जाने वाली काउंसलिंग को ज्यादा बढ़ा चढ़ा कर न देने का सुझाव दिया।

### संस्कृतमय वातावरण के साथ संपन्न हुआ संस्कृत सप्ताह



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय उच्च पाठशाला बिजन-ढलवान में 16 अगस्त से शुरू हुए संस्कृत सप्ताह का समापन 22 अगस्त को संपन्न हुआ। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक डॉ. मनोज कुमार शैल ने बताया कि इस संस्कृत सप्ताह में विद्यालय की प्रार्थना सभा की सारी गतिविधियां संस्कृत में ही संचालित की गई। छात्रों ने हर गतिविधि को संस्कृत में प्रस्तुत किया। समापन समारोह में संस्कृत-संस्कृतिज्ञान-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सात टीमों ने भाग लिया और साक्षी एवं रीनु के दल ने प्रथम, प्रिया एवं रोहित के दल ने द्वितीय तथा गौरव एवं तुषार के दल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** खंड विकास अधिकारी चौंतड़ा के परिसर में वीरवार को 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में बीडीओ कार्यालय चौंतड़ा के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित विभिन्न पंचायतों के ग्राम संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने भाग लिया।

इस मौके पर बीडीओ चौंतड़ा सरवन कुमार ने आम व अमरूद का पौधा रोपित कर समस्त विकास खंड में इस अभियान की शुरुआत की। इस बात की पुष्टि करते हुए बीडीओ चौंतड़ा सरवन कुमार ने बताया कि आज बीडीओ कार्यालय परिसर चौंतड़ा से आम व अमरूद का पौधा रोपित कर पूरे विकास खंड में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत की।

# अद्भुत है दो श्मशानघाटों के बीच में देव लैडेश्वर का मंदिर

**पीयूष शर्मा, करसोग**

करसोग में एक ऐसा मंदिर है तो दो दो श्मशानघाटों के बीच में स्थित है। जी हां देव लैडेश्वर का मंदिर देखने में तो अद्भुत है ही, इसकी कथा भी अनौखी है। इसका इतिहास सौ दो सौ नहीं बल्कि महाभारत काल से जुड़ा हुआ है।

यहां पत्थर की प्राची घड़ी भी है, जिस पर आठ पहर बने हुए हैं। विज्ञान और धर्म किस तरह आपस में गूंथे हुए हैं, इसके प्रमाण इस मंदिर में देखने से मिल जाते हैं।



करसोग के ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर देवता श्री लैढी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने देवता का

### धूमधाम से मनाया देव लैढी का प्राकट्य दिवस

आशीर्वाद लिया और सिद्ध पीठ स्थल अल्याढ (भंडारणू) में माथा टेका। वहीं देवता ने अपने गुरुओं के माध्यम से जादू टोना, भूत प्रेत आदि का इलाज भी किया। (अनंत ज्ञान)

### पणचक्र महाभारत की एक चक्र नगरी का अपभ्रंश

करसोग में वृत्रासुर को लैडेश्वर के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान बामन द्वारा राजा बलि को अमरता का वरदान दिए जाने की घटना की तरह वृत्रासुर करसोग में आयोजित बूढ़ी दिवाली का मुख्य पात्र हैं। बूढ़ी दिवाली का आयोजन श्री ममलेश्वर मंदिर में देव लैडेश्वर अर्थात वृत्रासुर के आगमन के साथ ही होता है। अलैडी महादेव के देवरथ मुखोटे ममलेश्वर महादेव जी की कोठी में विराजमान रहते हैं। देव लैडेश्वर का मंदिर करसोग मुख्यालय से लगभग 2 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। यहां अलैड नामक स्थान पर वृत्रासुर के वक्ष स्थान की प्रतिरोध पाषाण शिला (हैकडी) आज भी इस मंदिर में विद्यमान है जहां शव को जलाने से पूर्व रखा जाता है और देव लैडेश्वर का मंदिर दो श्मशान घाटों के बीच में विद्यमान है।



### क्या है मंदिर का इतिहास

**करसोग** नगरी का प्राचीन नाम करशोक भी रहा है। जनश्रुतियों के आधार पर यहां का राजा वृत्रासुर प्रतिदिन अपनी प्रजा के एक सदस्य का भक्षण कर अपनी भूख को शांत करता था। महाभारत काल में लक्षागृहा की घटना के बाद जब पांडव यहां पहुंचे तो इस क्षेत्र का नाम एकचक्रा नगरी था। आज यह स्थान रेवेन्यू रिकॉर्ड में भी पणचक्र के नाम से प्रसिद्ध है।

### सोना, चांदी व लोहे के चिमटे का चढ़ता है चढ़ावा

देवता के कुल पुरोहित गोपाल कृष्ण शर्मा कहते हैं कि यहां इस मंदिर में सैकड़ों सोना, चांदी व लोहे के चिमटे भी चढ़ाए गए हैं। अपनी मन्नत मांगनी होती है तो देवता को श्रद्धालुओं के द्वारा सोना, चांदी, लोहे के चिमटे तथा स्वेच्छा अनुसार ये सब चीजें अर्पण करते हैं। साथ ही देवता के कपाट प्रत्येक भाद्रपद की संक्रांति को बंद कर दिया जाता है और फिर यहां मंदिर में देवता के जन्मदिन पर कपाट आम जनता के लिए खोल दिया जाता है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में मंडी शून्य

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को घर उपलब्ध करवाने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में अभी तक कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है और न ही कोई मकान बनाया गया है।

जबकि शहरी क्षेत्रों में गरीबों को आवास मुहैया करवाने के निर्धारित लक्ष्य में से 6.20 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। हैरानी जनक बात तो यह भी है कि व्यर्थ भूमि का भूमिहीनों में आबंटन करने बारे भी शून्यता ही सामने आई है। यह बात इन कार्यों की पहली तिमाही समीक्षा बैठक में सामने आई। हाल ही में जिला योजना विकास एवं 20 सूत्र कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। लगभग डेढ़ सौ सदस्यों पर आधारित इस समिति के अध्यक्ष धर्मपुर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर हैं। इन्हीं की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में उपस्थित सदस्यों को जो आंकड़े व दस्तावेज प्रस्तुत किए गए उसमें यह बात सामने आई।

सदस्यों को उपलब्ध करवाए गए दस्तावेज के पृष्ठ संख्या तीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के कॉलम में न ही तो कोई लक्ष्य निर्धारित किया हुआ लिखा गया है ना ही किसी मकान का निर्माण किया गया दर्शाया गया है। जबकि जिला के सात शहरी क्षेत्रों में बिना लक्ष्य निर्धारण के ही 6.20 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। शहरी क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों व एलआईजी वर्ग को मकान मुहैया करवाने की इस योजना के तहत नगर निगम मंडी द्वारा छः मकानों का निर्माण कर 4.10 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### कहां कितने घरों का हुआ निर्माण

नगर परिषद नेरचौक द्वारा आठ मकान का निर्माण कर 4.62 प्रतिशत, नगर परिषद सुंदर नगर द्वारा दो मकान बनाकर 3.57 प्रतिशत, नगर परिषद जोगिंदर नगर द्वारा पांच मकान बनाकर 29.41 प्रतिशत, नगर परिषद सरकारघाट द्वारा तीन मकान बनाकर 8.82 प्रतिशत, नगर पंचायत करसोग द्वारा पांच मकान बनाकर 11.90 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। नगर पंचायत रिवालसर में इस मद के तहत कोई भी निर्माण कार्य नहीं हुआ है।

### भूमि देने में भी शून्य

जिला में व्यर्थ जमीन को भूमिहीनों में आवंटन बारे भी आंकड़े शून्य ही दर्शाए गए हैं यानी जमीन मुहैय्या करवाने की योजना में न है तो अनुसूचित जाति, न ही अनुसूचित जनजाति और न ही अन्य किसी वर्ग को यह सुविधा प्राप्त हुई है।



### ग्रामीण क्षेत्रों में होगा सर्वे : गोपीचंद

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी गोपीचंद पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में वर्तमान सरकार द्वारा कुछ बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों के तहत आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे किया जाएगा। उसी आधार पर लक्ष्य निर्धारण व लक्ष्य प्राप्ति की जाएगी।

# डॉक्टर की हत्या को लेकर छात्राओं ने निकाली रैली





विरोध रैली निकालते हुए नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं।

**रितेश, सरकाघाट**

पश्चिम बंगाल की कोलकाता में एक ट्रेनिंग महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और जघन्य हत्या के विरोध में वीरवार को स्वकार नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने पूरे शहर में विरोध-प्रदर्शन कर रैली निकाली। जीएनएम और एएनएम छात्राओं ने हाथों में बैनर और शक्तियां लेकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की और दरिंदों को चौराहे पर लटका कर फांसी देने की मांग की।

सरकाघाट अस्पताल से लेकर बस स्टैंड मिनी सचिवालय होकर गुजरी इस रैली में प्रशिक्षु छात्राओं ने वी वांट जस्टिस के नारे लगाए। इससे पहले सरकार नर्सिंग कॉलेज में एमडी अतुल शर्मा की अगुवाई में दिवंगत डॉक्टर के प्रति कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एबीवीपी सुंदरनगर ने ममता सरकार के खिलाफ बोला हल्ला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



धरना प्रदर्शन करते हुए एबीवीपी के कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई सुंदरनगर ने प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता के खिलाफ कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इसको लेकर महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद ने पीड़िता डॉक्टर और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए अपनी आवाज को बुलंद की।

### भागवत पुराण मनुष्य को परमात्मा से जोड़ता है

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सनातन धर्म मंदिर जोगिंद्र नगर में चल रही श्रीमद् भागवत पुराण कथा के दूसरे दिन श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास प्रभु दयाल शास्त्री ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत पुराण किसी मनोरंजन का विषय नहीं है अपितु यह आत्मरंजन का विषय है। कथा व्यास ने कहा कि भागवत पुराण मनुष्य को सीधा परमात्मा से जोड़ने का कार्य करता है इससे एक नहीं अनेको जन्मों के पुण्य उदय होते हैं। प्रभु दयाल शास्त्री ने बताया कि जगत जीव माया को जिसने पहचान लिया वह जीते जी सब कस्टो से मुक्त हो जाता है।

### चोर गाड़ी की स्टेपनी लेकर हुए फरार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बुधवार की रात को चोरों द्वारा शहर के गुगली खड्डा के समीप लक्ष्मी बाजार में विकास फर्नीचर हाउस के बाहर पार्क की गयी उनकी जीप की स्टेपनी को चुरा लिया। विकास सूद ने चोरी की शिकायत पुलिस थाना में की है। हालांकि गत बुधवार को एसपी मंडी द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए शातिर चोरों के प्रति पुलिस का सहयोग करने की अपील की थी लेकिन रात को चोरों द्वारा इस वारदात को अंजाम देते हुए अपने इरादे साफ कर दिए है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## पौधरोपण जरूर करें : संजय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल में वीरवार को वेद प्रचार सप्ताह के अंतर्गत छठे दिन डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर, शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग व छात्र परिषद के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक जिमजिमा के वनक्षेत्र में पौधरोपण किया।



संजय ठाकुर व बच्चियां पौधा लगाते हुए और अन्य।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक असंतुलन को वृक्षारोपण अभियान से नियंत्रित किया जा सकता है। हर आदमी को अपने घरों में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इससे जल संरक्षण को बल मिलेगा। प्रधानाचार्य ने कहा कि डीएवी संस्थाएं लोगों में वेदों के शाश्वत मूल्यों के प्रचार एवं प्रसार के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। वेदों का ज्ञान मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

### आज मनाया जाएगा देश का पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** 23 अगस्त को देश का पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस महोत्सव में देश के आम नागरिकों के साथ-साथ स्कूलों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी तीन गतिविधियों के माध्यम से शामिल हो सकते हैं। वहीं खगोल फोटोग्राफी में भाग लेकर देश के सभी आम नागरिक स्मार्ट फ़ोन के माध्यम से चंद्रमा या अन्य किसी भी अंतरिक्ष विज्ञान गतिविधि का फोटो खींचकर वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं। फोटोग्राफी करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

## नेरचौक प्लानिंग एरिया से रत्ती, नागचला, टांवां और स्यांह मोहाल बाहर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नेरचौक प्लानिंग एरिया से रत्ती, नागचला, टांवां और स्यांह मोहाल को बाहर कर दिया गया है। इस बारे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने अधिसूचना जारी कर दी है।

यह जानकारी देवेश कुमार प्रधान सचिव नगर एवं ग्राम योजना हिमाचल प्रदेश सरकार ने दी। नेरचौक प्लानिंग एरिया में अब केवल भंगरोटू, नेर, ढांगू, डडौर, मझेठल, और जरलू मोहाल होंगे। वहीं नेरचौक प्लानिंग एरिया से निकाले गए रत्ती, नागचला, टांवां और स्यांह और अन्य 15 मोहालों पैड़ी, मलथेहड़, बुशैहर, ट्रोह, कसारला, धरवाहण, ग्रोड्डू, माडल, चंडयाल, सिंहन, छातड़ू, अरठीं, स्योली, डीपीएफ डयोढा, कुम्मी को मिलाकर रत्ती-नागचला विशेष क्षेत्र का गठन किया गया है। राज्यपाल के आदेशानुसार राजस्व मोहालों रत्ती, नागचला, टांवा और स्यांह में पहले से बने भवनों की कानूनी स्थिति वही बनी रहेगी क्योंकि ये क्षेत्र पहले से ही हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना के दायरे में थे और भूमि उपयोग में परिवर्तन पहले से ही प्रतिबंधित है।

इसके अतिरिक्त रत्ती नागचला विशेष क्षेत्र में शामिल किए गए राजस्व मोहालों में वर्तमान भूमि उपयोग के परिवर्तन पर इस अधिसूचना के प्रकाश की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए रोक लगा दी गई है।

नेरचौक योजना क्षेत्र सीमा उत्तर में मोहाल भंगरोटू की पश्चिमी सीमा से आरंभ होकर मोहाल मझेठल की बाहरी सीमा के साथ-साथ आगे बढ़ते हुए मोहाल जरलू की पूर्वी सीमा तक होगी। पूर्व में मोहला जरलू की उत्तरी सीमा के साथ बढ़ते हुए डडौर की दक्षिणी सीमा तक, दक्षिण में डडौर की पूर्वी सीमा से आरंभ होकर नेर होते हुए ढांगू की पश्चिमी सीमा तक और दक्षिण में मोहाल ढांगू की दक्षिणी सीमा से आरंभ होकर नेर की बाहरी सीमा से होते हुए मोहाल भंगरोटू की उत्तरी सीमा तक है।

## 'युद्ध समान योजना' के तहत 15 लाख वाली सूचना झूठी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा ने कहा कि 1965 व 1971 के भारत-पाक युद्धों में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों को सरकार द्वारा 'युद्ध समान योजना' के अंतर्गत 15 लाख रुपए देने के समाचार सच पर आधारित नहीं है।

उन्होंने कहा कि आजकल उनके पास इस बारे में बहुत से फोन आ रहे हैं जिनमें भूतपूर्व सैनिक इस बात की जानकारी लेने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं कि क्या इस प्रकार की योजना सरकार के विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त 2024 का एक सेना मुख्यालय द्वारा पत्र निकाला गया है, जिसमें उन्होंने अपना टेलीफोन नंबर भी दिया है। उसमें लिखा है कि इन भूतपूर्व सैनिकों के डाटा को सेना मुख्यालय भेजा जाए, लेकिन कई बार फोन करने पर भी उन नंबरों पर किसी ने भी फोन नहीं उठाया।

उसके उपरांत सैनिक कल्याण विभाग जिला शिमला के डिप्टी डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कमांडर बीएस चम्याल से बात की तो उन्होंने बताया कि इस बारे में उनके कार्यालय में किसी प्रकार की भी कोई सूचना डाटा इकट्ठा करने के लिए नहीं आई है। अत: इससे पता चलता है कि यह समाचार सच पर आधारित नहीं है।

कै. जगदीश वर्मा ने इस बारे में भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों से निवेदन किया है कि अगर इस प्रकार की सरकारी योजना होगी तो पूर्व सैनिकों के रिकॉर्ड ऑफिस के शीट रोल में युद्धों तथा मेडल आदि का विवरण लिखा होता है और अगर कोई भूतपूर्व सैनिकों से सूचना लेनी है वह जिला सैनिक कल्याण ऑफिस के माध्यम से ले लेगी।

### स्व. रमा देवी के परिजनों को शीघ्र मिले दुर्घटना राशि : चमन राही

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने एसी टू डीसी केएस पटियाल को ज्ञापन सौंपा। चमन राही ने कहा कि बल्ह थाना के अंतर्गत एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से रमा देवी की मौत हो गई।

बग्गी गन्यूरा निवासी रमा देवी मेडिकल कॉलेज में न्यू विजन कंपनी के तहत बतौर सफाई कर्मचारी तैनात थी। इसके पति का दिन कुछ वर्ष पहले ही मौत हो चुकी थी। चमन राही ने कहा कि रमा देवी को ट्रक चालक व प्रशासन की ओर से कोई सहायता राशि नहीं मिली है। रमा देवी को प्रशासन व सरकार की ओर से चार लाख की दुर्घटना राशि शीघ्र प्रदान की जाए। ट्रक चालक और स्कूटी चालक रमा देवी की मौत के बाद मानवता के नाते दुख प्रकट करने भी घर नहीं पहुंचे। चमन राही ने कहा कि हम मुख्यमंत्री व डीसी मंडी से मांग करते हैं कि कंपनी एक्ट में प्रावधान के अनुसार न्यू विजन कंपनी की ओर से परिजनों को नौकरी व आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

### हृदय गति रुकने से जवान की मौत

**नेरचौक।** बल्ह विधानसभा के एक आईटीबीपी में तैनात जवान की हृदय गति रुकने से मौत हो गई है।

जानकारी अनुसार बल्ह क्षेत्र के जरलू गांव का रहने वाला आइटीबीपी का जवान जो कि शिमला में तैनात था उसकी हृदय गति रुकने से मौत हो गई है। विधानसभा क्षेत्र बल्ह के नरपत राम पुत्र गोरखिया राम गांव जरलू कुम्मी उम्र करीब 55 साल जो आईटीबीपी शिमला में सिपाही के पद पर तैनात था। सूत्रों से पता चला है कि नरपत राम की हृदय गति रुक जाने के कारण देहांत हो गया है जिसका पार्थिव देह गांव जरलू में लाया जा रहा है।

## पूर्व सैनिकों से मारपीट पर एसपी मंडी को सौंपा शिकायत पत्र

**अनंत ज्ञान, मंडी**

क्रशर मालिक द्वारा दो पूर्व सैनिकों की मारपीट करने के बाद दोनों फौजियों ने वीरवार को एसपी मंडी को एक शिकायत पत्र सौंपा।

जिसमें उन्होंने न्याय की गुहार लगाई है। इस दौरान उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। यह शिकायत जन समाधान केंद्र मंडी के संचालक बीआर कौंडल और राजकमल के सहयोग से सौंपी गई। शिकायत में केहनवाल में बीते 16 अगस्त को क्रशर मालिक और अन्य साथियों ने उक्त दोनों फौजियों को जमकर पीटा। जिसमें नेत्र सिंह पूर्व सैनिक को कमरे में ले जाकर कुर्सी पर बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। जिसके मुंह और शरीर के दूसरे हिस्सों में काफी चोटें आई हैं।



उस का मोबाइल भी छीन लिया गया। मगर एफआईआर दर्ज़ नहीं की गई और दोनों पर पुलिस दबाव बनाती रही कि दूसरे पक्ष से समझौता कर लें। वहीं इस घटना को लेकर वीरवार को हिमाचल एक्स सर्विस लीग का एक प्रतिनिधि मंडल लीग के महासचिव कैप्टन हेत राम शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त व एसपी मंडी से मिला तथा मामले पर कार्रवाई की मांग की तथा दोषियों पर कड़ी कारवाई करने की मांग की है।

**मांग** सड़क तो दूर सही रास्ते से भी वंचित है मैहणी पंचायत के लोग

# जान जोखिम में डाल ब्यास के किनारे से गुजरने को मजबूर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी जिला के ग्राम पंचायत मैहणी के लोग सड़क सुविधा के साथ पैदल चलने के लिए सही रास्ते से भी वंचित हैं। तंग रास्ते की समस्या को लेकर वीरवार को मैहणी पंचायत के लोग उपायुक्त मंडी अपूर्व देगवन के दरबार पहुंचे और उन्हें अपनी समस्या से अवगत करवाया।

भारतीय सेना से सेवानिवृत्त मोहन सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत मैहणी के कई गांव सड़क सुविधा से महरूम हैं। लोगों को 9 मील जामर से संकरे रास्ते से होकर घर जाना पड़ता है। पिछली बरसात में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण यह रास्ता 150 मीटर तक बह गया था, जिसके बाद गांव के लोगों ने यहां बांस की सीढ़ियों की मदद से इस रास्ते को सड़क तक पहुंचने के लायक बनाया था, क्योंकि लोगों के आने जाने के लिए बाढ़ के कारण कोई भी वैकल्पिक मार्ग नही बचा था तथा लोग इसी रास्ते से आने जाने के लिए मजबुर थे तथा बच्चों व बिमार लोगों को लाना व ले जाना बहुत ही मुश्किल हो रहा था।



मैहणी के लिए संकरा रास्ता और एक और ब्यास नदी।

उस दौरान लोगों ने जिला प्रशासन के माध्यम से इस रास्ते के लिए एक लाख की स्वीकृति करवाई थी जो पैसा पंचायत के पास गया और रास्ते का निर्माण किया गया, परंतु पंचायत की ओर से रास्ते के निर्माण में महज लीपापोती की गई। इस बरसात में अब फिर से बारिश के चलते यह रास्ता बह गया है। जिसको लेकर लोगों ने एक बार फिर से इकठ्ठा हो कर रास्ते में बांस की सिढ़ी लगा कर सड़क तक पहुंचने के लायक बनाया है।

लोगों ने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से लोगों की आवाजाही के लिए पक्के रास्ते का निर्माण करवाने की मांग की है। उपायुक्त मंडी अपूर्ण देवगन ने इस संदर्भ में त्वरित कार्रवाई करने का लोगों को आश्वासन दिया है।

## बस ठहराव के बदलाव से लोग प्रभावित : राजेश

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी में काफी पुराने समय से स्कोढ़ी पुल और सेरी मंच पर बस ठहराव है इन्हें बंद करके और स्थानांतरित करके स्थानीय लोगों को परेशानी की गर्द में धकेला जा रहा है। यह शब्द पन्ना लाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर ने कहे।



उन्होंने कहा की सेरी मंच पर और स्कूल बाजार में काफी लोग उतरते है और बस ठहराव बंद करने पर कई लोगों के उन्हें फोन आए और लोग अधिकारियों से भी मिले जिसमें अधिकारियों का कहना था कि यह बस स्टॉप जनप्रतिनिधि द्वारा ही बंद किए गए है उनसे बात करें।

उन्होंने कहा की जनप्रतिनिधि को अपने इस फैसले पर विचार करना चाहिए क्योंकि लगभग 35 पंचायतों के लोग इस बदलाव से प्रभावित हो रहे है। सदर विधायक कोई ऐसा आश्वासन न दें जिसे वे पुरा न कर सके और लोग फिर से अविश्वास व्यक्त करें। उन्होंने कहा कि 27 तारीख को इन बस स्टॉप को बंद करने के विरोध में शांति प्रिय तरीके रैली निकाली जाएगी और लोगों को आ रही इस परेशानी पर प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने पड्डल में स्टेडियम बनाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने सदर विधायक अनिल शर्मा को आड़े हाथ लेते हुए कहा की रत्ती पुल के जोला गांव में 100 करोड़ की लागत से स्टेडियम बनना प्रस्तावित हुआ है वहां स्टेडियम बनाने में सदर विधायक चुपी साध कर बैठे है।

## न्यूज ब्रीफ

### कुटलैहड़ के विधायक विवेक ने सुनी समस्याएं



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आएगी और हर समस्या का प्राथमिकता से समाधान होगा। ये शब्द विधायक विवेक शर्मा ने जोगीपंगा में अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद संबोधन में कहे। विधायक ने सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लोगों ने जल, सड़क और बिजली समस्याएं सहित अन्य समस्याओं कोरखा।

### हरोली पुलिस ने चिट्टे के साथ पकड़े दो युवक



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हरोली पुलिस की एक टीम मुख्य आरक्षी नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पंडोगा में चिट्टे के साथ दो युवकों को काबू किया है। यह टीम पैट्रोलिंग पर थी, इस दौरान एक सूचना पर एक गाड़ी को संदिग्ध पाए जाने पर चेक किया गया तो उसमें से 8.68 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। पुलिस ने दो युवकों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों युवक जिला कुल्लू के रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान पवन कुमार पुत्र भीम चंद, निवासी जुआनी रोपा, कुल्लू तथा रवि कुमार पुत्र सोनम तुंदुप निवासी रायसन, कुल्लू के रूप में हुई है।

### मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 11 हजार रुपए दिए



**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के तहत रिपोह मिसरां पंचायत के खवाड़ियां गांव के कर्म सिंह ने विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 11 हजार रुपए की राशि का चेक भेंट किया। विधायक सुदर्शन बबलू ने इस पुनीत कार्य के लिए कर्म सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के योगदान से संकट की घड़ी में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी दानी सज्जनों से इस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का आग्रह किया। कर्म सिंह ने भी अपील की कि आपदा की घड़ी में हर कोई आगे आकर राहत कार्यों में सहयोग करे। इस मौके पर पूर्व प्रधान पोलियां परोहितां ज्ञान चंद, मास्टर गुरबचन सिंह व डॉ. नरेश कुमार उपस्थित रहे।

### शिव सेना ने खड्ड स्कूल में पौधे बांटे



**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिव सेना हिमाचल प्रदेश ने जिला ऊना पेड़ लगाओ प्रदूषण भगाओ कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शिव सेना की ओर से वीरवार को भी पेड़ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश प्रवक्ता जय दता ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय खड्ड में लगभग 60 पौधे विद्यालय प्रमुख राकेश चंद्र शर्मा को दिए। इस अवसर पर दता जी ने कहा कि आज पर्यावरण एक गंभीर समस्या है। पेड़ लगाने से इस समस्या से छुटकारा पाने मे सहायता मिलेगी ओर साथ ही प्राकृतिक आपदाओं में भी कमी आएगी। इस अवसर विद्यालय के अध्यापक रक्षपाल चंद, संतोष कुमारी, अनीता, सिमर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्र प्रमुख राकेश चंद्र ने कहा कि वे इन पौधों की अपने परिवार के सदस्यों की तरह देखभाल करेंगे।

### आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं के साक्षात्कार 28 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना हरोली के तहत आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं के भरे जाने वाले रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार 28 अगस्त को सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय हरोली में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी हरोली पूनम चौहान ने दी। उन्होंने कहा कि सभी आवेदक अपने मूल दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार में पहुंचना सुनिश्चित करें।

### डरोह सहकारी सभा के चुनाव टालने की मांग



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत डरोह सहकारी सभा के सचिव पर लोगों ने तानाशाही और घोटाले के आरोप लगाए हैं। स्थानीय अन्य मैंबरों का कहना है कि सचिव पिछले 20 सालों से अपनी मर्जी से अपने रिश्तेदारों को कमेटी में रखता है और बिना लोगों को जानकारी दिए ही सभा के चुनाव अयोजित करवाता है। कुछ लोग इस फैसले से नाखुश हैं। लोग चाहते हैं कि सभा का चुनाव न हो। कुछ लोगों ने आरोप लगाए हैं कि सचिव उनके जमा पैसे को देने में भी आनाकानी करता है, तो वहीं कुछ लोगों का कहना है कि लोन पर उनसे मनमाने ढंग से ब्याज वसूला गया है और कई फर्जी लोन बना दिए हैं। वीरवार को कुछ गांवों के लोग अपनी समस्या को लेकर को-ऑपरेटिव इंस्पेक्टर के कार्यालय बंगाणा पहुंचे, लेकिन इंस्पेक्टर वहां नहीं मिले। लोगों ने अपनी समस्या एसडीएम बंगाणा के समक्ष रखी है। लोगों की मुख्य मांग यह है कि जो कल चुनाव हो रहा है, वह रद्द किया जाए। इस मौके पर रमेश कुमार, अच्छर सिंह, बलदेव सिंह, केवल सिंह, सुरजीत सिंह, नवीन, रघुवीर सिंह, हरबंस लाल, प्रकाश चंद, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, प्रकाश चंद, पुरषोत्तम सिंह, मोहिंदर सिंह, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### बसाल में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को बसाल में एक पौधा मां के नाम मुहिम के तहत पौधा रोपित कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उपायुक्त ने अर्जुन का पौधा रोपित किया और उपस्थित लोगों को निशुल्क पौधे वितरित किए। इसी अभियान के तहत गुरुवार को विकास खंड ऊना की सभी पंचायतों में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित किए गए। उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अच्छा भविष्य अच्छे पर्यावरण से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाव, मौसम की प्रतिकूलता से सुरक्षा और स्वच्छ हवा सुनिश्चित करना है।

### ऊना कॉलेज में पीटीएकी बैठक अब 30 को

**ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की सामान्य बैठक टल गई है। अब यह बैठक दिनांक 30 अगस्त को अपराह्न 2 बजे परिसर में होगी, अन्यथा बैठक 22 अगस्त को अपराह्न 3 बजे महाविद्यालय परिसर स्थित अध्यापक कक्ष मे होनी थी, लेकिन अभिभावकों की उदासीनता के कारण गणपूर्ति कोरम के आभाव मे बैठक न हो पाई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित समय पर महाविद्यालय पहुंच कर बैठक में शामिल होकर महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए अपने सुझाव दें।

# एचआईवी-एड्स पर जन-जागरूकता को दौड़ा ऊना

## 5 किमी की 'रेड रन' मैराथन का आयोजन, युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना जिले में एचआईवी-एड्स को लेकर छात्रों में जागरूकता वृद्धि के उद्देश्य से 5 किलोमीटर की 'रेड रन' मैराथन का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण इकाई के संयुक्त प्रयास से हुए इस आयोजन में उपायुक्त जतिन लाल ने हरी झंडी दिखा कर मैराथन को रवाना किया। मैराथन प्रात: 8 बजे रामपुर से आरंभ होकर सोमभद्रा पुल से समनाल होते हुए वापस रामपुर में संपन्न हुई।

मैराथन में 'रेड रिबन क्लबों' का संचालन करने वाले जिले के 8 शिक्षण संस्थानों के 17 से 25 आयु वर्ग के 46 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें 24 लड़के और 22 लड़कियां शामिल रहीं। उपायुक्त ने बताया कि इस मैराथन का उद्देश्य समाज में एचआईवी के प्रति जागरूकता फैलाना और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इसके अलावा, नशा और अन्य जोखिम भरे व्यवहारों से बचने के प्रति भी जागरूक किया गया। इस प्राकर के व्यसन युवाओं को एचआईवी और अन्य यौन संचारित संक्रमणों (एसटीआई) से संक्रमित होने के खतरे में डाल सकते हैं।

युवाओं को उनसे बचने तथा फिटनेस पर ध्यान देने के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों में एचआईवी के प्रति जागरूक फैलाने के लिए कैंपेन चलाया गया है, जो कि 12 अक्तूबर तक चलेगा जिसमें रैलियों और नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।



रेड रन मैराथन में विजेता प्रतिभागियों के साथ ऊना जिले के डीसी जतिन लाल।

### ये रहे प्रतिभागी संस्थान

मैराथन में भाग लेने वाले संस्थानों में राजकीय कॉलेज बंगाणा, राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना, एसबीडीएम राजकीय कॉलेज बीटन, राजकीय डिग्री कॉलेज अंब, डीएवी कॉलेज दौलतपुर चौक, राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली, राजकीय डिग्री कॉलेज चौकी मन्यार व राजकीय डिग्री कॉलेज खड्ड शामिल रहे।

### डीसी ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

रेड रन मैराथॉन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चौथे व पांचवे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को उपायुक्त जतिन लाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मैराथॉन में पुरुष वर्ग में राजकीय डिग्री कॉलेज अंब से अभिषेक ने पहला स्थान, राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना से मोहित कुमार ने दूसरा, अरुण पठानिया ने तीसरा, चंदन सिंह ने चौथा तथा राजकीय डिग्री कॉलेज दौलतपुर चौक से श्याम ठाकुर ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा महिला वर्ग में राजकीय डिग्री कॉलेज से ज्योति वाला ने प्रथम, रवीना ने दूसरा, स्वाति ने तीसरा, राजकीय डिग्री कॉलेज अंब से मैहक ने चौथा और एबीवी राजकीय डिग्री कॉलेज बंगाणा से स्वाति ने पांचवां स्थान हासिल किया। उपायुक्त ने बताया कि ने पुरुष और महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमश: 2500, 2000, और 1500 रुपए के नकद पुरस्कार तथा 700-700 रुपए के चार सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। यह नकद पुरस्कार विजेताओं को सितंबर के पहले सप्ताह में होने वाली राज्य स्तरीय मैराथन में भाग लेने पर प्रदान किए जाएंगे।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा, जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश रत्तू, चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय मनकोटिया, एमओएच डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू, जिला खेल एवं युवा मामले अधिकारी उत्तम डोड, जिला कार्यक्रम अधिकारी विशाल ठाकुर, जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कृष्ण, जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा साशवत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### लोनिवि बंगाणा मंडल में बतौर अधिशाषी अभियंता अरविंद ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** लोनिवि मंडल बंगाणा को अरविंद लखनपाल के रूप में नए अधिशाषी अभियंता मिल गए हैं, जिन्होंने कार्यभार भी संभाल लिया है। इससे पहले अरविंद लखनपाल भोरंज, हमीरपुर, मंडी जिला एवं शिमला हेडक्वार्टर में बतौर अधिशाषी अभियंता अपनी सेवाए दे चुके हैं।



मीडिया से बात करते हुए अरविंद लखनपाल ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सड़कों का विधिवत विस्तारीकरण होगा और जो भी जनता की सड़कों की समस्याएं होंगी, उनका प्राथमिकता के आधार पर हल होगा। जिन गांवों की सड़कों की कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने घोषणाएं की हैं, उनको जल्द सुचारु रूप देकर शिलान्यास करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी हर समय यही प्राथमिकता रहेगी कि बरसात के दिनों में जहा भी भारी बारिश से सड़कों का नुकसान होगा या फिर सड़के बंद होंगी, उन्हें जल्द खोलेंगे।

### सिस इंडिया लि. में भरे जाएंगे सुरक्षा गार्ड के 100 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 29 अगस्त को प्रात: 10 बजे उपरोजगार कार्यालय बंगाणा में आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा 30 अगस्त को उपरोजगार कार्यालय हरोली में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण होनी चाहिए। इसके अलावा आयु 19 से 40 वर्ष और प्रतिमाह वेतन 16 हजार 500 से 19 हजार 500 रुपए दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर सम्पर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

## ऊना जिले में है एक ऐसा अस्पताल जहां 6 महीने पहले ही पता चल जाती है पशुओं की बीमारी

# नई चिकित्सा क्रांति का केंद्र बना पशु चिकित्सालय ललड़ी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में एक ऐसा आधुनिक अस्पताल है, जहां पशुओं की बीमारी का 6 महीने पहले ही पता चल जाता है। हरोली उपमंडल के ललड़ी में स्थित यह अत्याधुनिक पशु चिकित्सालय नई चिकित्सा क्रांति का केंद्र बन चुका है। यहां पशुओं की स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान और इलाज के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें इलास्टोग्राफी की सुविधा प्रमुख है। इस तकनीक से संभावित बीमारियों का पूर्वानुमान लगाकर समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाता है।

यह हिमाचल प्रदेश का संभवत: पहला और इकलौता चिकित्सा संस्थान है, जहां पशुधन के लिए इस स्तर की अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। पशु चिकित्सालय के वेटनरी ऑफिसर डॉ. मनोज शर्मा के अनुसार, 2017 से क्रियाशील इस अस्पताल में अब तक 1891 बड़ी सर्जरियां और 6173 छोटी-बड़ी सर्जरियां की जा चुकी हैं। इसके अलावा, 5761 गायनोकॉलॉजिकल मामलों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया है।

कुल 24867 मेडिसिन मामलों का इलाज और 24080 पैथोलॉजिकल सैंपल्स की जांच की गई है। अस्पताल में अब तक 151 पशुओं के अल्ट्रासाउंड और 17 हार्ट सर्जरी भी की जा चुकी हैं। डॉ. शर्मा बताते हैं कि अस्पताल में अप्रैल महीने में 15 लाख रुपए की अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई गई है, जिससे अब तक सवा सौ से अधिक जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। अब यहां एक्स-रे मशीन भी स्थापित की जा रही है।

वह बताते हैं कि उनके साथ यहां डॉ. अनूप रुठवाल, डॉ. नेहा चौहान और डॉ मोनिका ठाकुर सेवाएं दे रहे हैं। अस्पताल में तैनात सर्जरी, मेडिसिन, गायनी, और पैथोलॉजी के इन 4 विशेषज्ञ डॉक्टरों समेत पूरा स्टाफ पशुधन, कुत्तों और अन्य पालतू जानवरों की स्वास्थ्य सेवा में तत्परता से कार्य कर रहा है। विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता के चलते यहां हिमाचल प्रदेश के अलावा पंजाब से भी रेफरल मामले आते हैं। पशुपालन विभाग ऊना के उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा ने बताया कि इस अस्पताल का निर्माण करीब 2 कनाल भूमि पर 2 करोड़ की लागत से किया गया है।



विशेष तकनीक से पशु की बीमारी का पता करते विशेषज्ञ पशु चिकित्सक।

### अस्पताल में हैं ये सुविधाएं

डॉ. शर्मा बताते हैं कि इलास्टोग्राफी के अलावा, यहां ईको कार्डियोग्राफी की सुविधा भी है, जिससे दिल की बीमारियों का इलाज भी आधुनिक विधियों से किया जाता है। नरम ऊतक सर्जरी, आंख-कान-दांत, आर्थोपेडिक सर्जरी, वक्ष शल्य चिकित्सा और कठिन प्रसव का इलाज भी यहां किया जाता है। ट्यूमर, कैंसर, बांझपन और गर्भनिरोधक जैसे ऑपरेशन फॉरेन तकनीक से किए जाते हैं। अस्पताल में खून की जांच, क्लिनिकल बायोकेमिस्ट्री और अन्य प्रयोगशाला परीक्षण की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

### सीएम और डिप्टी सीएम का आभार

उल्लेखनीय है कि इस संस्थान को आर्ट ऑफ स्टेट सुविधाओं से सुसज्जित करने में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री की किसानों के लाभ की सोच और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण रही है। पशुपालक इस सुविधा के लिए सीएम और डिप्टी सीएम का आभार जताते नहीं थकते। लोगों का कहना है कि वर्तमान प्रदेश सरकार के प्रयासों से यह अस्पताल न केवल स्थानीय बल्कि पड़ोसी क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रहा है और जानवरों की सेवा और स्वास्थ्य रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## हंगामापूर्ण रहा चौकीमन्यार कृषि सेवा सहकारी सभा का चुनाव




विजयी डेलीगेट सभा कार्यालय के सामने समर्थकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, अंब**

चौकीमन्यार कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का चुनाव वीरवार को तनावपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ। चुनाव में वार्ड नंबर एक से रणधीर कुमार 90, जबकि प्यारे सिंह पटियाल को 55 वोट पड़े।

इसमें रणधीर कुमार विजयी घोषित हुए। वार्ड नंबर दो से पंकज कुमार को 80 वोट मिले, जबकि कश्मीर सिंह को 72 वोट पड़े। वार्ड तीन से कमल किशोर विजयी रहे। वार्ड नंबर 4 से दर्शना कुमारी को 45 , जबकि दीपक साहनी को 77 वोट पड़े जिसमें दीपक साहनी विजयी रहे। वार्ड नंबर 5 से हरिपाल पाठक को 101, जबकि अभिषेक को 29 वोट पड़े।

विभाग की तरफ से इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार मौजूद रहे। इस चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा। मतदान के दौरान माहौल काफी तनावपूर्ण बना रहा।

## वशिष्ठ स्कूल के छात्र आदित्य का गाना 'जिंदगी' रिलीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने गायन प्रतियोगिता प्रतिभा की खोज सीजन एक में प्रथम रहे 13 वर्षीय आदित्य चौहान के 'जिंदगी' शीर्षक से गाए गाने को जारी किया। उन्होंने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय में यह गाना जारी करते हुए आदित्य को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर आदित्य चौहान के साथ कांग्रेस प्रवक्ता विजय डोगरा, एक मीडिया नेटवर्क के संचालक रणजीत राणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। बता दें, आदित्य चौहान ऊना के वशिष्ठ पब्लिक स्कूल बड़ाला में नौवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं।

इस अवसर पर उपायुक्त ने जिले के सभी बच्चों से कला और संस्कृति के साथ गहरा जुड़ाव बनाने और अपनी ऊर्जा को रचनात्मक गतिविधियों में लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा की खोज जैसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को अपनी कला को दिखाने का मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें समाज में अपनी अलग पहचान बनाने का अवसर भी देते हैं।

बता दें, एक मीडिया नेटवर्क द्वारा जून माह में प्रतिभा की खोज सीजन एक कार्यक्रम ऊना और बंगाणा में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में 10 से 15 वर्ष आयुवर्ग के लगभग 35 बच्चों ने भाग लिया था। ऊना और बंगाणा में आयोजित कार्यक्रम में पहले तीन स्थानों पर रहे प्रतिभागियों के मध्य गायकी मुकाबले करवाए गए, जिसमें आदित्य चौहान अव्वल रहे और उनका गाना 'जिंदगी' यू-ट्यूब के माध्यम से लांच किया गया है।

एक मीडिया नेटवर्क के संचालक रणजीत राणा ने बताया कि इस कड़ी में आगे देहरा और हमीरपुर में प्रतिभा की खोज सीजन दो आयोजित किया जाएगा। इन दोनों जगहों पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों के बीच मुकाबले करवाए जाएंगे तथा पहला स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे का गाना यू-ट्यूब के माध्यम से लॉंच किया जाएगा।

आगे समूचे हिमाचल प्रदेश में प्रतिभा की खोज कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है ताकि बच्चों में गायकी की प्रतिभा को तराशा जा सके और उन्हें अपनी कला के माध्यम से एक पहचान मिल सके।




ऊना में डीसी जतिन लाल और अन्य आदित्य चौहान का गाना लांच करते हुए

**पत्रकार वार्ता** कांग्रेस सरकार कर रही जनता के वादों को पूरा : बबलू

## चकाचक होगी बड़ूही-डुमखर सड़क

**हीना पठानिया, बड़ूही**

बड़ूही से डूमखर सड़क के सदृढ़ीकरण के लिए करीब सवा 6 करोड़ का बजट पास हुआ है। इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। यह बात चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विश्रामगृह जोल में पत्रकार वार्ता के दौरान बताई। विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार क्रमवार तरीके से जनता को किए वादों को पूरा कर रही है। पूरे विधानसभा में नई सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-छोटी सड़कें और पुलियों का निर्माण जारी है।

उन्होंने कहा कि जनता से जो वादे किए गए, उनको पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया के बड़ूही डुमखर सड़क की हालत दयनीय थी। क्षेत्र की जनता इस सड़क के सदृढ़ीकरण करवाने के लिए उनके दफ्तर आकर मिलती थी। हाल ही में उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस बाबत चर्चा की और मुख्यमंत्री के समक्ष इस समस्या को अवगत करवाया तथा बजट का प्रावधान करवाया।

करीब 27 किलोमीटर लंबी इस सड़क की टेंडर प्रक्रिया का कार्य चल रहा है। जल्द ही सड़क का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भलौन से भिंडला वाया नंदग्रा सोहारी सड़क का कार्य चल रहा जिससे उस क्षेत्र की जनता को संकरी सड़क से जल्द ही निजात मिल जाएगी। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान रविंद्र शर्मा, उपप्रधान चोकीमन्यार जीवन बाली, उपप्रधान तलमेहड़ा अशोक कुमार, मोनू उपप्रधान, अम्बेहड़ा सतीश कुमार सोनू, कांग्रेसी नेता जसपाल जस्सी, बलवान सिंह, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी जोल भानु ओहरी, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग नीरज धीमान, जेई सुरेश कुमार, जेई रमेश चंद सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



विश्राम गृह बड़ूही में पत्रकार वार्ता करते विधायक



## न्यूज ब्रीफ

### हिमतरु बाल विशेषांक का लोकार्पण 27 को

**कुल्लू।** हिमतरु की ओर से प्रकाशित बाल विशेषांक का लोकार्पण 27 को जिला मुख्यालय स्थित मोनाल कैफे में किया जाएगा। इस महत्तवपूर्ण विशेषांक में जहां बाल साहित्य को प्रकाशित किया है, वहीं विभिन्न विधाओं में बाल प्रतियोगिताएं व साक्षात्कार को स्थान दिया है। हिमतरु के संपादक किशन श्रीमान ने बताया कि बाल साहित्य में जादुई आकर्षण होता है, जो उनके बाल मन को मोहित करता है तथा उनकी कल्पना, जिज्ञासा और भावनात्मक विकास को पोषित करता है। साहित्य की यह अनूठी शैली, विशेष रूप से उन्हीं पाठकों के लिए, जिसे बच्चों को आकर्षित करने, प्रेरित करने और शिक्षित करने के लिए अत्यंत सावधानी और विचार के साथ तैयार किया गया है। बच्चों के साहित्य के पन्नों में, मनमोहक कहानियों, रंग-बिरंगे चित्रों और मूल्यवान जीवन पाठों की एक दुनिया इंतजार कर रही है, जो इस बच्चे के प्रारंभिक वर्षों का एक अनिवार्य पहलू बनाती है। इस विषेशांक के माध्यम से बच्चों के साहित्य को परिभाषित करने वाली प्रमुख विशेषताओं और अगली पीढ़ी के दिलों-दिमाग को आकार देने पर इसके गहन प्रभाव का पता लगाएंगे। किशन श्रीमान ने बताया कि 27 को होने वाले इस लोकार्पण समारोह के दौरान विशेषांक में प्रकाशित चित्रकारी, फोटोग्राफी व अन्य विषयों पर हुई प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।

### सीएचसी में हुआ अग्नि सुरक्षा का पूर्व अभ्यास



**सैंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंज में अग्नि सुरक्षा को लेकर पूर्व अभ्यास किया गया। वीरवार को स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने अग्नि सुरक्षा की जानकारी प्रदान करने के लिए फायर ड्रिल आयोजित की गई। सीएससी सैंज के चिकित्सा अधिकारी डॉ. वरुण ने बताया कि अग्निशमन विभाग लारजी के इंचार्ज अर्जुन कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग व अग्निशमन के कर्मियों ने संयुक्त रूप से अग्निकांड के दौरान सुरक्षा व बचाव को लेकर पूर्व अभ्यास करवाया। इस दौरान अस्पताल में अग्नि सुरक्षा के उपायों की जानकारी भी दी गई, जिसमें अग्निशमन यंत्रों की स्थापना और नियमित रूप से उनकी जांच के साथ अस्पताल में आग बुझाने के लिए पर्याप्त उपकरण उपलब्ध होने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अग्नि सुरक्षा नियम बनाए जाने चाहिए और सभी कर्मचारियों को उनके बारे में जानकारी देनी चाहिए। अस्पताल में नियमित जांच की जानी चाहिए, ताकि आग लगने की संभावना कम हो अस्पताल में बिजली उपकरणों की भी नियमित जांच की जानी चाहिए, ताकि वे सुरक्षित हों।

### स्ट्रैचर बनाने की विधियों की दी जानकारी




**कुल्लू।** डीएवी पब्लिक स्कूल मौहल कुल्लू में 14वीं एमडीआरएफ टीम के द्वारा विद्यालय के परिसर में स्कूलों के बच्चों को मॉकड्रिल कर प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल के विद्यार्थियों को मॉकड्रिल के बारे में जानकारी देने के लिए कांगड़ा के नूरपुर से एनडीआरएफ टीम के सब सूरजमल अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम ने मानसून के दौरान आने वाली विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, भूस्खलन आदि की स्थिति में बचाव के किस तरह के उपाय को अपनाएं इस बारे में जानकारी दी। इसके अलावा बच्चों के गले में फंसने वाली वस्तुएं, जैसे सिक्के ओर टॉफियां, शिशुओं के डूबने, हार्ट अटैक, सड़क दुर्घटना, आंख में चोट, आग लगने, भूकंप सहित आपातकालीन स्थिति में स्ट्रैचर बनाने की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानचार्य अंशु सूद ने एनडीआरएफ टीम का महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा करने के लिए आभार जताया।

### सदस्यों को भूमिकाओं के बारे में दी जानकारी

**केलांग।** लाहौल-स्पीति की कोकसर पंचायत में पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट संस्था (पीएचडी) की ओर से पर्यटन विकास समिति के सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित हुई। इस मौके पर समिति के सदस्यों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा कोकसर पंचायत के लिए पर्यटन विकास योजना बनाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। अविनाश और उष्मन शर्मा ने कहा कि कार्यशाला में विभिन्न महत्त्वपूर्ण विषयों पर उपस्थित सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। कार्यशाला में खासकर कचरा प्रबंधन, यातायात प्रबंधन, पर्यावरणीय चिंताएं और पार्किंग जैसी समस्याओं को शामिल किया गया। विचार-विमर्श के बाद इन मुख्य मुद्दों के समाधान के लिए समिति के सदस्यों की ओर से एक कार्य योजना तैयार की जाएगी, जिसे अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

# सरकारी सुविधाओं का दुरुपयोग करने पर एसडीएम पर मामला दर्ज

## 2017-18 का है मामला, सरकार की ओर से अनुमति न मिलने के कारण मामला दर्ज होने में हुई देरी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

- शीघ्र ही विजिलेंस आनी एसडीएम कार्यालय में देगी दबिश, सभी दस्तावेज कब्जे में लेगी
- अधिकारी पर बड़े स्तर पर सरकारी सुविधाओं के दुरुपयोग करने के आरोप

कुल्लू के एक उपमंडल के एसडीएम पर सरकारी सुविधाओं का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज हुआ है।

विजिलेंस कुल्लू ने सरकारी सुविधाओं का दुरुपयोग करने के आरोप में उक्त एसडीएम के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। सनद रहे कि यह मामला आनी का है और 2017-18 का है, जब एसडीएम आनी में सेवाएं दे रहे थे। उस समय आनी के ही कुछ लोगों द्वारा एसडीएम पर सरकारी सुविधाओं का दुरुपयोग करने की शिकायत दर्ज करवाई थी। विजिलेंस ने शिकायत मिलने के बाद हालांकि सरकार को एसडीएम के खिलाफ मामला दर्ज करने को लेकर फाइल भेजी थी और मामला दर्ज करने की सिफारिश की थी, लेकिन सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आने के कारण मामला दर्ज नहीं हो पाया था। अब करीब साढ़े सात सालों के बाद सरकार की ओर से एसडीएम के खिलाफ मामला दर्ज करने को लेकर विजिलेंस को अनुमति मिली है, जिसके चलते विजिलेंस ने एसडीएम के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगामी जांच में जुट गई है। उक्त एसडीएम वर्तमान में अब आनी में नहीं हैं और वर्तमान समय में कुल्लू के ही एक उपमंडल में बतौर एसडीएम सेवाएं दे रहे हैं। हालांकि विजिलेंस ने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि इस मामले में कितने बड़े स्तर पर गड़बड़ हुई है, लेकिन अब मामला दर्ज हो चुका है और जल्द ही विजिलेंस की टीम एसडीएम कार्यालय आनी में दबिश देगी और इस मामले से संबंधित सभी दस्तावेजों को अपने कब्जे में लेकर जांच करेगी। उसके बाद ही इस मामले का पूरा खुलासा होगा। (अनंत ज्ञान)

### मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की : अजय

उधर, डीएसपी विजिलेंस कुल्लू अजय ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह मामला 2017-18 का है और अब सरकार से अनुमति मिलने के बाद एसडीएम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विजिलेंस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। लिहाजा, जिला के एक एसडीएम के खिलाफ सरकारी सुविधाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है, जिसमें विजिलेंस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अधिकारी पर बड़े स्तर पर सरकारी सुविधाओं के दुरुपयोग करने के आरोप लगे हैं।

# प्रदेश सरकार दे रही अवैध कटान करने वाले ठेकेदार को संरक्षण : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी की ओर से बंजार के शुराग-शिल्ह वन में हरे पेड़ों के अवैध कटान के मामले का खुलासा होने के बाद से यह मामला पूरे प्रदेश में सुर्खियों में है।



वन विभाग की ओर से संबंधित वन मंडल के डीएफओ व अन्य कनिष्ठ अधिकारियों से मामले की जांच की जा रही है, अब वन अधिकारियों की ओर से की जा रही जांच की रिपोर्ट में केवल 18 पेड़ों के अवैध कटान की बात कही गई है, जबकि विधायक ने मौके व लकड़ी डिपो का वीडियो जारी कर हरे पेड़ों का भारी मात्रा में कटान का मामला उजागर किया था। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने वीडियो जारी कर कहा कि सरकार इस मामले में असंवेदनशीलता जग जाहिर हो गई है। विभाग की ओर से जांच का जिम्मा उन अधिकारियों को दिया गया है, जो कि इस बेहद गंभीर मामले में चार्जशीट होने चाहिए थे। सरकार दोषी अधिकारियों को ही मामले को दबाने व औपचारिकता कर खानापूर्ति का अवसर दे रही है। विधायक ने कहा है कि इस पूरे मामले के मुख्य अभियुक्त ठेकेदार को कांग्रेस सरकार द्वारा आईटीआई कुल्लू की प्रबंधन समिति का चेयरमैन बनाया गया है। इससे पता चलता है कि उक्त व्यक्ति कांग्रेस का पदाधिकारी है व सरकार में कितनी रसूख रखता है। विधायक ने बंजार कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ठेकेदार कांग्रेस का एक वरिष्ठ नेता है इसीलिए बंजार कांग्रेस की ओर से मामला उजागर होने के अगले दिन ही मेरे खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

बंजार कांग्रेस के पदाधिकारी मामले में चुप्पी धारण किए हुए हैं व उल्टा जनहित की आवाज के विरुद्ध टिप्पणी कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि सरकार को पूरे मामले की किसी स्वतंत्र एजेंसी या अखिल भारत वन सेवा के अधिकारियों से जांच करवानी चाहिए। यदि सरकार मामले की सही व संतोषजनक जांच नहीं करती है, तो वे बड़े जनआंदोलन से भी गुरेज नहीं करेंगे।

# वाह! व्यवस्था परिवर्तन, बिजली के बाद अब चुकाना होगा पानी का बिल : गोविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक पानी के बिल लगाने के फैसले की कड़ी आलोचना की है।



उन्होंने इस निर्णय को जनविरोधी, गरीब विरोधी और राज्य की जनता के साथ अन्याय करार दिया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को गंभीर नुकसान होगा। गोविंद ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 लाख से अधिक पानी के कनेक्शन हैं, जिनमें से 50 फीसदी उपभोक्ताओं के पास दोहरे कनेक्शन हैं। ऐसे में मासिक बिल वसूली का यह फैसला इन परिवारों पर दौहरी मार जैसा है। यह निर्णय न केवल गरीब और मध्यमवर्गीय जनता पर आर्थिक बोझ डालेगा, बल्कि यह सरकार की असंवेदनशीलता और जनविरोधी नीतियों को भी उजागर करता है। वर्ष-2022 में पूर्व की जयराम सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के बिल माफ कर जनता के हितों को सर्वोपरि रखा था। दुर्भाग्यपूर्ण अब, सुक्खू सरकार द्वारा इसे पलटने का जो निर्णय लिया है, वह स्पष्ट रूप से जनविरोधी है, बल्कि यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वर्तमान सुक्खू सरकार जनता की भलाई के प्रति उदासीन है। ग्रामीण क्षेत्रों में होटल, होम स्टे, ढाबा और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस निर्णय से इन व्यवसायों को बड़ा झटका लगेगा। उन्होंने सुक्खू सरकार से आग्रह किया कि वह इस तरह के जनविरोधी निर्णय न लें और ग्रामीण क्षेत्रों की जनता के साथ न्याय करें।

### औषधिय पौधों का किया रोपण

**कुल्लू।** पंजाब नेशनल बैंक रिटायर्ड व पेंशनर संघ कुल्लू की ओर से गत दिवस मौहल के नेचर पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर संघ के लगभग 17 महिला व पुरुष सदस्यों ने नेचर पार्क में आयोजित समारोह में भाग लिया और पौधरोपण अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। संघ के सदस्य रमेश कुमार बौद्ध द्वारा लाए गए विभिन्न प्रजातियों के औषधियों पौधों का पौधरोपण वन विभाग के कर्मचारियों के सहयोग के साथ सफलतापूर्वक किया गया। इसके साथ हि भविष्य में इस प्रथा को जारी रखने का भी प्रण लिया गया। इस दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने इन रोपे गए पौधों के रखरखाव की भी जिम्मेवारी ली। इसके पश्चात पूरे नेचर पार्क से बिखरे हुए प्लास्टिक व अन्य प्रकार के कूड़े को समेट कर कूड़ेदान में डालने का काम भी सभी सदस्यों के सहयोग से किया गया।

# युवा मंडल को समृद्ध समाज के पुनर्निर्माण में संलग्न करना नेहरू युवा केंद्र का लक्ष्य : डॉ. लाल

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



स्थानीय युवक मंडल व नरेश गांव के गणपति युवक मंडल छिकानाला के साथ डॉ. लाल सिंह।

कुल्लू के प्रत्येक युवा मंडल को समृद्ध समाज के पुनर्निर्माण में संलग्न करना ही नेहरू युवा केंद्र का प्रमुख लक्ष्य है ये बात डॉ. लाल सिंह ने गांव अप्पर हवाई में स्थानीय युवक मंडल व नरेश गांव के गणपति युवक मंडल छिकानाला में कही।

नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के उपनिदेशक डॉ. लाल सिंह ने भुंतर विकास खंड के तहत आने वाले गांव अप्पर हवाई में स्थानीय युवक मंडल व नरेश गांव के गणपति युवक मंडल छिकानाला से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने युवक मंडल के सदस्यों के साथ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवा मंडलों की भूमिका व नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। युवक मंडलों के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के विकास में युवक मंडल अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन उसके लिए आवश्यकता है कि युवक मंडल सही दिशा और अपने क्लब के लिए वार्षिक एवं दीर्घकालिक लक्ष्य लेकर कार्य करें। जिले के प्रत्येक युवा मंडल को समृद्ध समाज के पुनर्निर्माण में संलग्न करना ही नेहरू युवा केंद्र का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने युवा मंडलों से आग्रह किया कि वे स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, संस्कृति, सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों का युवा वर्ग में समावेश करने का हर संभव प्रयास करें।

# ला-दारचा मेले में महकी पारंपरिक उत्पादों की खुशबू

## जाइका वानिकी परियोजना के स्टॉल पर पहुंची विधायक अनुराधा राणा ने की सराहना

**अनंत ज्ञान, काजा**

पर्यटन एवं धार्मिक स्थल काजा में आयोजित ला-दारचा मेले में जाइका वानिकी परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार प्राकृतिक उत्पादों की खुशबू महकने लगी।



प्राकृतिक उत्पादों के स्टॉल में विधायक अनुराधा राणा व अन्य गणमान्य लोग।

तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए जाइका वानिकी परियोजना के तीन स्टॉल लगाए गए, जिसमें स्पीति की पारंपरिक गर्म वस्त्र, छरमा की चाय, छरमा का जूस, गलीचा, सूखे सेब समेत अन्य प्राकृतिक उत्पाद प्रमुख हैं। यहां पहुंचे सैलानियों से लेकर स्थानीय लोगों के लिए प्राकृतिक उत्पाद उनकी पहली पसंद बन गए। मेले के पहले दिन लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल पर पहुंची, जहां पर उन्होंने उत्पादों की जमकर तारीफ की। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जाइका वानिकी परियोजना के प्रयासों की सराहना की। अनुराधा ने निकलम स्वयं सहायता समूह डंखर की ओर से तैयार किए पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया। जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े निकलम स्वयं सहायता समूह डंखर, यातो जोम्सा सवयं सहायता समूह देमुल, किथलिंग स्वयं सहायता समूह क्यूलिंग, जोम्सा स्वयं सहायता समूह क्यूलिंग और सेमथुन स्वयं सहायता समूह लंगजा द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की अच्छी ब्रिकी हो रही है। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी वन्य प्राणी स्पीति मंदार उमेश जेवरे, सहायक अरण्यपाल चमन लाल ठाकुर, वन रक्षक कमल किशोर, विषय वस्तु विशेषज्ञ आशुतोष पाठक, क्षेत्रीय तकनीकी इकाई समन्वयक ताबो छोड़न बोद्ध, क्षेत्रीय तकनीकी इकाई समन्वयक काजा मीनाक्षी बोद्ध समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अशुद्धि की सूरत में फार्म 8 भरें मजबूत लोकतंत्र में सबकी भागीदारी

**अनंत ज्ञान, केलांग**



जिला मुख्यालय केलांग में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने बताया कि घर के मुखिया की सहायता से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परिवार के समस्त पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है तथा दर्ज समस्त सदस्यों का विवरण सही है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने बैठक के दौरान बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित व अद्यतन बनाए रखने के उद्देश्य से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों में विद्यमान प्रविष्टियों के सत्यापन का कार्यक्रम लाहौल में आरंभ किया गया है, जो कि आठ सितंबर तक चलेगा तथा इस दौरान निम्नलिखित गतिविधियां की जा रही हैं। यदि किसी निर्वाचक की प्रविष्टि में किसी प्रकार की कोई भी अशुद्धि हो तो उसे ठीक करवाने के लिए प्रारूप-8 के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि 1 जनवरी, 2024 की अहर्ता तिथि के आधार पर मतदाता सूचियों में पंजीकरण के लिए छूटे हुए योग्य नागरिकों की पहचान कर उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। 1 जनवरी, 2025 की अहर्ता तिथि के आधार पर योग्य भावी मतदाताओं के साथ-साथ ऐसे भावी मतदाता जो अगली तीन तिमाहियों यथा 1 अप्रैल, 2025 व 1 जुलाई, 2025 तथा 1 अक्तूबर, 2025 को 18 वर्ष की आयु के होंगे उनकी भी जानकारी प्राप्त की जाएगी।

# छह महीने से रैला स्कूल में जेबीटी शिक्षक का पद खाली

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज में कई स्कूलों में शिक्षकों के विभिन्न रिक्त चल रहे पदों के कारण विद्यार्थियों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। खासकर दूरदराज के स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों के कारण बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। ऐसा ही हाल रैला स्कूल का है।



प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय के वरिष्ठ अधीक्षक एलआर गुलशन को ज्ञापन सौंपता ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल।

स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पदों पर के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, जिस कारण अभिभावकों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। वीरवार को घाटी का एक प्रतिनिधिमंडल राजकीय प्राथमिक पाठशाला रैला में रिक्त पदों की समस्या को लेकर प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय कुल्लू स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोशन लाल ठाकुर की अध्यक्षता में मिला। प्रतिनिधमंडल ने प्रारंभिक उपनिदेशक कार्यालय में तैनात वरिष्ठ अधीक्षक एलआर गुलशन से मुलाकात की। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उक्त पाठशाला में पिछले छह माह से जेबीटी अध्यापक की सेवानिवृत्त के बाद से विद्यालय में शिक्षक का पद रिक्त है। इस विद्यालय में 40 से ज्यादा विद्यार्थी वर्तमान समय में अध्ययन कर रहे हैं। हालांकि जेबीटी शिक्षक की सेवानिवृत्त के बाद से दूसरे स्कूल से प्रतिनियुक्ति पर अध्यापक तैनात किया गया है, लेकिन स्कूल में स्थायी शिक्षक की नियुक्ति न होने के कारण विद्यालय की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोशन लाल ठाकुर ने बताया कि स्कूलों में रिक्त पद को भरने के लिए कई बार शिक्षा विभाग को अगवत करवाया गया है, लेकिन फिर भी स्कूलों में अध्यापकों की तैनाती नहीं की गई है। लोगों ने चेताया कि यदि जल्द बेहतर व्यवस्था नहीं बनी, तो वे सरकार तथा शिक्षा विभाग के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। उधर, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय के वरिष्ठ अधीक्षक एलआर गुलशन ने बताया कि स्कूल की समस्या को देखते हुए शीघ्र यहां पर जेबीटी अध्यापकों के पदों को भरा जाएगा। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष यान सिंह सदस्य बिमला देवी, पूर्वा देवी, मनोनीत सदस्य रमेश धामी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# 527 ग्राम चरस के साथ व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू के सिंयूड में पुलिस ने 527 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भुंतर की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान बलवंत सिंह (35) पुत्र कश्मीर सिंह निवासी गांव बुहाड़ डाकघर जरी के रूप में की है। वीरवार को पुलिस की टीम ने सिंयूड में नाकाबंदी की थी। इस दौरान बलवंत सिंह को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 527 ग्राम चरस बरामद हुई, जिसे टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कुल्लू गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने कहा है कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

**परेशानी** सब्जी का सीजन चरम पर, मगर खेतों को नहीं मिल पा रहा सिंचाई का पानी, विधायक को करवाया अवगत

# ग्लेशियर के नीचे दबा यांगला गांव का सिंचाई जल स्रोत

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति के लाहौल में स्थित यांगला गांव के लिए सिंचाई का एकमात्र स्रोत ग्लेशियर गिरने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिस कारण ग्रामीणों को सिंचाई के लिए पानी का संकट हो गया है।



यांगला गांव के ग्रामीण नाले में हिमखंडों के बीच सिंचाई के जल स्रोत को ढूंढते हुए।

बीते सोमवार को भ्रेंड नाला जहां से यांगला गांव के ग्रामीण अपनी सिंचाई के लिए पानी लाते हैं, वहां पर हिमखंडों के गिरने के कारण सिंचाई जल स्रोत पूरी तरह से नष्ट हो गया और इस दौरान भारी संख्या में ग्लेशियर के गिरने के कारण जल स्रोत का पता लगाना भी ग्रामीणों के लिए चुनौती बन गया है। सिंचाई के लिए जल संकट पेश आने पर अपने ही स्तर पर सभी ग्रामीणों के साथ मिल कर जल स्रोत को दुरुस्त करने की ठानी, मगर संभावित जगहों पर जब बर्फ को काट कर जल स्रोत को ढूंढने की कोशिश की, तो सिर्फ निराशा ही हाथ लगी। इसी तरह से तीसरे और चौथे दिन भी ग्रामीणों ने अपने स्तर पर कोशिश की और इस दौरान लगभग 3 से 4 अलग-अलग जगहों पर बर्फ को काट और खुदाई कर जल स्रोत को ढूंढने की कोशिश की, मगर कुछ नहीं मिला।

यांगला गांव के ग्रामीणों के अनुसार नाले के ऊपर करीब 30 से 40 फुट ऊंची ग्लेशियर की परत है ओर ऐसे में सही से अनुमान लगाना मुश्किल हो रहा है कि किस जगह पर जल स्रोत था। यांगला गांव के ग्रामीण प्रदीप मालपा ने बताया कि सिंचाई में आ रही समस्या को देखते हुए स्थानीय विधायक अनुराधा राणा को वर्तमान परिस्थिति से अवगत करवाया गया और साथ ही इस संदर्भ में सहायता करने की भी मांग की। अनुराधा राणा ने ग्रामीणों की समस्या को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया और साथ ही जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को जल्द सिंचाई में पेश आ रही समस्या को हल करने की बात कही है। बेहरहाल ग्रामीण सिंचाई के लिए जल की आस लगाए बैठे हैं और विभाग कितनी जल्द ग्रामीणों की समस्या का हल निकालते हैं ये देखने वाली बात होगी। (अनंत ज्ञान)

### हाथीथान में बगीचे में दिखा तेंदुआ

**भुंतर।** भुंतर स्थित हाथीथान में एक बगीचे में तेंदुआ दिखने के बाद लोग दहशत में हैं। कुछ लोगों ने एक वीडियो भी बनाया है। वीडियो में तेंदुआ सेब के बगीचे में घूमता दिख रहा है, जब यह तेंदुआ बगीचे में देखा तो लोगों ने पंचायत प्रधान को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद प्रधान मौके पर पहुंचे व वन विभाग के अधिकारियों को इसके बारे में अवगत करवाया। वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर आए। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए एक पिंजरा लगा दिया है। पंचायत प्रधान विनोद कायस्था ने कहा कि बगीचे में घूम रहे तेंदुए के आतंक से लोग परेशान हैं। वन विभाग के आरओ भुंतर भूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि विभाग ने तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है।



## न्यूज ब्रीफ

### आठ अक्तूबर तक मतदाता सूचियों का होगा सत्यापन

**सोलन।** भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों में विद्यमान प्रविष्टियों का सत्यापन कार्य 8 अक्तूबर तक किया जाएगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। सत्यापन कार्य के तहत 50-अर्की, 51-नालागढ़, 52-दून, 53-सोलन (अ.जा.) तथा 54-कसौली की निर्वाचन नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित तथा अद्यतन बनाए रखने के उद्देश्य से बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) आज से 8 अक्तू बर तक घर-घर जाकर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का सत्यापन करेंगे। डीसी ने कहा कि बीएलओ घर के मुखिया की सहायता से यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवार के समस्त पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है तथा समस्त दर्ज विवरण सही हैं। यदि किसी निर्वाचक की मतदाता सूची की प्रविष्टि में किसी प्रकार की कोई भी अशुद्धि पाई जाती है, तो उसे ठीक करने के लिए प्रारूप-आठ के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एक से अधिक स्थान पर दर्ज, मृत व स्थायी रूप से स्थानन्तरित, दोहरे पंजीकृत मतदाताओं की पहचान कर उनके नाम मतदाता सूची से अपमार्जित करने के लिए प्रारूप-7 के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान मतदाता सूचियों में विद्यमान खराब गुणवत्ता वाली फोटोग्राफ की पहचान कर संबंधित मतदाता से नवीनतम रंगीन फोटो प्राप्त कर प्रारूप-आठ के माध्यम से परिवर्तित करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

### अवैध खनन पर पांवटा पुलिस की कार्रवाई

**पांवटा साहिब।** सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में अवैध खनन के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर उनसे हजारों रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। जानकारी के मुताबिक, डीएसपी अदिति सिंह ने पांवटा साहिब में यमुना नदी, गिरि नदी, टौंस नदी व बाता नदी में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया था। डीएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वह अवैध खनन को रोकने के लिए भरसक प्रयास करें तथा अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। इस विशेष अभियान के दौरान माइनिंग एक्ट के 10 चालान किए गए तथा 42,500 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। डीएसपी अदिति सिंह पांवटा साहिब ने कहा कि आगे भी इसी तरह से अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### संस्कृत हमारी जननी और ज्ञान-विज्ञान की भाषा

**राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गागल शिकोर में 16 से 22 तक संस्कृत सप्ताह छात्रों और शिक्षकों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्कूल में प्रति दिन गतिविधियों के चार्ट के अनुसार छात्रों ने संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं सभी अध्यापकों को दी, शुभकामना संदेश, ग्रीटिंग कार्ड, संस्कृत गीतिका और पूरे सप्ताह प्रार्थना सभा भी संस्कृत में ही की गई। पूरे सप्ताह विद्यालय में संस्कृतमय माहौल रहा। संस्कृत सप्ताह के समापन पर प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने संस्कृत सप्ताह की छात्रों और विद्यालय के शिक्षकों को शुभकामनाएं और संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत हमारी जननी और ज्ञान-विज्ञान की भाषा है। संस्कृत भाषा को जीवन में अवश्य सीखना चाहिए। प्रधानाचार्य ने छात्रों से आह्वान किया कि संस्कृत भाषा का ज्ञान हम सभी को होना चाहिए, जिससे हम अपने वेदमंत्रों को समझ सकें। संस्कृत शिक्षक परिषद सिरमौर के अध्यक्ष वेद पराशर ने सभी देशवासियों को संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल शिक्षा विभाग से आह्वान किया कि शिक्षा विभाग संस्कृत भाषा के प्रोत्साहन के लिए हर वर्ष संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य पर विभागीय अधिसूचना जारी करने की कृपा करें, ताकि छात्र और शिक्षक विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार संस्कृत सप्ताह का आयोजन हर जिले में जिला सतर का आयोजन करवा सकें।

### रेशमा कुमारी बनीं हिस्टॉरिकल सोसायटी की अध्यक्ष

**रेणुका जी।** राजकीय महाविद्यालय ददाहू की जिला हिस्टॉरिकल सोसायटी की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संकाय सदस्य के रूप में प्रो. दिनेश कुमार को संयोजक नियुक्त किया गया। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों में हिस्टॉरिकल सोसायटी के अध्यक्ष रूप में रेशमा कुमारी, उपाध्यक्ष के रूप में भूमिका, सचिव के रूप में श्वेता ठाकुर तथा सह सचिव के रूप में प्रीति, कोषाध्यक्ष रितिका को बनाया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों को हिस्टॉरिकल सोसायटी का सदस्य नामित किया गया, जिसमें गिन्नी शर्मा, पिंकी, मीनाक्षी, देवांश, किरण, हिमानी शर्मा, दिशु, शगुन शर्मा, पायल तथा सुमन देवी शामिल हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. पवन कुमार ने बताया कि हिस्टॉरिकल सोसायटी का उद्देश्य स्थानीय इतिहास को जानना है।

### विभिन्न विधायी प्रावधानों के बारे में दी जानकारी

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के कानूनी सहायता क्लीनिक ने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, सोलन के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, चुनौतियों और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत विधि संकाय के सहायक प्रोफेसर और कार्यक्रम के संयोजक विनीत कुमार के प्रेरक संबोधन से हुई। उन्होंने इस आयोजन के उद्देश्य को समझाते हुए एक मार्मिक कहानी साझा की, जिसने आज के समय में वरिष्ठ नागरिकों को झेलनी पड़ रही विभिन्न चुनौतियों को उजागर किया। उनकी कहानी ने बुजुर्गों के प्रति सहानुभूति, सम्मान और समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया। बीएएलएलबी की छात्रा मंशा ने वरिष्ठ नागरिक दिवस के इतिहास और इसके महत्व पर एक प्रस्तुति दी, जिससे इस दिन की पृष्ठभूमि को समझने में सहायता मिली। बीएएलएलबी की ही एक और छात्रा अनन्या ने सभा को वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण और समर्थन के लिए बनाए गए विभिन्न विधायी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी, ताकि भविष्य के वकील वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और कानूनी सुरक्षा उपायों से परिचित हो सकें। बीएएलएलबी की एक अन्य छात्रा अंशिका ने वरिष्ठ नागरिकों के मानवाधिकारों पर जोर दिया और समाज में इन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने एक मिनट में रचे गए षड्यंत्र का किया खात्मा : उषा शर्मा

## सरकार से सहयोग की अपेक्षा विकास कार्यों के लिए मिले धनराशि

**आर मोहन चौहान, सोलन**

देश के सर्वोच्च न्यायालय से न्याय हासिल कर उषा शर्मा ने वीरवार को नगर निगम सोलन का मेयर पद संभाल लिया है।

अपने मजबूत इरादों के साथ नगर निगम में फिर से काबिज हुई उषा शर्मा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जन समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पदभार संभालने निगम पहुंची उषा शर्मा का वहां बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। उषा शर्मा ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट की धन्यवाद हूं। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ रचे गए षड्यंत्र का एक मिनट में खात्मा कर दिया। (अनंत ज्ञान)


नगर निगम पहुंचने पर मेयर उषा शर्मा का स्वागत को पहुंची महिलाएं।

### कांग्रेस की कर्मठ कार्यकर्ता

**उषा** शर्मा ने एक बार फिर से दोहराया कि वह कांग्रेस पार्टी की कर्मठ कार्यकर्ता हैं और पार्टी के प्रति निष्ठा अभी भी है। उनके साथ मौजूद रही पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर ने भी पार्टी के प्रति विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि हमेशा की तरह अभी भी वह कांग्रेस पार्टी के ही साथ हैं और शहर के विकास में मेयर का पूरा सहयोग किया जाएगा। इस दौरान मेयर को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा हालांकि मेयर के नगर निगम में पहुंचने पर निगम के अधिकारी और कर्मचारी सामने नहीं आए। इसको लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं हालांकि भीड़ छंटने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने स्तर पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान भाजपा के पार्षदों ने उषा शर्मा का स्वागत किया, जबकि कांग्रेस के पार्षदों के विरोधी धड़े ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी।

### प्रदेश सरकार से सहयोग की उम्मीद

**उषा** शर्मा ने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार नगर निगम को पूर्ण सहयोग देगी और विकास कार्य के लिए धन की कमी आड़े नहीं आएगी। शहर में चल रही पेयजल समस्याओं को लेकर उषा शर्मा ने कहा कि 2 महीने पहले तक पेयजल व्यवस्था बेहतर थी, लेकिन अभी फिर से समस्या उत्पन्न हो रही है। जिन कारणों का पता लगाने के लिए टैंकों और पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा, जो भी कमी आएगी, उसे तुरंत ठीक करने का प्रयास होगा। इसी तरह शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने का जो सपना उन्होंने देखा है, उसे भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के विकास कार्यों के टेंडर जल्द होंगे, ताकि रुके हुए कार्यों को गति मिल सके।

# विकासात्मक कार्यों को समय रहते पूरा करे विभाग : उद्योग मंत्री


नाहन में अधिकारियों के साथ बैठक करते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर के नाहन स्थित बचत भवन में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं उद्योग तथा संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने की।

बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, सांसद सुरेश कश्यप, पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुखराम चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगू राम मुसाफिर, दयाल प्यारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में अवगत करवाया कि मनरेगा के तहत अब तक 100760 जॉब कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं, 1074.35 लाख रुपए के वेतन मनरेगा के तहत दिया जा चुका है और 4199.03 लाख रुपए वित्त वर्ष 2024 -25 में देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्त वर्ष में 1990 आवास निर्मित किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में मल निकासी के 729 व्यक्तिगत घरेलू शौचालय स्वीकृत किए गए हैं। सिरमौर में अब तक कुल 1717 संस्थागत प्रसव हुए हैं, जिसमें सरकारी अस्पताल में 1631, निजी अस्पताल में 86 संस्थागत प्रसव हुए हैं। जिले में 1462 आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं।

बैठक में जानकारी दी कि सिरमौर में वित्त वर्ष 2023-24 में विकासात्मक योजनाओं के लिए 4519.25 लाख रुपए की लागत के 1750 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के लिए 920.76 लाख रुपए की लागत के 355 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। हर्षवर्धन चौहान ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सिरमौर में विभिन्न विकासात्मक कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि सिरमौर की जनता प्रदेश सरकार के विकासात्मक कार्यों का लाभ उठा सके।

# बद्दी पुलिस ने चिट्टे पर कसा शिकंजा दो युवक 3.59 ग्राम चिट्टे सहित पकड़े

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल के जिला सोलन के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में पढ़ा लिखा युवा नशा तस्कर बन नशा सप्लाई कर रहा है।

बद्दी पुलिस ऐसे नशा तस्करों की पहचान कर उन पर लगातार कार्रवाई कर चिट्टे को जड़ से खत्म करने के प्रयास से काम कर रही है, ताकि युवाओं को नशे की चपेट में आने से रोका जा सके। बद्दी पुलिस ने 24 घंटें में दो अलग-अलग मामलों में दो प्रोफेशनल चिट्टा सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। थाना नालागढ़ के तहत एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नालागढ़ पुलिस ने रूटीन गश्त के दौरान रख घनसोत में एक



युवक को शक के आधार पर रोका, जिसकी तलाशी लेने पर 1.44 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान रोहित शर्मा पुत्र मदन लाल निवासी पलासड़ा नालागढ़ से हुई, जो कि बारहवीं पास है। वहीं, दूसरे मामले में पलासड़ा के समीप पुलिस टीम ने एक युवक को रोका, जिसके पास से 2.15 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान बलविंद्र कुमार पुत्र जीत राम निवासी पलासड़ा नालागढ़ से हुई, जो कि ग्रेजुएट है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### जड़ से खत्म होगा चिट्टा : इल्मा अफरोज

**जिला** बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज का कहना है कि बीबीएन से चिट्टे को जड़ से खत्म करने के प्रयास से काम किया जा रहा है और सप्लायरों को गिरफ्तार किया जा रहा है। दो चिट्टा तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसपी इल्मा अफरोज ने जनता से अपील करते हुए कहा कि नशे को खत्म करने के लिए जनता के भरपूर सहयोग की जरूरत है और सूचना देने वालों की पहचान को गुप्त रखा जाएगा।

## पुलिस ने 6.10 ग्राम चिट्टा सहित दो युवक किए गिरफ्तार

# पंचकूला के चिट्टा तस्कर को भी दबोचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम थाना धर्मपुर के क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त स्पेशल टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक आल्टो कार जो परवाणू से शिमला की तरफ आ रही है, जिसमें मयुर व रोहित नाम के दो लड़के सवार हैं, जो दोनों चिट्टा/हेरोइन सप्लाई करने के लिए ले जा रहे हैं।

सूचना पर स्पेशल टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत नाकाबंदी कर उक्त अल्टो कार को रोक कर चेक किया और उक्त कार में बैठे दो युवकों को 6.10 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में दोनों युवकों के खिलाफ अधीन धारा 21, 29 एनडीपीएस एक्ट



के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। जांच के दौरान वारदात में संलिप्त आल्टो कार को जब्त किया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी रोहित पहले भी आपराधिक वारदातों में शामिल रहा है, जिसके खिलाफ पुलिस थाना ठियोग में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत नशा तस्करी का एक मामला पंजीकृत है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर छह दिन का पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया गया था, जिनसे गहनता से पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान आरोपियों से पता चला कि उन्होंने उक्त चिट्टा/हेरोइन को सै. 20 पंचकूला से सन्नी नामक व्यक्ति से 16000 रुपए में खरीदा, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सेक्टर-20 पंचकूला हरियाणा में दबिश देकर आरोपी युवक सन्नी पुत्र रमेश निवासी जसरा मंगल कॉलोनी करनाल जिला करनाल हरियाणा उम्र 40 वर्ष को पकड़ लिया, जिसकी तलाशी लेने पर उससे लगभग 7 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया, जिसे आगामी कार्रवाई के लिए सेक्टर-17 पंचकूला हरियाणा के हवाले किया गया। मामले में जांच जारी है।

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**बीबीएन।** नालागढ़ के सैणीमाजरा स्थित सड़क दुर्घटना में लुधियाना के व्यक्ति की दर्दनाक मौत हुई है। मृतक की पहचान मनप्रीत सिंह पुत्र नायब सिंह तहसील समराला लुधियाना पंजाब से हुई। जानकारी के अनुसार देर रात सैणीमाजरा के समीप एक तेज रफ्तार वाहन मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद फरार हो गया, जिसकी सूचना पुलिस को मिली कि एक व्यक्ति मृत अवस्था में सड़क पर पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई, तो पाया कि व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसके बाद शव को पुलिस ने कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले किया गया। एएसपी अशोक वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में व्यक्ति की मौत हुई और जल्द ही फरार वाहन की पहचान की जाएगी।

## शिलाई के टिंबी स्कूल का उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने किया औचक निरीक्षण

# तीन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर के शिलाई उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिंबी के तीन शिक्षकों को शिक्षा विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

नोटिस का जवाब मिलने के बाद ही शिक्षा विभाग आगामी कार्रवाई अमल में लाएगा। ये तीनों शिक्षक उस वक्त नदारद पाए गए, जब उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया। बीते दिन शिलाई प्रवास के दौरान उद्योग मंत्री टिंबी स्कूल पहुंचे, जहां तीन शिक्षक नदारद पाए गए। उद्योग मंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूल से नदारद पाए गए इन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। बताया जा रहा है कि सिरमौर के स्कूलों से अध्यापकों के नदारद रहने की शिकायतें विभाग को मिल रही थी। मंगलवार को ग्रामीणों के आग्रह पर हर्षवर्धन चौहान ने टिंबी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके से कार्यवाहक प्रधानाचार्य (प्रवक्ता अर्थशास्त्र), राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता और टीजीटी मेडिकल स्कूल से नदारद पाए गए। लिहाजा, उच्च शिक्षा विभाग सिरमौर ने स्कूल से नदारद पाए गए तीनों शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

### दो दिन के भीतर देना होगा जवाब

शिक्षकों को दो दिन के भीतर नोटिस का जवाब देना होगा। इसकी जानकारी विभाग ने उच्च अधिकारियों को भी दे दी है। दो दिन बाद शिक्षकों के जवाब से यदि उच्च शिक्षा विभाग सहमत नहीं होता है, तो उनके खिलाफ आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उधर, उच्च शिक्षा विभाग सिरमौर के उपनिदेशक अजीत चौहान ने बताया कि उद्योग मंत्री के औचक निरीक्षण के दौरान टिंबी स्कूल से नदारद रहने वाले तीन अध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही उच्च अधिकारियों को भी इस संदर्भ में जानकारी दे दी है।

# नाहन कॉलेज के पूर्व छात्रों ने किया पौधरोपण


नाहन कॉलेज पूर्व छात्रसंघ महिमा जिला पुस्तकालय के परिसर में पौधरोपण के दौरान।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पूर्व छात्र संघ डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय महाविद्यालय नाहन ने महिमा जिला पुस्तकालय नाहन परिसर में पौधरोपण किया।

इस अवसर पर प्राचार्य एवं मुख्य संरक्षक पूर्व छात्र संघ, डॉ. प्रेम राज भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूर्व छात्र संघ आचार्य अमर सिंह चौहान ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम समाज को लाभान्वित करने वाला है। पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन सुनील गौर सहसचिव पूर्व छात्र संघ की देखरेख में किया गया।

### शास्त्री के 16 पद भरे जाएंगे

**नाहन।** सिरमौर में प्रारंभिक शिक्षा विभाग में भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए शास्त्री के 16 पद बैच वाइज आधार पर भरे जाएंगे। भर्ती के लिए उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय, नाहन में 29 और 30 अगस्त को काउंसलिंग होगी। राजीव ठाकुर ने बताया कि सिरमौर में 11 पद अनारक्षित हैं, जबकि तीन पद अनुसूचित जाति, एक पद अनुसूचित जनजाति तथा एक पद ओबीसी के लिए आरक्षित है। यह भर्ती अपडेट बैच के आधार पर होगी। राजीव ने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों से संबंधित पात्र अभ्यर्थी भी निर्धारित काउंसलिंग में 29 से 30 तक भाग ले सकते हैं।

# कामगार कल्याण बोर्ड में योजनाओं का लाभ उठाने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

विकास खंड कुनिहार की सूरजपुर पंचायत में भवन व सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला कल्याण अधिकारी ललित शर्मा ने की।

विभाग की तरफ से मोटिवेटर मोहन चौहान द्वारा मनरेगा व अन्य कार्यों में कार्यरत मजदूरों को कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व योजनाओं का लाभ उठाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। इस



अवसर पर विभाग से जेओए हरिचंद ठाकुर, पंचायत उपप्रधान कामेश्वर ठाकुर, वार्ड सदस्य विमला, पंचायत सचिव रमेश कुमार व पंचायत के मनरेगा मजदूर सहित लगभग 30 लोग शामिल रहे।

# गांवों को सड़कों से जोड़ना सरकार की पहली प्राथमिकता : नेगी

## पूह में एक करोड़ 52 लाख रुपए से बनने वाली यंगति कंडा संपर्क सड़क का किया शिलान्यास

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर के पूह में एक करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 8 किलोमीटर यंगति कंडा संपर्क सड़क का शिलान्यास किया।

पंचायत डुबलिंग में लगभग 1 करोड़ 19 लाख रुपए से बनने वाले काली सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया व 64 लाख 25 हजार रुपए खर्च कर मालिंग गांव के लिए पक्की संपर्क सड़क का



जगत सिंह नेगी ने किन्नौर के पूह में उद्घाटन करते हुए (दाएं) नेगी को सम्मानित करते हुए।

लोकार्पण किया तथा 88 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन बौद्ध डुक पदकर छोइलिंग नाको का उद्घाटन किया। इसके उपरांत राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने हडरड स्मरणोत्स दिवस समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा हंगरंग रिंचेन बौद्ध सांस्कृतिक धरोहर संस्था के अध्यक्ष परम श्रद्धेय लोचन टुल्कु रिंपोछे ने मंत्री का स्वागत किया और बौद्ध संस्था की गतिविधियों से अवगत करवाया। राजस्व मंत्री ने कहा कि जिले के हर गांव व कंडों को संपर्क सड़क से जोड़ना सरकार की पहली प्राथमिकता रही है, ताकि बागवानों एवं किसानों को अपने सेब, मटर व अन्य फसलों को आसानी से मंडियों तक पहुंचाकर अपनी आर्थिकी सुदृढ कर सकें।

**कार्यशाला** आपदा के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों, भवनों के बारे में जागरूक करने के मकसद से दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# भूस्खलन, बाढ़, आगजनी विषयों पर होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

आपदा के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों, भवनों के बारे में जागरूक करने के मकसद से नाहन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह-अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा ने की। एलआर वर्मा ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला (22 व 23) का मुख्य उद्देश्य सिरमौर में आपदा से होने वाले नुकसान को न्यून से न्यून करने


नाहन में प्रशिक्षण कार्यशाला में आपदा जागरूकता को लेकर चिंतन करते अधिकारी।

के प्रति लोगों को जागरूक करना है। साथ ही में ऐसे असुरक्षित भवनों को भी चिन्हित करना है, जो भूकंप एवं भू-स्खलन के कारण अत्यधिक संवेदनशील और कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआरआई रुड़की की तकनीकी व वैज्ञानिक टीम के सहयोग से उपमंडल नाहन, पांवटा साहिब, शिलाई, पच्छाद और राजगढ़ की पूर्व निर्धारित पंचायतों व अन्य चिन्हित क्षेत्रों के लगभग 2000 घरों/भवनों का भूकंप और भू-स्खलन से बचाव के लिए आगामी दिनों में मूल्यांकन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में आपदा के विभिन्न पहलुओं जैसे भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, आगजनी, बादल फटना आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हिमुडा, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग और खंड विकास अधिकारी कार्यालयों के लगभग 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में स्रोत व्यक्तियों के रूप में सीबीआरआई रुड़की के प्रधान वैज्ञानिक व निरीक्षक एमएम दालबेहेरा, वैज्ञानिक आशीष कपूर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेंगे।

# यातायात नियमों की अवहेलना कर रहे पंजाब से पराली लेकर आ रहे ट्रैक्टर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी-नालागढ़ नेशनल हाईवे पर बागवानियां स्थित साबुन उद्योग में पंजाब से पराली की ओवरलोड ट्रैक्टरों की सप्लाई जारी है।

पराली से भरे हुए भारी भरकम ट्रैक्टरों के आने से ढेरोवाल से नालागढ़ तक व नालागढ़-बद्दी एनएच पर जाम की स्थिति बनी हुई है। यह ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट और एग्रीकल्चर वाहन हैं, जिनका कमर्शियल इस्तेमाल किया जा रहा है। इन ट्रैक्टरों पर पहले भी आरटीओ विभाग कार्रवाई कर चुका है उसके बाद कुछ समय के लिए यह ट्रैक्टर आने बंद हो गए, लेकिन अब



फिर से इनकी आवाजाही शुरू होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरटीओ विभाग अब कंपनी प्रबंधन को नोटिस जारी करने की तैयारी में है, जिसमें यह ट्रैक्टर पराली लेकर आते हैं। बीडीसी सदस्य सुरेंद्र सैनी ने बताया कि यह ट्रैक्टर 35 फुट लंबे, साढ़े 11 फुट चौड़े हैं। नालागढ़- पिंजौर फोरलेन का कार्य प्रगति पर होने से पहले ही मार्ग पर जाम की स्थिति रहती है ऊपर से इन ट्रैक्टरों ने वाहन चालकों को परेशान कर रखा हुआ है। जल्द इन पर कारवाई नहीं की गई, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने मांग की है कि जिस कंपनी में यह ट्रैक्टर लोड होकर आते हैं, उसके उपर भी कारवाई की जाए, ताकि इनके उपर लगाम लगाई जा सके। आरटीओ नालागढ़ मदन शर्मा ने बताया कि निजी कंपनी में पंजाब से जो ट्रैक्टर पराली सप्लाई करते हैं, पहले भी इन पर कारवाई की गई थी, अब फिर से लोगों की शिकायत मिली है जल्द ही कंपनी प्रबंधन को नोटिस जारी किया जाएगा और इन ओवरलोडिड टैक्टरों के चालान काटे जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### दुष्यंत चौटाला ने नायब सैनी पर कसा तंज



**अनंत ज्ञान, हरियाणा।** आप चुनाव लड़कर देखिए करनाल से हरियाणा में भाजपा और जजपा मिलकर सरकार चला चुकी है। लोकसभा चुनाव से पहले दोनों का गठबंधन टूट गया था। सीएम नायब सैनी ने कहा था कि राज्यसभा चुनाव के लिए हुड्डा और दुष्यंत आपस में लड़ रहे हैं। दोनों ही अपने पेट के लिए लड़ रहे हैं। विधानसभा चुनाव के बाद दोनों पल्ली पर बैठे दिखाई देंगे। दुष्यंत ने लिखा, मैं सीखता जा रहा हूं, लोगों ने ट्रोल किया, जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने कुछ दिन पहले एक्स पर पोस्ट में लिखा कि मैं सीखता जा रहा हूं, बुजुर्गों से, गलतियों से और मुश्किलों से। इस पोस्ट के साथ दुष्यंत ने दो फोटो भी शेयर किए। इस पोस्ट पर तमाम लोगों ने तीखी प्रक्रिया दी है। कृष्ण कुमार नाम के यूजर से लिखा कि तेरी ट्रेनिंग के चक्कर में हरियाणा का भट्ठा न बठवाना, जब सीख ले तब बताना। अमन वशिष्ठ नाम के यूजर ने लिखा कि भाई पांच साल लोकसभा सांसद, साढ़े चार साल हरियाणा प्रदेश में उपमुख्यमंत्री के पद पर रहने के बाद भी अगर नहीं सीख पाए तो भाई इब मेरे विचार से तो मुश्किल है।राहुल पंवर नाम के यूजर ने लिखा कि भाई जब पूरी तरह सीख जाओ तब बता देना, एक बार हरियाणा को बर्बाद कर चुके, इब तेरी बारी कोणी।

### भाजपा पहली सितंबर से शुरू करेगी सदस्यता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अपनी इकाई को मजबूत करने के लिए, शहर भाजपा पहली सितंबर से अपना सदस्यता अभियान शुरू करेगी, जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदस्यता अभियान शुरू करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में अपनी स्थिति कायम करना है। इस संबंध में शहर भाजपा की तैयारी बैठक सेक्टर 33 स्थित उसके कार्यालय कमलम में आयोजित की गई। बैठक के दौरान भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका गुर्जर, चंडीगढ़ भाजपा के महासचिव (संगठन) मंथरी श्रीनिवासुलु, अध्यक्ष जतिंद्रपाल मल्होत्रा, पूर्व अध्यक्ष संजय टंडन और अन्य उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने पार्टी नेताओं की एक सभा को संबोधित किया और उन्हें इस संबंध में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और पार्टी की मौजूदा स्थिति और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

### आप सांसद संदीप की याचिका पर आदेश सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संदीप कुमार पाठक की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्हें तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से प्रत्यक्ष रूप से मिलने की अनुमति प्रदान करने का जेल अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने पाठक और तिहाड़ अधिकारियों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। जेल अधिकारियों ने पाठक को अप्रैल में दो बार केजरीवाल से मिलने की अनुमति दी थी, लेकिन इस बार उन्हें अनुमति देने से इनकार कर दिया।

### जजपा हरियाणा में सभी 90 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

**अनंत ज्ञान, जींद (हरियाणा)।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) नेता एवं हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने वीरवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य विधानसभा की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और उसका अभी आम आदमी पार्टी (आप) के साथ कोई गठबंधन नहीं है। चौटाला ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा 'जेल जाने से डर रहे हैं' इसीलिए उनकी पार्टी ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा।

### ज्ञानवापी वुजूखाना के सर्वे मामले की सुनवाई 9 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर स्थित वुजूखाने का आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से सर्वे कराने की मांग में दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अब नौ सितंबर को सुनवाई होगी। कोर्ट ने अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद के जवाबी हलफनामे के प्रत्युत्तर के लिए याची को दो सप्ताह का समय दिया है। इस मामले में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया। याची राखी सिंह की ओर से इसके जवाब के लिए समय मांगा गया, जिस पर कोर्ट ने याची को समय देते हुए अगली सुनवाई के लिए नौ सितंबर की तारीख लगा दी।

### बिहार में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**आरा (बिहार)।** बिहार के भोजपुर जिले में आरा-बक्सर फोर-लेन सड़क पर एक जीप के डिवाइडर से टकराने से पांच लोगों की मौत हो गई। भोजपुर की जिला पुलिस से के मुताबिक, मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। यह घटना वीरवार को तड़के आरा-बक्सर फोर-लेन पर गजराजगंज पुलिस चौकी के पास हुई।

### ओला-उबर के विरोध में ऑटो-टैक्सी की हड़ताल

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में ऑटो-टैक्सी चालकों ने वीरवार से दो दिन की हड़ताल शुरू कर दी है। ऑटो-टैक्सी चालक एसोसिएशन का कहना है ओला-उबर के कारण उनकी कमाई पर असर पड़ रहा है। ऑटो-टैक्सी की हड़ताल पर टैक्सी चालकों की प्रतिक्रिया सामने आई है। टैक्सी चालक सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार के लिए हड़ताल की अपील की गई है। ओला-उबर में जो गाड़ी चलती है, उसके चलते हमारी गाड़ी नहीं चल पा रही है। हमें यूनियन की तरफ से आदेश आया है। उनका कहना है कि पहले सीएनजी 40 प्रति लीटर थी, लेकिन आज 70 से ऊपर है। किराया हमारा बढ़ाया नहीं है और 9 रुपए प्रति किलोमीटर का रेट हमें ओला-उबर से मिल रहा है, जबकि 15 रुपए प्रति किलोमीटर का रेट होना चाहिए।

### टेक्सास में 90 फुट हनुमान की मूर्ति बनी पहचान



**ह्यूस्टन।** ह्यूस्टन के निकट भगवान हनुमान की 90 फुट ऊंची कांस्य मूर्ति का अनावरण किया गया है, जो अमेरिका के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिदृश्य में एक नया अध्याय है। यह मूर्ति टेक्सास में नवीनतम पहचान बन गई है जो बहुत दूर से दिखाई देती और यह अमेरिका में तीसरी सबसे ऊंची मूर्ति है। इस मूर्ति का नाम 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' रखा गया है और यह विश्व की सबसे ऊंची मूर्तियों में से एक है। इसकी कई अन्य विशिष्टताएं भी हैं। यह भारत के बाहर हनुमान की सबसे ऊंची मूर्ति है, टेक्सास में सबसे ऊंची मूर्ति है, अमेरिका में तीसरी सबसे ऊंची मूर्ति है और इससे ऊंची मूर्तियां केवल न्यूयॉर्क में स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी (151 फुट) और फ्लोरिडा के हैलैंडेल बीच में पेगासस एंड ड्रैगन (110 फुट) ही हैं।

# ईडी कार्यालय के बाहर दिया धरना

## केंद्र सरकार के खिलाफ लगाए नारे, जेपीसी नियुक्त कर की निष्पक्ष जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने अध्यक्ष एचएस लकी के नेतृत्व में आज चंडीगढ़ सेक्टर-18 स्थित ईडी कार्यालय के बाहर धरना दिया। यह धरना हाल ही में आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट, देश में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा मोदी सरकार द्वारा इस महा घोटाले की जांच के लिए, संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने से इंकार करने के विरोध में आयोजित किया गया।

हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लिए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए तथा जेपीसी नियुक्त कर निष्पक्ष जांच की मांग की। चंडीगढ़ पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी वहां मौजूद थी तथा उसने प्रदर्शनकारियों को ईडी कार्यालय की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा रखे थे।



ईडी कार्यालय के बाहर धरना देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए एचएस लकी ने कहा कि मोदी सरकार भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पूरी तरह असंवेदनशील हो गई है। यह वही प्रधानमंत्री हैं जो कहते थे कि न खाऊंगा न खाने दूंगा, लेकिन हाल की घटनाओं से पता चलता है कि यह इसके विपरीत हो रहा है।

उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिसका प्रमाण हाल ही में हुई घटनाओं से मिलता है, जहां नए बने पुल गिर रहे हैं, कई रेल दुर्घटनाएं हो रही हैं। निट पेपर लीक की हालिया घटना ने सरकार की प्रतिष्ठा को और नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय और अन्य केंद्रीय एजेंसियां जो छोटे-छोटे मुद्दों पर बहुत तेजी से कार्रवाई करती हैं, खासकर विपक्ष से जुड़े मुद्दों पर, कहीं नजर नहीं आतीं। उन्होंने मांग की कि सरकार को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा इसकी पहले से ही खराब हो रही छवि और भी खराब हो जाएगी।

इस अवसर पर पार्टी के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, संयुक्त सचिव, जिला अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित फ्रंटल संगठनों के प्रमुख, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुखों के अलावा नगर पार्षदों सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

# भराड़ीसैंण में मां भराड़ी देवी का बनेगा भव्य मंदिर



**अनंत ज्ञान, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वीरवार को गैरसैंण (भराड़ीसैंण) स्थित मुख्यमंत्री आवास में जनपद चमोली के विभिन्न पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ पत्रकारों के शिष्टमंडल ने शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों की मांग पर गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में पत्रकारों के लिए रेस्ट हाउस बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने महानिदेशक सूचना को निर्देशित किया कि इस संबंध में तत्काल कार्य योजना तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने सचिव संस्कृति एवं धर्मस्व हरिचंद्र सेमवाल को निर्देश दिए कि गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में मां भराड़ी देवी का भव्य मंदिर बनाया जाए एवं इसके लिए स्थानीय जनता एवं हितधारक तीर्थ पुरोहितों के सुझाव लिए जाएं।

इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, चमोली जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष देवेंद्र रावत, वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट, रजपाल बिष्ट, दिनेश थपलियाल जगदीश पोखरियाल उपस्थित रहे।

# वक्फ संशोधन विधेयक की पहली बैठक में कई प्रावधानों पर उठाए सवाल




**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली**

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति ने प्रस्तावित कानून के कई प्रावधानों पर विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों के बीच वीरवार को पहली मैराथन बैठक की। बैठक के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की ओर से एक प्रस्तुति दी गई।

बैठक के दौरान कई बार तीखी बहस हुई, लेकिन विभिन्न दलों के सदस्यों ने कई घंटे तक बैठकर विधेयक के प्रावधानों पर अपने विचार दर्ज कराए, सुझाव दिए और स्पष्टीकरण मांगा। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा के साथ कुछ अन्य विपक्षी सदस्यों ने जिलाधिकारी को और अधिकार देने और वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को रखने सहित कई प्रावधानों की आवश्यकता पर सवाल उठाए। कुछ सदस्यों ने कहा कि मंत्रालय बैठक में उठाए गए सवालों का जवाब देने के लिए 'पर्याप्त' रूप से तैयार नहीं दिखा। समिति के एक सदस्य ने बताया कि इसकी अगली बैठक 30 अगस्त को होगी। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि समिति विभिन्न मुस्लिम निकायों सहित सभी हितधारकों से बात करेगी।

# सीएम धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीरवार को जनपद टिहरी क्षेत्रांतर्गत घुत्तू-पंजा-देवलिंग टिहरी पहुंचकर आपदा प्रभावित क्षेत्र में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मलेथी में आपदा प्रभावित परिवार श्रीमती दुर्गा देवी पत्नी विशाल मणि से मुलाकात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि घुत्तू में अतिवृष्टि/बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। कई मकान और मवेशी आपदा की जद में आए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को आपदा प्रभावितों को तत्काल सहायता देने, आपदा संभावित क्षेत्रों में आपदा क्षति का आंकलन करने तथा आपदा से क्षतिग्रस्त पुनर्निर्माण के कार्यों को तत्काल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्निर्माण कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी, आपदा से हुए नुकसान की भरपाई जल्द से जल्द करने के प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों की शिकायत पर घुत्तू हाइड्रो पॉवर से मकानों को हो रहे नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को पुन: परीक्षण करवाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि 21 अगस्त की रात्रि को हुई अतिवृष्टि से तहसील घनसाली क्षेत्रांतर्गत घुत्तू क्षेत्र में 29 भवनों को क्षति पहुंची है, जिसमें 6 भवन पूर्ण क्षतिग्रस्त तथा 23 भवन आंशिक क्षतिग्रस्त हुए हैं। अभी तक लगभग 9 क्षतिग्रस्त मकानों का 10 लाख से अधिक की धनराशि नियमानुसार अहेतुक एवं मकान क्षति के रूप में दी जा चुकी है। आंशिक क्षति भवनों के लगभग 20 परिवारों के लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत आपदा राहत शिविरों में रखा गया है, जिनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि स्थिति सामान्य होने पर यदि कुछ गांवों के विस्थापन की जरूरत होगी, तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी या जो किराए के घरों में जाना चाहेगा नियमानुसार किराया दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदा से 17 पशु हानि हुई है, जिसमें नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। लगभग 24 पेयजल लाइनों को क्षति पहुंची है। इसके साथ ही विद्युत लाइनों, सड़क, पुलिया आदि अन्य परिसंपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा है। अभी तक 450 परिवारों की कृषि क्षति का आंकलन कर लिया गया है। 3-4 गांव का सड़क मार्ग से संपर्क कट चुका है, जिनके सुचारू करने की कार्रवाई गतिमान है

## सीएम मान ने शुरू कीं निवेश परियोजनाएं

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, आरपीजी, सिफी टेक्नोलॉजीज और जेएसडब्ल्यू समूह जैसी प्रमुख कंपनियों के साथ राज्य में निवेश की इच्छा व्यक्त करते हुए राज्य के लिए प्रमुख निवेश परियोजनाओं की पुष्टि की। इन उद्योगों के कप्तानों के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पंजाब को अवसरों की भूमि के रूप में प्रदर्शित किया और कंपनियों को राज्य में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि देश के औद्योगिक केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहे राज्य में निवेश करने से उद्यमियों को काफी फायदा होगा। मान ने कहा कि पंजाब में पूर्ण सांप्रदायिक सद्भाव, शांति और सौहार्द है, जो राज्य में समग्र विकास और समृद्धि के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अच्छी तरह से जानते हुए कि बिजली विकास का इंजन है, पंजाब सरकार हर क्षेत्र को निर्बाध बिजली प्रदान कर रही है, चाहे वह आवासीय, वाणिज्यिक या कृषि हो। उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधियों से उत्कृष्टता के साथ इस अनुकूल माहौल का अधिकतम उपयोग करने का आग्रह किया।

## देश-विदेश

# इसराइल ने गाजा में किया टैंक और ड्रोन से हमला, 17 की मौत

**एजेंसी, गाजा**

**गाजा** में इसराइली टैंक और ड्रोन हमलों में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। ये हमले मध्य गाजा के दीर अल-बलाह और दक्षिण में खान यूनिस में हुए। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि अल-बलाह और खान यूनिस में इसराइली हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई।

इस बीच, लेबनान के हिजबुल्ला ने बुधवार को 50 से ज्यादा रॉकेट दागे, जिनसे इसराइली कब्जे वाले 'गोलान हाइट्स' में कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। हिजबुल्ला ने कहा कि ये हमले मंगलवार रात को लेबनान में इसराइल के हमले के जवाब में किए गए। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब एक ही दिन पहले अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा के दौरान



गाजा में युद्ध विराम समझौता करने के राजनयिक मिशन के तहत मिस्र और कतर में अपने साथी मध्यस्थों से मुलाकात की थी। ईरान और लेबनान में हमास और हिजबुल्ला के दो शीर्ष कमांडर की हाल में निशाना बनाकर हत्या किए जाने से समझौते की आवश्यकता और बढ़ गई है। दोनों कमांडर की हत्या के पीछे इजराइल का हाथ बताया जा रहा है। दूसरी ओर, ईरान और हिजबुल्ला ने दोनों कमांडर की मौत का बदला लेने का संकल्प लिया है।

## बुलंदशहर में दो भाइयों ने की बहन की हत्या

**उत्तर प्रदेश।** यूपी के बुलंदशहर में वीरवार तड़के दो भाइयों ने अपनी सगी बहन की हत्या कर दी। पुलिस हत्या के बाद शव बोरे में भरकर बाइक पर रख कर काली नदी में फेंकने जा रहे दो आरोपित भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। सुबह चार बजे दो युवक बाइक छतारी के गांव बिकूपुर रामनगर निवासी 22 वर्षीय सरिता पुत्री जय प्रकाश सिंह के शव को बोरे में भरकर काली नदी में फेंकने जा रहे थे। बरकातपुर काली नदी पुल के निकट पुलिस ने बाइक सवार दोनों आरोपियों रोक लिया। तलाशी लेने पर बोरी में युवती का शव बरामद हुआ।

# राष्ट्रपति ने वैज्ञानिकों को किया सम्मानित प्रो. गोविंद राजन को विज्ञान रत्न पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने वीरवार को राष्ट्रपति भवन में वैज्ञानिकों को वर्ष 2024 के राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों से सम्मानित किया। प्रोफेसर गोविंद राजन पद्मनाभन को वर्ष 2024 के विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कृषि विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री सम्मान डॉ. आनंद रामकृष्णन को प्रदान किया गया। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में यह सम्मान भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई के डॉ. आवेश कुमार त्यागी को दिया गया। जीव विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान श्री सम्मान



भारतीय विज्ञान शिक्षा अनुसंधान संस्थान पुणे के प्रोफेसर जयंत भालचंद्र उडगांवकर को दिया गया।

## डिजिटल समन और वारंट नियमों को औपचारिक रूप देने वाला पहला राज्य बना मध्य प्रदेश

**मध्य प्रदेश।** मध्य प्रदेश डिजिटल समन और वारंट नियमों को औपचारिक रूप देने वाला देश का पहला राज्य है। मध्य प्रदेश ने नए कानूनों के अंतर्गत डिजिटल तरीके से समन और वारंट जारी करने की अनुमति दे दी है। इस कदम से न्यायिक प्रक्रियाओं में ई-मेल, व्हाट्सऐप जैसे मैसेजिंग ऐप और टेक्स्ट मैसेज जैसे इलेक्ट्रॉनिक तरीकों के इस्तेमाल की अनुमति मिल गई है।

# आंध्र प्रदेश की फार्मा कंपनी में विस्फोट अब 17 कर्मचारियों की मौत, 33 घायल

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

**आंध्र** प्रदेश के अनकापल्ली में बुधवार को फार्मास्युटिकल कंपनी एसेंटिया में हुए विस्फोट में अब तक 17 लोगों की जान चली गई है, जबकि 33 घायल हैं।

अनकापल्ली की जिलाधिकारी विजया कृष्णन ने बताया कि दुर्घटना दोपहर करीब सवा दो बजे एसेंटिया एडवांस्ड साइंसेस प्राइवेट लिमिटेड के संयंत्र में हुई। फैक्टरी में दो पालियों में 381 कर्मचारी काम करते हैं। विस्फोट दोपहर को भोजनावकाश के समय हुआ। इसलिए कर्मचारियों की उपस्थिति कम थी। वहीं, विशाखापट्टनम के जिला कलेक्टर हरेनधीरा प्रसाद ने कहा कि विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की एक टीम घटनास्थल का दौरा करेगी और दुर्घटना के कारणों का पता लगाएगी।

### मारे गए लोगों के हर परिवार को मिलेगा एक करोड़ मुआवजा

## पाकिस्तान में स्कूल वैन पर गोलीबारी, दो बच्चों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वीरवार को बंदूकधारियों ने एक स्कूल वैन पर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर अटक जिले के ढेरी कोट इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार, स्कूल वैन बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही थी, इस दौरान अज्ञात बंदूकधारियों ने उस पर गोलीबारी की। पुलिस ने बताया कि हमले में पांच से 10 वर्ष की आयु के सात बच्चे घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां दो बच्चों की मौत हो गई।

# सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा निफ्टी 24,800 के पार

**एजेंसी, मुंबई**

**वैश्विक** बाजारों में मजबूत रुख के बीच जिंस, दूरसंचार और उपभोक्ता शेयरों में खरीदारी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में वीरवार को बढ़त जारी रही और सेंसेक्स 81,000 के स्तर पर, जबकि निफ्टी 24,800 से ऊपर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 147.89 अंक यानी 0.18 प्रतिशत बढ़कर 81,053.19 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 331.15 अंक चढ़कर 81,236.45 पर पहुंच गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी लगातार छठे सत्र में बढ़त दर्ज करते



हुए 41.30 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 24,811.50 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल भारती एयरटेल 1.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे ज्यादा लाभ में रही। इसके बाद टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट्स का स्थान रहा। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, टीसीएस और पावरग्रिड सबसे अधिक नुकसान में रहे।

## शेख हसीना समेत पूर्व सांसदों का राजनयिक पासपोर्ट रद्द

**बांग्लादेश।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने महत्वपूर्ण लेते हुए पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत सभी पूर्व सांसदों को जारी राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। यह फैसला बांग्लादेश के गृह विभाग ने लिया है। राजनयिक पासपोर्ट शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान सभी सांसदों को जारी किए गए थे। इनको रद्द करने का फैसला अंतरिम सरकार के एक बड़े प्रयास को रेखांकित करता है, जिसमें देश की कूटनीतिक और राजनीतिक ढांचे को पुन: परिभाषित करना शामिल है। जानकारी के मुताबिक, राजनयिक पासपोर्ट धारकों को कुछ देशों में वीजा-मुक्त यात्रा सहित विभिन्न विशेषाधिकार प्रदान होते हैं।

**नेशनल स्पेस डे** युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि जागृत करना है उद्देश्य

# ...जब चंद्रयान-3 ने भारत की क्षमता दिखाकर रचा इतिहास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चंद्रयान-3** मिशन की सफलता को याद करते हुए भारत 23 अगस्त, 2024 को अपना पहला नेशनल स्पेस डे मनाने के लिए तैयार है। इस मौके पर देशभर में कई कार्यक्रम और प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी। इसका उद्देश्य युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि जागृत करना है।

केंद्र सरकार ने पिछले साल अंतरिक्ष और वैमानिकी के क्षेत्र में हासिल की अविश्वसनीय और महत्वपूर्ण उपलब्धि का सम्मान करने के लिए इस दिवस की घोषणा की थी।



### विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर

**चंद्रयान-3** मिशन को श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था। जो प्रज्ञान रोवर के साथ विक्रम लैंडर चंद्र सतह पर उतरा, इसने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

### चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडिंग

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था। इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग करना था। 23 अगस्त 2023 को इसरो ने चंद्रमा पर विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग के साथ एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की थी। इस मिशन ने भारत को चांद पर उतरने वाला चौथा देश और दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बना दिया। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता ने न केवल अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं का प्रदर्शन किया, बल्कि अंतरिक्ष अन्वेषण में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को भी उजागर किया।

### शिव शक्ति प्वाइंट पर की थी 'विक्रम' ने लैंडिंग

**चंद्रयान-3** मिशन के तहत भारत ने मिशन के साथ भेजे गए 'विक्रम' लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जिस स्थान पर लैंड कराया था उसे शिव शक्ति प्वाइंट का नाम दिया गया था। विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग के बाद प्रज्ञान रोवर चांद की सतह पर भ्रमण किया था।

## नेपाल सीमा पर 23 लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में नेपाल सीमा से सटे रूपईडीहा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 23 लाख रुपए मूल्य की हेरोइन बरामद की। एसएसबी की 42वीं वाहिनी के उप सेनानायक दिलीप कुमार ने वीरवार को बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार रात रुपईडीहा थाना क्षेत्र में रूपईडीहा-बाबागंज मार्ग के पास गंगापुर गांव में व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोका। तलाशी ली तो उसके पास से पॉलीथिन में लिपटी 34 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

